e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 14
रविवार
14.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जिसने अपने को वश में कर लिया है, उसकी जीत को देवता भी हार में नहीं बदल सकते हैं।




## क्विक न्यूज

### ईडी ने सीएम हेमंत को भेजा आठवां समन

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के सात समन के बावजूद एजेंसी के दफ्तर अपना बयान दर्ज करवाने के लिए नहीं पहुंचे. अब सूचना ये मिल रही है कि ईडी ने सीएम हेमंत को इस बार पत्र भेजा है और पत्र के माध्यम से यह पूछा है कि ईडी के समन पर आखिर क्यों नहीं आ रहे हैं, एक सप्ताह में बताएं. मिली जानकारी के अनुसार ईडी की तरफ से मुख्यमंत्री को एक पत्र भेजा गया है. इस पत्र को ईडी की तरफ से भेजा गया आठवां समन माना जा रहा है. पत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के समक्ष पूछताछ में उपस्थित नहीं होने को लेकर कई सवाल पूछे गए हैं. पत्र में यह भी लिखा गया है कि वह एक सप्ताह के भीतर इस मामले में अपना जवाब भेजें.

### मुंबई में एक ऊंची इमारत में लगी भीषण आग, 6 मंजिलें जलकर खाक

**मुंबई :** मुंबई के डोंबिवली में एक ऊंची इमारत में भीषण आग लग गई. आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर भेजी गईं. बचाव दल समय रहते सभी को बाहर निकालने में कामयाब रहे और जिन छह मंजिलों में आग लगी है, वहां कोई नहीं है. आग लगने का कारण अभी पता नहींअधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी भी पता नहीं चल पाया है. फायर ब्रिगेड के मुताबिक, आग शनिवार सुबह करीब 11 बजे लगी और 18वीं मंजिल तक फैल गई. इमारत अभी भी निर्माणाधीन है और वर्तमान में केवल पहली तीन मंजिलों पर ही लोग रहते हैं.

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मनाएंगे पोंगल

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को यहां अपने मंत्रिपरिषद के सहयोगी एल मुरुगन के घर पर पोंगल मनाएंगे।रविवार सुबह दस बजे मुरुगन के सरकारी निवास एक कामराज लेन पर पोंगल का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पिछले साल भी प्रधानमंत्री मोदी अप्रैल में तमिल नव वर्ष पुथांडु मनाने भी मुरुगन के घर गए थे।उल्लेखनीय है कि लोगनाथन मुरुगन वर्तमान में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं।

### मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति, पोंगल और लोहड़ी की दी शुभकामनाएं

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल और लोहड़ी पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

### मल्लिकार्जुन खरगे को विपक्षी गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया

# नीतीश ने ठुकराया संयोजक पद

एजेंसी

**नई दिल्ली :** विपक्षी गठबंधन की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं बैठक में बिहार सीएम और जदयू के नेता नीतीश कुमार ने संयोजक पद ठुकरा दिया। इसकी पुष्टि बिहार सरकार के मंत्री संजय झा ने की है। बैठक में नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी संयोजक बनने की कोई इच्छा नहीं है, बल्कि वह चाहते हैं कि गठबंधन जमीन पर मजबूत बने और बढ़ता रहे। विपक्षी गठबंधन की वर्चुअल बैठक में नीतीश कुमार ने सलाह दी कि कांग्रेस में से किसी को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए। गौरतलब है कि पिछली बैठक में भी टीएमसी चीफ ममता बनर्जी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने की बात कही थी।

### खरगे ने विपक्षी दलों को कांग्रेस की भारत न्याय यात्रा में आमंत्रित किया

विपक्षी दलों की बैठक में सीटों के बंटवारे पर मंथन को लेकर कांग्रेस सुप्रीमो मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, बातचीत सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के साथ उन्होंने खुद कांग्रेस अध्यक्ष की हैसियत से विपक्षी दलों को मणिपुर से शुरू होने वाली कांग्रेस पार्टी की यात्रा- भारत न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रिय किया है। उन्होंने कहा कि इंडिया एलायंस सीट शेयरिंग पर जल्द ही अंतिम फैसले का एलान करेगा।

**नीतीश कुमार बोले : किसी पद में कोई रुचि नहीं:** विपक्षी गठबंधन के संयोजक पद के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार के नाम की चर्चा थी। जदयू नेताओं के बयान से भी ऐसा लगा था कि पार्टी नीतीश के लिए संयोजक का पद चाहती है, लेकिन अब खुद नीतीश कुमार ने साफ कर दिया है कि उनकी संयोजक बनने में कोई रुचि नहीं है। बैठक में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर भी चर्चा हुई।



**ममता बनर्जी बैठक में नहीं हुई शामिल:** ममता बनर्जी के बैठक में शामिल ना होने पर टीएमसी ने कहा कि उन्हें बैठक के लिए शॉर्ट नोटिस पर सूचना दी गई। साथ ही कांग्रेस ने बैठक के एजेंडे के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी। हाल के दिनों में यह दूसरी बार है जब टीएमसी ने कांग्रेस के साथ बैठक से इनकार किया है। गुरुवार को ही टीएमसी ने बंगाल में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ बैठक से इनकार कर दिया था।

**विपक्षी गठबंधन की बैठक में ये नेता हुए शामिल**
विपक्षी गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व की हुई बैठक करीब दो घंटे चली। इस बैठक में गठबंधन को मजबूत करने, सीट बंटवारे के लिए रणनीति बनाने और गठबंधन का संयोजक बनाने पर चर्चा हुई। यह बैठक वर्चुअली हुई, जिसमें 10 पार्टियों के नेता शामिल हुए। बैठक में नीतीश कुमार, एमके स्टालिन, शरद पवार, डी राजा, मल्लिकार्जुन खरगे, उमर अब्दुल्ला, राहुल गांधी, सीताराम येचुरी, लालू यादव-तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल शामिल हैं। हालांकि बैठक से पहले ही विपक्ष को झटका लगा जब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने इस बैठक में शामिल होने से मना कर दिया। साथ ही शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे और सपा नेता अखिलेश यादव भी विपक्षी गठबंधन की इस बैठक में शामिल नहीं हुए।

# काठमांडू जा रही बस नदी में गिरी, 12 की मौत



एजेंसी

**काठमांडू :** बहराइच जिले से सटे पड़ोसी देश नेपाल के कस्बा नेपालगंज से काठमांडू जा रही यात्री बस राप्ती नदी में गिरने से हादसे का शिकार हो गई। इसमें दो भारतीय समेत 12 लोगों की मौत हो गई है। वहीं करीब 25 लोग घायल हुए है। दोनों भारतीय मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। नेपाल के जिला पुलिस कार्यालय डांग के डीएसपी जनक बहादुर मल्ल ने बताया कि हादसे में 12 लोगों की मौत हो गयी। घायलों का इलाज राप्ती विज्ञान संस्थान में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि जिस बस से हादसा हुआ वह नमस्ते ट्रांसपोर्ट की थी। बस चालक सल्यान गांव निवासी लाल बहादुर को नेपाली पुलिस ने हिरासत में लेकर केस दर्ज किया है। घायलों की पहचान काठमांडू में रहने वाली अब्या पांडेय, काठमांडू के कालीमाटी में रहने वाली मंजू शर्मा, बांके के निरंजन कोरी, नेपालगंज, बांके में रहने वाले आशुतोष गौतम, रौतहट में रहने वाले संजय कार्की, धन बहादुर पुन मगर, बांके के कोहलपुर में रहने वाले छोटी सिलौटा, बरदिया के राजीव थारू, जुमला के विशाल बोहरा, बांके के दशरथ विक, बांके के नफीज खान, डोलपा केधनकली बूढ़ा, बांके राप्ती सोनारी गापा के कुल बहादुर गोसाई, सुबास कार्की चखेवा, बांके के नेपालगंज की लीला वाली, बांके के नेपालगंज की कुसुम बासनेत, बांके बैजापुर के शंकर थारू, भारत के राहुल कुमार अहीर शामिल है। वहीं मृतकों में दस नेपाल के व दो भारत के है।

# हमें धमकाने का लाइसेंस किसी को नहीं : मुइज्जू



एजेंसी

**मालदीव :** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन के पांच दिवसीय दौरे के बाद स्वदेश लौट आए. उन्होंने मालदीव लौटते ही दो टूक कह दिया है कि हमें बुली करने का लाइसेंस किसी के पास नहीं है.मुइज्जू ने कहा कि हम भले ही छोटा देश हो सकते हैं लेकिन इससे किसी को भी हमें बुली करने का लाइसेंस नहीं मिलता. हालांकि, मुइज्जू ने प्रत्यक्ष तौर पर किसी का नाम लेकर ये बयान नहीं दिया है. लेकिन माना जा रहा है कि उनका निशाना भारत की तरफ है.चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू ने पांच दिन के अपने चीन दौरे के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी. उनका ये दौरा ऐसे समय पर हुआ था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मालदीव सरकार के तीन मंत्रियों को सस्पेंड किया गया. इस मामले को लेकर भारत और मालदीव दोनों देशों में राजनयिक विवाद बढ़ा हुआ है. भारत में चल रहे बॉयकॉट मालदीव के ट्रेंड के बीच मुइज्जू ने चीन से अपील की थी कि वो अधिक से अधिक चीनी पर्यटकों को मालदीव भेजे. मालदीव बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए मुइज्जू ने कहा था कि कोविड से पहले हमारे देश में सबसे अधिक पर्यटक चीन से आते थे. मेरा अनुरोध है कि चीन को ऐसा करने के लिए फिर से अपनी कोशिशें तेज करनी चाहिए.मुइज्जू का यह चीन का पहला राजकीय दौरा था. यह दौरा ऐसे समय पर हुआ, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप के दौरे की उनकी तस्वीरों को लेकर मालदीव के तीन मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. इसके बाद सोशल मीडिया पर इस मामले ने तूल पकड़ लिया.

### सात किलो से ज्यादा सोना जब्त

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के महासमुंद में सिंघोड़ा पुलिस ने अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट रेहटीखोल के पास शनिवार को सात किलो से ज्यादा सोना जब्त किया है। बरामद सोने की कीमत करीब पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है। तस्कर दो लग्जरी कार में साढ़े सात किलो से अधिक सोने के बिस्कुट ओडिशा की ओर से लेकर आ रहे थे। पुलिस ने पांच आरोपितों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यह अंतरराष्ट्रीय तस्करी से जुड़े हो सकते है।।एसपी राजेश कुकरेजा ने जानकारी दी है कि सिंघोड़ा पुलिस आज अंतरराज्यीय चेकपोस्ट पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बरगड़ ओडिशा की ओर से आ रही एक सफेद कार को रोका गया, जिसमें तीन व्यक्ति सवार थे। उनसे पूछताछ चल ही रही थी कि एक और लक्जरी कार को रोका गया, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। सोना ले जा रहे व्यक्ति खड़गपुर कोलकाता हाईवे से पुणे महाराष्ट्र की ओर जा रहे थे।

# सीट बंटवारे पर झामुमो-कांग्रेस के बीच तय हुआ फॉर्मूला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में लोकसभा की 14 सीटों पर इंडिया दलों के बीच सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय करने के लिए दिल्ली में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं के बीच बैठक हुई.
इस बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष और मंत्री चम्पई सोरेन, केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या, विनोद पांडेय और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू शामिल हुए.
कांग्रेस की ओर से इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता और मंत्री आलमगीर आलम शामिल हुए.
कांग्रेस के केंद्रीय महासचिव मुकुल वासनिक, सलमान खुर्शीद, अशोक गहलौत और मोहन प्रकाश उपस्थित रहे. बैठक के बाद सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो के बीच सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है लेकिन इसका खुलासा अभी नहीं करेंगे.
उन्होंने कहा कि यह तय है कि झामुमो 2019 लोकसभा चुनाव से इस बार अधिक सीट पर चुनाव लड़ेगा. कांग्रेस विधायक दल के नेता ने कहा कि बैठक सकारात्मक रही. लेकिन सीटों की घोषणा सभी सहयोगी दलों से वार्ता हो जाने के बाद होगी.
आलमगीर आलम ने कहा कि बैठक के दौरान मूल रूप से यह चर्चा हुई कि किस किस सीट पर कौन मजबूत है. उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह फिर मीटिंग होने की संभावना है.






प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# एबीवीपी द्वारा मेराल विद्यालय में रक्त समूह जांच शिविर आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेराल इकाई के द्वारा स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर जमा दो विद्यालय मेराल के प्रांगण मे रक्त समूह जांच शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित शिविर में मुख्य रूप से अभाविप झारखंड के प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी, जिला संयोजक गढ़वा विकास चंद्रवंशी उपस्थित थे। मौके पर शिविर को संबोधित करते हुए सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि अभाविप कार्यकर्ताओं द्वारा जिले के सभी महाविद्यालय एवं जमा दो विद्यालयों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसका उदेश्य सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों का रक्त समूह निःशुल्क जांच हो सके और जरूरतमंद लोगो को सहयोग कर सके इसके लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि अभाविप कार्यकर्ताओं के माध्यम से हमेशा छात्र-छात्राओं के हित मे कार्य करती है। इन्ही कार्यो से अभाविप को विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन होने का गौरव हासिल किया है। जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने बताया कि अभाविप स्वामी विवेकानन्द जी को अपना आदर्श पुरुष मानकर उनके बताए गए सिद्धांत पर चलकर पूरे विश्व मे एक आंदोलन स्वरूप पहचान बनाई है। इसका श्रेय सभी विद्यार्थी को जाता है। स्वामी विवेकानन्द के बताए मार्ग पर आज के युवा को चलना चाहिए। कार्यक्रम में शामिल 200 छात्र-छात्राओं का रक्त जांच किया गया। इस मौके पर अभाविप कार्यकर्ताओं के साथ विद्यालय के प्राचार्य ललता पटेल, शिक्षक एवं मेडिकल टीम में प्रदीप कुमार, चंदन कुमार रवि आदि उपस्थित थे।



# सभी सामर्थवान व्यक्ति को गरीबों के मदद हेतु आगे आना चाहिए : रागिनी सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर राज परिवार के गढ़ परिसर में रानी सोमवती कुमारी एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंदो के बीच 300 कंबल और पांच सौ बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया.कंबल और पोशाक का वितरण राज परिवार के राजा रंजित राय व रानी रागिनी राय ने किया.रागिनी राय ने कहा कि हर गरीब के अंदर भगवान का वास होता है.इसलिए गरीबों की सेवा देव सेवा के समान माना गया है.उन्होंने कहा कि न तो देनेवाला बड़ा होता है और न ही लेनेवाला छोटा होता है.अपने सामर्थ के अनुसार सभी को गरीबों का हर संभव मदद करने का प्रयास करना चाहिए.श्रीमती राय ने कहा कि हर समर्थवान व्यक्ति को गरीबों के मदद हेतु आगे आना चाहिए.रंजित राय ने बताया कि मेरी पूज्य माता रानी सोमवती कुमारी के नाम से ट्रस्ट स्थापित कर पिछले कई वर्षो से हम लोगो का हर संभव मदद करने का प्रयास कर रहे हैं.इस ट्रस्ट के माध्यम से समाजसेवा को आगे और विस्तारित किया जायेगा.मौके पर प्रोनजीत बोराल, चिंसु सिंह, रवीना कुमारी, नप के प्रथम अध्यक्ष देव नारायण सिंह, समाजसेवी विजय कुमार रवि,पार्षद सुनील कुमार चौधरी, सुदेश चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, लल्लू बकरे, भोला भंडारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# गर्म वस्त्र वितरण सह भंडारे का आयोजन

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मां मैत्रायनी योगनि जी के महा निर्वाण दिवस के अवसर पर नावा बजार प्रखंड के कुंभी कला पंचायत तुलबुला गांव में गर्म वस्त्र वितरण किया गया । इस आयोजन भंडारा कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों के बीच 30 कंबल , 30 साड़ी, 100,मोजा 100,टोपी, 20,धोती ,20 गमछा, का वितरण किया गया,इस अवसर पर विशेष पूजा पाठ नारियल फोड़कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई यह कार्यक्रम कुंभीकला पंचायत मुखिया सब्या कुमारी ,वार्ड सदस्य कुणिल कुमार पासवान , एंव श्री जय राम मिश्र ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके साथ गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें अघोरेश्वर महाप्रभु जी के समूह स्थापना के बारे में बताते हुए 19 सूत्रीय कार्यक्रम के बारे मे लोगो को जानकारी दी गई, प्रार्थना गृह ङ्क गुरी , द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यक्रम को बताते हुए लोगों को होने वाले आगामी कार्यक्रम में आमंत्रित किया किया गया वस्त्र वितरण के बाद 1 बजे भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें पूरे गांव के लोग प्रसाद ग्रहण किए,कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से जय राम मिश्र, रामलखन पाण्डेय, हलकानी राम,चंद्रदेव साव, साहेब राम,शिवचन्द कुमार, आकाश कुमार, सत्येंद्र कुमार मिश्रा, संजीत कुमार मिश्रा, बिनोद पाण्डेय, कुंभी कला पंचायत मुखिया, सब्या कुमारी , वार्ड , कुनिल पासवान , रामस्वरूप साव,वार्ड, राजेंद्र भुइयां,मीना देवी ,कविता देवी, छोटू सिंह ,अवधेश सिंह , कन्हाई सिंह, कुंदन सिंह ,लोगों का सहयोग सराहनीय रहा ।

# पूर्व विधायक कामरेड महेन्द्र सिंह की 19वीं शहादत दिवस समारोह का आयोजन 16 जनवरी को

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाकपा माले के पूर्व विधायक कामरेड महेन्द्र सिंह की 19वीं शहादत दिवस समारोह का आयोजन 16 जनवरी को गोसाईबाग के मैदान में किया जायेगा. उक्त आशय की जानकारी देते हुये भाकपा माले अनुमंडल कमिटी के सचिव कामेश्वर विश्वकर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन सबंधी लिखित जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी को दे दिया गया है।

# स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री ने स्व विनायक प्रसाद के चित्र पर किया पुष्पांजलि अर्पित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता के आवास पर वरिष्ठ भाजपा नेता स्व0 विनायक प्रसाद की 13वीं पुण्यतिथि समारोह का आयोजन किया गया. पुण्यतिथि समारोह का शुभारंभ स्व0 विनायक प्रसाद के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया.इस अवसर पर भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि हम सबों को स्व0 विनायक प्रसाद के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है. उन्होंने स्व0 विनायक प्रसाद के बड़े पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता को कहा कि नगर उंटारी शहर में आप स्थल चयन कीजिये स्व0 विनायक प्रसाद की प्रतिमा का निर्माण मैं कराऊंगा.पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने कहा कि स्व0 विनायक प्रसाद पार्टी के प्रति समर्पित थे.हम सबों को उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिये.पुण्यतिथि समारोह में 50 से अधिक गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल व भोजन का वितरण किया गया.पुण्यतिथि समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी,पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, जवाहर पासवान, मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, कांग्रेस नेता अरविन्द तूफानी, अर्चना कमलापुरी, लवली आनन्द, भगत दयानंद यादव, प्रताप जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, लालमोहन यादव, संजय कांस्यकर, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर, हृदयानंद कमलापुरी, शमीम खान, अनूप निराला, रामकृपाल दुबे, सुरेंद्र गुप्ता, मनोज बारी, विनीत कुमार शरद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष शहरी कुमार कनिष्क ने किया।



# केतार के भगवान घाटी में 30 बनिहार बेदी का पुष्पांजलि सभा आज




प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार(गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत भगवान घाटी में रविवार को हर साल की भांति इस वर्ष भी क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही की अगुवाई में नवजवान संघर्ष मोर्चा व भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में तीस बनिहार बेदी पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। साथ ही इलाज हेतु डेंटल कॉलेज का मेडिकल कैम्प एवं राज्य का स्वास्थ्य विभाग का कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान तिल सकरात के शुभ अवसर पर प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस को लेकर हुई अनुमंडल कार्यालय में बैठक

**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अनुमंडल कार्यालय में गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार ने किया बैठक में सर्वसम्मति से झंडोंतोलन का समय सारणी तय किया गया वहीं प्रशासन एकादश और पत्रकार एकादश के बीच फैंसी क्रिकेट मैच हाई स्कूल के मैदान में खेला जाएगा वहीं पहली बार संस्कृति कार्यक्रम प्रखंड परिसर में किया जाएगा क्रिकेट और संस्कृति कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी के अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई बैठक में छतरपुर सीओ नित्यानंद प्रसाद हरिहरगंज वीडियो राकेश एक्का नौडीहा बाजार वीडियो संजय यादव कार्यपालक पदाधिकारी विश्वजीत महतो बिससूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह बिस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा मुस्ताक आलम फिरदौस आलम जितेंद्र कुमार सुजीत कुमार बंपर , सेविका कलावती देवी नजीर आनंद कुमार रमेश सिंह तनु कुमार समेत कई लोग उपस्थित है

# लक्ष्मी शिशु वाटिका विद्यालय में अभिभावक संम्मेलन

**हुसैनाबाद पलाम(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल जपला के प्रांगण में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें बहुत सारे अभिभावक बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिए , जो अभिभावक कुर्सी रेस में फर्स्ट आए हैं उन्हें भी पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया और साथ में जो बच्चे विद्यालय में द्वितीय परीक्षा में प्रथम , द्वितीय , तृतीय स्थान आए हैं उन्हें भी पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया और हमारे स्कूल प्रबंधक महोदय ने मोबाइल , पर्यावरण , अनुपस्थिति , योग इत्यादि विषयों पर चर्चा की।

# सर्वेश्वरी आश्रम में विधायक द्वारा किया गया कम्बल वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भवनाथपुर :** सर्वेश्वरी आश्रम शाखा में मां महामैत्री योगीनी के पुन्य तिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया.आश्रम में अघोर पंथ से पुन्य तिथि सम्पन्न के पश्चात महाप्रसाद में खिचड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक भानु प्रताप शाही ने 100 असहायों के बिच कम्बल वितरण किया.इस अवसर पर कहा आश्रम के सदस्यों द्वारा किया जा रहा काम सराहनीय है.आश्रम के 19 सुत्री कार्यक्रम में गरीबों को सेवा देना काम भी शामिल हैं। कहा इस कड़ाके की ठंडी में गर्म कपड़े वितरण कर पुण्य का काम किया गया है.उनहोने कहा निरंतर गरीबों की सेवा करते रहे हम आपके साथ सदैव खड़े रहेंगे। इस अवसर पर आश्रम के उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, महामंत्री बुचूल राम, देवेंद्र सिंह, बसंत राम, पपन सिंह, जवाहिर सिंह,सुनिल सिंह, अरूण चौधरी, अजू राम, उपेन्द्र सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# पिता पुत्र की जोड़ी ने गरीबों के बिच बांटे मकर संक्रांति त्योहार का सौगात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** शनिवार को मकर संक्रांति के अवसर पर पिता पुत्र कि जोड़ी यानी शौकत ख़ान एवं साजिद खान ने गरीबों के बीच मकर संक्रांति त्योहार के अवसर पर गरीबो,असहायों के बीच त्योहार का सौगात बाँट कर उनके खुशियों में शामिल हुए। शौकत खान ही नही उनके पुत्र साजिद खान,पुत्री,नतिनी सभी समय समय पर गरीबो के लिए कुछ न कुछ करते ही रहते है।गरीबो के प्रति उम्दा सोच और जज्बे के साथ गरीबों के लिए शौकत ख़ान ने अनेक निःशुल्क बैंक जो अब मानवता के लिए वरदान बन चुका है। वहीं देश भर के लोगों के लिए शौकत खान प्रेरणा के स्रोत बन चुके है। यही कारण है कि इनके अनेक निःशुल्क बैंक में प्रतिदिन जरुरतमंदों की भारी लगी रहती है। मकरसंक्रांति का पावन पर्व पर शौकत ख़ान ने प्रतिदिन जरुरतमंदों के बीच दिल खोलकर तिलकुट, चुडा, गुड़, मुरही एवं चीनी गुड़ कि बनी मिठाई बांट रहे हैं। शौकत ख़ान ने बताया कि भारत में जीतना भी त्योहार है हम सभी त्यौहार को मनाते है। गरीबों के बीच उनकी जरूरत कि चीजें वितरण करते है जिससे अमीरों की तरह ग़रीबों के घरों में भी अच्छे पकवान बने और गरीबो के बच्चे भी नए कपड़े पहने।इसी उद्देश्य के साथ हमने गरीबों के लिए खोला है निःशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक जो प्रत्येक दिन जरुरतमंद लोगों के जीवन में खुशियां भरने का काम करता है। आम नागरिकों के सहयोग से और झारखंड के पहले शौर्य चक्र विजेता शहीद आशीष कुमार तिवारी जी के सम्मान में मेरे द्वारा यह कार्य किया जाता है।




# उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर डीएमओ ने की कार्रवाई

**चैनपुर में अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठा में की छापेमारी,कच्चा 70 हजार कच्चा व 30 हजार ईट जब्त**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर डीएमओ आनंद कुमार लगातार जिले भर में अवैध खनन,परिवहन एवं भडारण को लेकर निरीक्षण व कार्रवाई कर रहे है। इसी कड़ी में डीएमओ आनंद कुमार शुक्रवार को चैनपुर पहुंचे एवं थाना क्षेत्र के चेराबार में संचालित हो अवैध ईट भट्ठा पर कार्रवाई की। इस दौरान उन्होंने अवैध रूप से बनाए जा रहे ईट भट्ठा से 70 हजार कच्चा एवं 30 हजार पक्का ईट पकड़ा एवं एकेडी ब्रिक्स के संचालक बब्लू दुबे पर प्राथमिकी दर्ज करवायी। इस दौरान उन्होंने अवैध कार्य में जुड़े लोगों को चिहिंत करते हुए कानूनी कार्रवाई को लेकर निर्देशित किया। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि दो वर्ष पूर्व भी चैनपुर के चेराबार में छापेमारी के दौरान एकेडी बिक्स के द्वारा अवैध तरीके से अवैध ईट भट्ठा संचालित किया जा रहा था,जिस पर कार्रवाई करते हुए संचालक पर प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी थी एवं 3 लाख कच्चा एवं 4 लाख पक्का ईट पकड़ा गया था। डीएमओ ने सेमरा में ईट भट्ठा का किया निरीक्षण अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन को लेकर चैनपुर पहुंचे जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार थाना क्षेत्र के सेमरा समेत अन्य गांव में संचालित ईट भट्ठा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संचालक मनोज साव, ईट भट्ठा ग्राम लोहरसनी, संचालक जुनाब अंसारी, ईट भट्ठा कुदाग कला एवं संचालक मो फातिम हुसैन,ग्राम पण्डवा में संचालित ईट भट्ठा का निरीक्षण किया। डीएमओ में संचालको को चेतावनी दी कि भट्ठे का संचालन नियमानुसार करें एवं ससमय विभाग में राजस्व की राशि जमा करवाना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से कार्य कानून अपराध है एवं इस कार्य में संलिप्त पाऐं जाने पर निश्चित रूप से कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पिछड़ा वर्ग को जनसंख्या के अनुसार सभी क्षेत्र में भागीदारी मिलनी चाहिए : ब्रह्मदेव प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर(पलामू) :** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित कौशल विकास भवन के सभागार में शनिवार को ओबीसी समाज की एक व्यापक बैठक हुई.बैठक में बिश्रामपुर,पांडू,नावा बाजार और उंटारी रोड प्रखंड से काफी संख्या में पिछड़ा समाज के लोग शामिल हुए.बैठक की अध्यक्षता पूर्व विस प्रत्यासी सह वरीय समाजसेवी ब्रह्मदेव प्रसाद व संचालन संतोष गुप्ता ने किया. बैठक में पिछड़ा समाज के हक एवं राजनैतिक भागीदारी विषय पर चर्चा हुआ.इसके अलावा आगामी 15 जनवरी को प्रस्तावित महासम्मेलन की सफलता की रणनीति तय की गई.पूर्व विस प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि सबसे ज्यादा आबादी वाला पिछड़ा वर्ग परिवार आज हाशिये पर है.ओबीसी समाज को जनसंख्या के आधार पर हर क्षेत्र में उचित भागीदारी मिलना चाहिए.इसके लिए ओबीसी वर्ग को एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है.उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज को एकसूत्र में बांधने हेतु ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा.इसके बाद समाज को गोलबंद करते हुए हक के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाया जायेगा.इसकी शुरुआत पलामू प्रमंडल से ही किया जायेगा.इसके लिए मंच के संयोजक मंडल द्वारा 16 जनवरी को पलामू व 18 जनवरी को गढ़वा से ओबीसी एकता एवं अधिकार यात्रा रथ यात्रा शुरू किया जायेगा. युगल पाल ने ओबीसी समाज को एकजुट होने का आह्वाहन किया.पूर्व विस प्रत्याशी अशर्फी चंद्रवंशी ने ओबीसी समाज के लोगों को संघर्ष हेतु तैयार रहने को कहा.इसके अलावा कामेश्वर प्रसाद गुप्ता,सोना देवी,रेखा गुप्ता,शिव चौधरी, विनोद कुमार,राज नारायण पटेल, विजय चंद्रवंशी,विनय चंद्रवंशी, भजन वर्मा, संजय मेहता, बृजनंदन मेहता, वीरेंद्र चंद्रवंशी, आनंद कुमार, शंकर विश्वकर्मा, कालीम अंसारी, पेंटर जिलानी, मुंशी प्रसाद गुप्ता, ज्वाला गुप्ता सहित कई लोगों ने अपना विचार व्यक्त किया. मौके पर वार्ड पार्षद मजमुदिन कादरी, अरुण यादव,गुलाब पाल, विंदेश्वरी पाल, अजय बर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।



# हैदरनगर में बिजली विभाग का शिविर 25 को : कनीय अभियंता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने कहा है कि हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली बिल जमा करने के लिए प्रत्येक माह की 26 तारीख को हैदरनगर के तिवारी कांप्लेक्स में शिविर लगाया जाएगा। गणतंत्र दिवस की वजह से जनवरी माह में यह शिविर 25 जनवरी को लगेगा। उन्होंने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी समाधान शिविर में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। बकाएदार बिल का भुक्तान नहीं करते है तो कनेक्शन काटने के साथ साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी तरह की समस्या है तो अपनी समस्या का शिविर में आकर समाधान करा सकते हैं।

# पीएम जनमन कायक्रम के तहत विभिन्न पीवीटीजी बहुल गांवों में लगाया गया शिविर

**मेदिनीनगर :** जिले के विभिन्न अंचलो में आवास कर रहे पीवीटीजी परिवारों को पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु पीवीटीजी बहुल गांवों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है.इसी क्रम में शुक्रवार को पांकी के मुक्ता गांव,मनातू के उरुर,छत्तरपुर के कउल,चैनपुर के प्रसाखर,एलियास,रामगढ़ के हूटार गांव व हुसैनाबाद के महुदण्ड के परिवारों के लिये छतरपुर के काला पहाड़ में शिविर लगाया गया.हुसैनाबाद के महुदण्ड में मजबूत मोबाइल नेटवर्क नहीं रहने के कारण ऑनलाइन कार्य नहीं हो पा रहा था जिसके कारण कालापहाड़ में यह शिविर लगायी गया.इन शिविरों में पीवीटीजी परिवारों का हेल्थ चेक किया गया.इस दौरान टीबी,सिकल सेल एनीमिया जांच,आयुष्मान भारत कार्ड,एनसीडी स्क्रीनिंग एवं मरीज का इलाज किया गया.इस दौरान ब्लड प्रेशर,सुगर,आदि की भी जांच की गयी.वहीं नेत्र का विशेष रूप से जांच की गयी.इसके अतिरिक्त आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र,जनधन योजना,बैंक खाता,आयुष्मान कार्ड,केसीसी कार्ड,पीएम किसान सामान्य निधि का स्टॉल लगाकर पीवीटीजी परिवारों को लाभान्वित किया गया साथ ही उन्हें फ़ूड सप्लीमेंट्स भी दिए गए.

# ईवीएम-वीवीपैट के प्रदर्शन केंद्र का डीडीसी ने किया उद्घाटन

**मेदिनीनगर :** आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट के उपयोग के बारे में जागरूक करने सहित अधिकाधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट परिसर में बुधवार को उप विकास आयुक्त रवि आनंद,अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने ईवीएम-वीवीपैट प्रदर्शन सह डेमोस्ट्रेशन केंद्र का उद्घाटन किया.इसके पश्चात सभी पदाधिकारियों व अपने कार्य को लेकर आये कई आमजन ने मौके पर वोट किया व किसे वोट दिया गया इसकी जानकारी वीवीपैट में देखा.समाहरणालय परिसर के अलावे पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिये जिला आपूर्ति कार्यालय के समीप,डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के लिये सदर अनुमंडल कार्यालय परिसर,विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के लिए अपर समाहर्ता पलामू का कार्यालय,छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिये छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर व हुसैनाबाद के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय के परिसर में ईवीएम-वीवीपैट डेमोस्ट्रेशन केंद्र का अधिष्ठापन किया गया है.

# हरिहरगंज में 22 जनवरी को होटल मधुबन एंड रिसोर्ट का उद्घाटन होगा, शहरवासियों में खुशी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज के कौवाखोह में होटल मधुबन एंड रिसोर्ट का 22 जनवरी को उद्घाटन होगा,शहर में पहला रिसोर्ट खुलने से शहरवासियों में खुशी का माहौल है। शादी, विवाह सहित अन्य कार्यक्रम करने में अब लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। हरिहरगंज एनएच 139 प्रखंड मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर मेदिनीनगर रोड़ में रिसोर्ट बना हुआ है। रिसोर्ट के संचालक लाल बाबू सिंह ने बताया कि हरिहरगंज में अत्याधुनिक सुविधा मे रिसोर्ट बना है, लोगों के हर सुख सुविधा का ध्यान रखा गया है साथही उचित मूल्य पर रिसोर्ट कि बुकिंग होगी। रहने के लिए अत्याधुनिक कमरा,मैरेज हॉल सहित कई सुविधाएं उपलब्ध होगी। शहरवासी सुनिल स्वर्णकार ने बताया कि हरिहरगंज शहर बड़ा शहर के रुप में विकसित हो रहा है, रिसोर्ट खुलने के बाद स्थानीय लोगों को काफी फायदा होगा। राजेंद्र सिंह ने बताया कि हरिहरगंज में रिसोर्ट कि कमी थी, जो अब पूरा हो गया है, रिसोर्ट खुलने कि सुचना के बाद लोगों में खुशी का माहौल है।

# सर्वेश्वरी समूह आश्रम में गरीबो व असहायों के बीच किया गया कम्बल का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** सर्वेश्वरी समूह शाखा में शनिवार को मां मैत्रायणी योगिनी महा निर्माण दिवस के अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना कर विश्व कि सुख शांति की कामना की गई. उक्त अवसर पर समूह शाखा के द्वारा चलाए जा रहे चरमबद्ध तरीके से कंबल वितरण कार्यक्रम का समापन किया गया तथा आश्रम परिसर में उपस्थित 111 दिव्यांग, विधवा, बृद्ध, असहायों के बीच समूह के सदस्यों के द्वारा कंबल वितरण किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अवधूत भगवान राम के तैलचित्र पर नामधारी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ धर्मचंद्र लाल अग्रवाल,पत्रकार रजनीश कुमार मंगलम, सर्वेश्वरी समूह शाखा के उपाध्यक्ष हेमन्त प्रताप देव ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया.इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह सदियों से समाज सेवा के कार्य में उत्कृष्ट कार्य करते आया है. खासकर समाज के वंचित, शोषित एवं वृद्ध जनों का सेवा करना इनकी नियति में है. शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह शाखा इस वर्ष चरणबद्ध तरीके से कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है ,जिसके अंतर्गत विभिन्न गावो,कस्बो, संस्थानों में कम्बल वितरण किया गया .कार्यक्रम का समापन आज अवधूत भगवान राम की माता मैत्रायणी योगिनी के महा निर्वाण दिवस के अवसर पर 111 वृद्ध, दिव्यांग, विधवा, असहायों के बीच कम्बल वितरण कर एवं उनको भोजन कराकर किया जा रहा है.उन्होंने कहा कि बाबा अवधूत भगवान राम हमेशा से कहा करते थे की समाज के लोग क्षत्रिय ,ब्राह्मण ,वैश्य,शुद्र बनकर जीते हैं, लेकिन मनुष्य बनकर कौन जीना चाहता है जो लोग मनुष्य बन कर जियेगा वही सर्वेश्वरी समूह का उत्तराधिकारी होगा.हम सब को मनुष्य बनकर जीना चाहिये. आपस में भेदभाव,घृणा को दूर रखना चाहिये.उन्होंने कहा कि बाबा अवधूत भगवान राम जी का संदेश है कि आज के युग में जब मनुष्य से मनुष्य ही खुश नहीं है तो उनकी पूजा और पाठ से देवता कैसे खुश हो सकते हैं.हमें अपने आचरण में परिवर्तन करते हुये आसपास में जो लोग हैं उनसे मित्रता और उनके प्रति आदर भाव रखना चाहिये. जब अपने आसपास के लोगों से मित्रता आदर भाव नहीं रख पाएंगे तो हम ईश्वर को प्रसन्न नहीं कर सकते हैं.कार्यक्रम में पत्रकार रजनीश कुमार मंगलम ने भी अपने विचार व्यक्त किये.मौके पर शाखा के मंत्री आनंद जायसवाल, व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, प्रो0 प्रशांत सहाय,राजेंद्र यादव, नागेंद्र प्रसाद , वार्ड सदस्य रंजन कुमार छोटू , शुभम कुमार ,नवीन कुमार सिन्हा,पारसनाथ सिन्हा, सुशील कुमार सिन्हा,राजीव कुमार सिन्हा,परमेन्द्र कुमार सिन्हा,मनोज देव, कमलेश प्रसाद,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## संक्षिप्त खबरें

### आईएनडीआईए गठबंधन की बैठक में सीटों पर हुई बात, किसे कितना मिलेगा इसके लिए करना होगा इंतजार

**रांची ।** आई एन डी आई ए गठबंधन की बैठक में आसन्न लोकसभा चुनाव के लिए लोक सभा सीटों तथा वर्तमान राजनैतिक परिस्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में पार्टी के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह मंत्री झारखंड सरकार, चम्पई सोरेन, केन्द्रीय महासचिव सह सदस्य, राज्य समन्वय समिति (दर्जा प्राप्त मन्त्री) विनोद कुमार पाण्डेय, केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, केन्द्रीय महासचिव सह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के साथ-साथ राजेश ठाकुर, आलम गिर आलम, मुकुल वासनिक, सलमान खुर्शीद, अशोक गहलौत एवं मोहन प्रकाश शामिल हुए।विनोद कुमार पाण्डेय, केन्द्रीय महासचिव ने बताया कि अभी इस पर चर्चा की गई कि कौन कितने सीटों पर चुनाव लड़ेंगे । इस पर अभी पूरी तरह से बात स्पष्ट नहीं होगी जैसे कुछ बात सामने आयेगी वह भी मीडिया के साथ शेयर की जाएगी।

### एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने आदर्श वृद्धाश्रम को दिया समर्थन

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय के स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने आज अपनी सीएसआर पहल के तहत रांची के आदर्श वृद्धाश्रम में रहने वाले लोगों को कड़ाके की ठंड के मौसम में कपड़े वितरित किए। इस पहल के तहत ,लेडीज क्लब ने वृद्धाश्रम के जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को साड़ी और ड्रेस सामग्री प्रदान की। स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन की गरिमामय उपस्थिति में यह नेक पहल की गई। जैन और लदेइस क्लब के अन्य सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिक के साथ कुछ अच्छा समय बिताया इस अवसर पर उपाध्यक्ष , लक्ष्मी मूर्ति और उपाध्यक्ष पूर्णिमा श्रीखंडे, महासचिव मनसा वर्मा, संयुक्त सचिव दीपा, संयुक्त सचिव परमेश्वरी, सांस्कृतिक सचिव और सदस्य, सपना पारीक उपस्थित थीं।

# गृह मंत्रालय ने झारखंड पुलिस सेवा में 243 अधिकारियों के लिए प्राथमिकता सूची जारी की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हालिया घटनाक्रम में गृह मंत्रालय ने झारखंड पुलिस सेवा के 243 अधिकारियों की प्राथमिकता सूची जारी की है। सूची का उद्देश्य संसाधनों के आवंटन को सुव्यवस्थित करना और पुलिस विभाग के भीतर प्रमुख पदों को प्राथमिकता देना, कानून और व्यवस्था बनाए रखने में दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाना है। यह वरीयता सूची झारखंड गृह विभाग ने जारी की है। साथ ही इस सूची को सभी प्रक्षेत्र के आईजी, डीआईजी, वरीय पुलिस अधीक्षक और एसपी कार्यालय को भी उपलब्ध करायी गयी है। झारखंड गृह विभाग द्वारा जारी वरीयता सूची में सरोजनी लड़का, अलमेड़ा एक्का, शिवेंद्र, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह 1, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर, राधा प्रेम किशोर, मुकेश कुमार महतो, शत्रुघ्न रजक, दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, दीपक कुमार 1, सहदेव साव, मजरूल होदा, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेष नैथानी, अजय कुमार 1, आरिफ एकराम, डॉ विमल कुमार, अविनाश कुमार, मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली, पीतांबर सिंह खेरवार, रौशन गुड़िया, श्रीराम समद, निशा मुर्मू, सुरजीत कुमार, विरेंद्र कुमार चौधरी, राहुल देव बड़ाइक, खिस्टोफर केरकेट्टा, प्रभार रंजन बरवार, अनूप कुमार बड़ाईक, समीर कुमार तिर्की, हीरालाल रवि, वचनदेव कुजुर, रजत मणि बाखला, विनोद कुमार महतो, शशि प्रकाश, अजय कुमार, जगदीश प्रसाद, अमित कुमार, सतीश चंद्र झा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, वेंकटेश्वर रमण, प्रमोद कुमार केसरी, संदीप कुमार गुप्ता, विकास चंद्र श्रीवास्तव, सुमित कुमार, राजा कुमार मित्रा, राजकिशोर, अजीत कुमार विमल, चंदन कुमार वत्स, ज्ञानरंजन, कैसर अली, पवन कुमार, अमर कुमार पांडे, मनोज कुमार महतो, रणवीर सिंह, मनोज कुमार झा, अभिषेक कुमार, धीरेंद्र नारायण बंका, प्रकाश तिवारी, सुदर्शन कुमार आस्तिक, संजय कुमार, विजय कुमार महतो, प्रवीण कुमार सिंह, नीरज कुमार, संजीव कुमार बेसरा, अजीत कुमार सिन्हा, अजय केरकेट्टा, जयदीप लकड़ा, विनोद रावानी, मनीष कुमार, जीत वाहन उरांव, नजीर अख्तर, दिलीप खलखो, अशोक कुमार सिंह, संतोष कुमार, सुनील कुमार रजवार, मुजीब उर रहमान, भूपेंद्र प्रसाद रावत, आनंद ज्योति मिंज, तौकीर आलम, समीर कुमार सवैया, श्रद्धा केरकेट्टा, बहामन टूटी, पूनम मिंज, बैजनाथ प्रसाद, फैज अकरम, दीपक कुमार, अमित कुमार कच्छप, प्रदीप उरांव और अरविंद कुमार वर्मा का नाम शामिल है। इसके अलावा विकास आनंद लागुरी, संदीप भगत, अनुज उरांव, प्रदीप पाल कच्छप, प्रकाश सोए, आशीष कुमार महली, अरविंद सिंह बिन्हा, शकील आबिद शम्स, मंगल सिंह जमुदा, नवनीत एंथोनी हेंब्रम, कपिंदर उरांव, विश्वजीत बक्स राय, महेंद्र सिंह मुंडा, विजय कुमार, मनोज कुमार राय, प्राण रंजन कुमार, वशिष्ठ नारायण सिंह, नितिन खंडेलवाल, सुमित प्रसाद, नेहा बाला, यशोधरा, नौशाद आलम, विमलेश कुमार त्रिपाठी, संतोष कुमार मिश्र, आशुतोष कुमार सत्यम, अशोक रविदास, कुलदीप कुमार, सरिता मुर्मू, पवन कुमार, नवीन कुमार सिंह, आलोक रंजन, अरविंद कुमार साजिद जफर, जय श्री कुजुर, मुस्तफा अंसारी, वरुण रजक, प्रकाश चंद्र महतो, चंद्रशेखर आजाद, मनोज कुमार, संदीप सुमन, महेश प्रजापति, राजीव कुमार, किशोर कुमार रजक, रंजीत कुमार लकड़ा, गोपाल कालुंडिया, विजय कुमार कुशवाहा, वरुण देवगन, सुमित सौरव लकड़ा, राजेंद्र प्रसाद, अखिल नीतीश कुजुर, अमिता लकड़ा, ओम प्रकाश, सिरिल कुमार मरांडी, प्रमोद कुमार मिश्र, कृष्ण कुमार महतो, कमलेश सिंह, अवध कुमार यादव, जयप्रकाश सिंह, राजेंद्र कुमार दुबे, अनिल कुमार सिंह, सुधीर कुमार, अमरनाथ, नीरज कुमार सिंह, भोला प्रसाद सिंह, नवीन कुमार लकड़ा, शमशाद आलम शमसी, मनीष चंद्र लाल, केदारनाथ राम, परमेश्वर प्रसाद नबीन चंद्र दास, जयप्रकाश नाग, जितेंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार मिश्रा, संजय कुमार सिंह और जयप्रकाश नारायण चौधरी के भी नाम वरीयता सूची में है। वरीयता सूची में हेलेन सोय, रीतिभान सिंह, वीरेंद्र कुमार राम, प्रवेज आलम, दीप नारायण रजक, जितेंद्र कुमार, सुमन गिनी नाग, अरुण कुमार तिर्की, राजेश कुजुर, डेविड ए दोडराय, तारामणि बाखला, पतरस बिरुवा, राकेश नंदन मिंज, ईकडू डुंगडुंग, नोवेल कुजुर, हिमांशु चंद्र मांझी, बैजनाथ होरो, तालो सोरेन, रिमिजियस टोप्पो, सत्येंद्र नारायण सिंह, नीरा प्रभा टोप्पो, दिल्लू लोहार, परम प्यारेलाल खलखो, सिप्रियन बागे, शशिकांत, सुधांशु कुजुर, वीरेंद्र बाड़ा, संचमान तमांग, विजय शंकर चौधरी, आनंद मोहन सिंह, अंजनी कुमार तिवारी, आमोद नारायण सिंह, संजय कुमार, अरविंद कुमार 2, कमल किशोर, संजीव कुमार सिंह, तेतरू उरांव, अजीत कुमार कुजूर, अलविनुस बाड़ा, वीरेंद्र कुमार पांडे, राज नारायण सिंह, शिव शंकर तिवारी, संजय कुमार राणा, अरविंद कुमार सिंह, अशोक कुमार 1, सियाशरण प्रसाद, सुमन आनन, अशोक कुमार 2, विनोद कुमार, यज्ञ नारायण तिवारी, अमरेंद्र नारायण कुमार, तालकेश्वर राम, टेशलाल राम, बेनेडिक्ट मरांडी, गंदरु उरांव, बिंदेश्वर महतो, अनिमेष कुमार गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, जोना योगेंद्र मुर्मू, कुलदीप टोपनो, महावीर शिलानंद किंडो, आलोक कुमार टूटी, प्लेयर किस्कू, प्रमोद कुमार सिंह ,अंकिता राय, रोहित रंजन सिंह, प्रदीप कुमार, रोहित कुमार, सुरेश प्रसाद यादव और धनंजय कुमार के नाम भी लगभग शामिल हैं।

## इलाज कराने के लिए कहीं बाहर जाने की ज़रूरत नहीं: डॉ नीतेश कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नार्मल व्यक्ति के हार्ट में चार चैंबर होते हैं। लेकिन पारस एचईसी अस्पताल में गिरिडीह से आये एक मरीज़ की जांच करने पर चिकित्सक ने पाया कि उसके हार्ट के लेफ्ट एट्रियम और राइट एट्रियम के बीच में कोई पार्टिशन (अलग करने वाला पर्दा) नहीं था। लेफ्ट एट्रियम और राइट एट्रियम के बीच में पार्टिशन नहीं होने के कारण साफ और गंदा खून एक ही जगह मिक्स हो रहा था। डॉ कुणाल हजारी ने बताया कि इस बीमारी को कॉमन एट्रियम कहते हैं। जिसकी सर्जरी पारस अस्पताल में हुई।उन्होंने बताया कि मरीज के मेडिकल हिस्ट्री में पाया गया कि मरीज़ को यह बीमारी जन्मजात है। बचपन से ही उसे सर्दी-खांसी और बुख़ार की समस्या थी। कई जगह इलाज कराने के बाद वह थक चुका था। इस दौरान गिरिडीह में इकोकार्डियोग्राफी कराने के बाद पता चला कि मरीज़ के हार्ट के एट्रियम में कुछ गड़बड़ है। तब मरीज़ को रांची के पारस एचईसी अस्पताल रेफर किया गया।पारस एचईसी अस्पताल आने के बाद मरीज की डॉ कुणाल हजारी की निगरानी में इकोकार्डियोग्राफी की गई। जिसमें पाया गया कि मरीज के हार्ट के लेफ्ट एट्रियम और राइट एट्रियम के बीच में कोई पार्टिशन नहीं है। पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने बताया कि प्रदेश के मरीज़ों को अब किसी भी तरह की असाध्य बीमारियों का इलाज कराने के लिए कहीं बाहर जाने की ज़रूरत नहीं है।

## रांची उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों पर किया विचार-विमर्श, दिए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की बैठक की। उपायुक्त ने विचार-विमर्श के बाद संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने मोरहाबादी मैदान में होने वाले समारोह के लिए कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 को लोगों के लिए मैदान के दोनों ओर वाटरप्रूफ पण्डाल, कुर्सी की व्यवस्था, मैदान समतलीकरण एवं बैरिकेटिंग, स्टेज एवं साउंड बॉक्स के लिए टॉवर निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही मोरहाबादी की ओर जाने वाली सड़कों की मरम्मत और साफ-सफाई, चिकित्सा मेडिकल कैंप और अग्निशमन की व्यवस्था को लेकर ससमय पूरी तैयारी करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाले झांकी और परेड से संबंधित जानकारी भी संबंधित पदाधिकारी से ली। उन्होंने बताया कि झांकी के वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त हैं। साथ ही उन्होंने परेड में आईआरबी और भारतीय सेना के प्लाटून को जोड़ने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार 15 प्लाटून और 04 बैंड परेड करेंगे। 16 जनवरी से परेड का रिहर्सल किया जाएगा।उपायुक्त ने बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य आकर्षण यहां की झांकियों का प्रदर्शन रहेगा। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं पर आधारित और राज्य की उत्कृष्ट कला, संस्कृति, परम्परा एवं धरोहर प्रदर्शित करने वाली झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## सड़क सुरक्षा को लेकर चित्रांकन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी रांची के निर्देशानुसार रोड सेफ्टी वीक के तहत सड़क सुरक्षा विभाग रांची, क्राउंड लायंस एव रिलेशनस के संयुक्त तत्वावधान में डी ए वी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल वेस्ट हेहल पार्क हेहल रांची में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रोड सेफ्टी पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोयन किया गया। इस अवसर पर बच्चो ने सड़क सुरक्षा के ऊपर कई अद्भुत चित्र बनाकर सड़क सुरक्षा को लेकर रांची वासियों को जागरूक किया।साथ ही साथ अपने अभिभावकों को यातायात नियमों का पालन कराने का संकल्प भी लिया। इस अवसर मुख्य अथिति के रूप में रोड सेफ्टी के डिस्ट्रिक इंचार्ज जमाल ख़ान, रोड सेफ्टी के इंजिनियर गौरव कुमार, स्कूल कि प्राचार्या रोशी वाधवानी आदि उपस्थित थे। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में क्राउंड लायंस के अध्यक्ष शुभम चौधरी,सचिव मनप्रीत सिंह छाबड़ा, नवानिहाल सिंह , रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी मौजूद रहे। इस अवसर पर सुष्मिता मुखर्जी, सुषमा ठाकुर, श्रावणी तिवारी, विभा मिश्रा, कल्पना मिश्रा, कीर्ति सहगल आदि कई शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चो को जागरूक करने था। इस अवसर पर को यातायात नियमों का पालन को लेकर जागरूक भी किया गया।

## 127 जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच नि:शुल्क कम्बल वितरण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट राँची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा राँची के सदस्यों ने सयुंक्त तत्वाधान मे आज शनिवार दिनांक 13 जनवरी 2024 को पुंदाग गाँव मे विभिन्न मोहल्ले से आये हुए 127 ग्रामीण पुरूष महिला- पुरुष श्रद्धालुओ के बीच लोहड़ी एव मकर सक्रांति के पुर्व 123 कम्बल 123 उनी टोपी उनी मोजा एव पर तिलकुट चुडा वगैरह का निशुल्क वितरण किया गया। वहा विभिन्न जगहों साई मंदिर भागलपुर महतो टोली, बजरंग बली मंदिर,स्थित लोहरा टोली, बीच टोला, साहु मोहल्ला एवं श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम,पुंदाग से आये हुए कुछ महिला-पुरुष ने तो कोई भी गर्म वस्त्र नहीं पहने थे उन ग्रामीणों की ऐसी हालत देखकर संस्था के सभी सदस्य को इतनी तकलीफ हुई उसकी कल्पना भी नही की जा सकती आज के युग मे भी ग्रामीण परिवार के सदस्य इस तरह की जिन्दगी व्यतीत कर रहे है।संस्था के सदस्यों एवम पदाधिकारीयों ने यह निर्णय लिया की आगे भी सेवा के कार्यक्रम इस गाँव मे जरूर करेगे और यहा की निर्धन ग्रामीणों की हर संभव मदद करेगे।

कार्यक्रम समापन मे उस जगह उपस्थित ग्रामीणों ने संस्था के सदस्यों का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया और कहा की सुदूरवर्ती गांवों में इस तरह की सेवा के कार्य बहुत ही कम संस्था के लोग करते हैं उन्होंने संस्था के अध्यक्ष से आग्रह किया कि आने वाले समय में भी इसी तरह के कार्यक्रम आपके द्वारा होता रहे इसकी मैं आपसे और आपकी संस्था से विनती करते है। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी,नंदकिशोर चौधरी, प्रमोद सारस्वत पुर्णमल सर्राफ ,ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी,धीरज गुप्ता, आलोक सिंह मुन्ना कुमार एवं संस्था के और बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## कंपकपाती ठंड और खुले आसमान के नीचे दर्शकों ने भारत और यूनाइटेड स्टेट्स का रोमांचक मैच का लिया आनन्द

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 13 से 19 जनवरी तक मोरहाबादी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स का आगाज किया गया। पहला मैच जर्मनी और चिली के साथ दिन के 12 बजे शुरू हुआ। मौके पर खेल मंत्री हफीजुल हसन, पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर, हॉकी इंडिया की कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन , भारत हॉकी के महासचिव सह झारखंड हॉकी के अध्यक्ष भोला सिंह, खेल सचिव मनोज कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं इस आयोजन का विधिवत उद्घाटन महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा किया गया। इसी के बाद रात्रि साढ़े सात बजे भारत और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच मैच खेला गया। दर्शकों ने देर रात तक कंपकंपी वाली रात और खुले आसमान के नीचे गिरते ओस में बैठकर ओलंपिक हॉकी का आनंद लिये और खिलाड़ियों का हौसला हफजाई करते नजर आये। पेरिस ओलंपिक के टिकट के लिए 8 देशों की टीमों का भीडंत हो रही है। इनमें मेजबान भारत सहित इटली, चिली, जापान, चेक रिपब्लिक, जर्मनी, न्यूजीलैंड और यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका की टीमें शामिल हैं। इनमें टॉप तीन टीम पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

**पहला दिन जर्मनी ने चिली को हराया:** पहला मुकाबला दिन के 12 बजे जर्मनी और चिली के साथ खेला गया । पहले मुकाबले में जर्मनी ने चिली को 3-0 से हराया। जर्मनी ने पहले क्वार्टर में 2-0 कि बढ़त बनायी। पहला गोल 7वें मिनट में सेलिन ओरुज ने किया। जर्मनी को मिले दूसरे पेनाल्टी कार्नर को गोल में तब्दील कर मुकाबले में 1-0 की बढ़त बनायी। दूसरा गोल 10वें मिनट में जेत्ते लेस्कुटज ने शानदार फील्ड गोलकर लीड को 2-0 किया। पहले हाफ में 2-0 की लीड के बाद दूसरे हाफ में तीसरा गोल कर जर्मनी पर दबाव बड़ा दिया। 38 वें मिनट में लिसा नोल्टे ने फील्ड गोल किया। मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच सोनजा जिम्मेरमैन को मिला।

**जापान ने चेक गणराज्य को हराया:** जापान ने चेक गणराज्य की टीम को 2-0 से हरा दिया। इसमें जापान के लिए पहले ही क्वार्टर में मिउ सुजुकी ने एक गोल दागा।

## डॉ महुआ माजी ने प्याऊ का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** शनिवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर (भूतहा तालाब) के प्रांगण में राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी ने अपने सांसद मद से बने प्याऊ का उद्घाटन किया। साथ ही तिल सकरात के शुभ अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण, बच्चों के बीच पतंग और सभी के बीच खिचड़ी, दही चूड़ा, चिप्स,अचार का वितरण किया। साथ ही अपने संदेश में कहा कि मैं सभी के हर सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ी रहूंगी।युवाओं के चहेते वार्ड 18 के भावी प्रत्याशी सोमवेत माजी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में हम सभी लोग वार्ड 18 सहित तमाम रांची विधानसभा के लोगों के लिए हर परिस्थिति में खड़े हैं। उनका आवास 24 घंटा खुला है आमजनों के लिए। इस प्याऊ के शुभ उद्घाटन के अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी, वार्ड 18 के भावी प्रत्याशी सोमवेत माजी, नन्द किशोर सिंह चंदेल, संजय सिंह लल्लू,भोलू सिंह,राहुल सिंह,शंकर दूबे,रवि कुमार पिंकू, राधा हेमरोम,पिंटू पासवान, विक्की कुमार,अशोक महतो, मुकेश सिंह,करण सिंह, मोहित रजक, अर्जुन सिंह,रोहन सिंह, आशीष रजक, सौरभ रजक,नमन भरतिया, प्रियांशु वर्मा, आयुष वर्मा, पवन रजक, सूरज गुप्ता, शुभम सिंह, ऋत्विक मोदक, लकी रजक, प्रिंस मोदी,आदी हजारों कि संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के ख़रीद-बिक्री करते पकड़ाये तो लगेगा जुर्माना

**रांची ।** रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक के ख़रीद-बिक्री या इस्तेमाल करना पूर्णरूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके बावजूद शहर में धड़ल्ले से इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि अब कोई भी सिंगल यूज प्लास्टिक की खरीद-बिक्री, स्टोरेज, या मार्केट में इस्तेमाल करते हुए पकड़ा जाता है तो उसपर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी और उनसे जुर्माना वसूला जाएगा।

## गोवंशीय पशुओं से लदा कंटेनर पुल के नीचे गिरी, कई पशुओं की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 12जनवरी 2024 को गुमला जिला के पालकोट थाना क्षेत्र के गंजई नदी पुल से एक बड़ा कंटेनर अनियंत्रित होकर पुल के नीचे पलट गयी। कुछ हिस्सा पुल के उपर और बाकी हिस्सा पुल के नीचे आ गिरी। इस कंटेनर में तस्करों द्वारा अवैध रूप से गोवंशीय पशु लइद कर लेकर जा रही थी। इस। दुर्घटना में करीब पच्चीस से अधिक गोवंशीय पशुओं की मौत मौके पर ही हो गयी। कई पशुओं की हालत गंभीर है। कंटेनर के पलटने के बाद चालक और खलासी भागने में सफल रहे वहीं एक युवक को चोट लगी है उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही थाने की पुलिस मौके पर पहुंचर ग्रामीणों के सहयोग से पशुओं को बचाने की कोशिश देर शाम तक जारी थी। इस घटना को लेकर कुछ स्थानीय हिंदू संगठनों की भीड़ जमा हो गई और सभी आक्रोशित थे। पूरे घटने के निगरानी कर रहे सर्किल इंस्पेक्टर श्यामा मंडल में बताया कि घटना बहुत जबरदस्त हुई है । इसमें कई गोवंशीय पशुओं की जाने चली गई और कुछ घायल हैं और उसे बचाने का प्रयास जारी है। जो कंटेनर है वह खासकर नई कार, मोटरसाइकिल आदि को कंपनी से लेकर शो रूम तक पहुंचाती है, उसी कंटेनर में अवैध रूप से पशुओं को छिपाकर ले जाया जा रहा था, चारों तरफ से ढंका हुआ होता है कंटेनर ऐसे कंटेनर को पुलिस भी नहीं रोकती है। अब ऐसे वाहनों का भी गौ तस्कर अवैध रूप से मदद लेने लगी है। पुलिस छानबीन कर रही। अभी यह जानकारी हुई है ओडिशा , झारखंड होते हुए बंगाल ले जाया जा रहा था। सभी तस्करों की सूची निकाली जा रही है, सभी पर कार्रवाई होगी।

## बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की मौके पर मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के लोवाडीह चौक के करीब पेट्रोल पंप के पास एक अनियंत्रित बस ने मोटरसाइकिल सवार को अपने चपेट में ले लिया। मौके पर ही मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई । मोटरसाइकिल जेएच 01बीएस 6015 है, चालक हेलमेट पहने हुए था और बाएं और से जा रहा था , तभी एक बस आई और उसे बाएं तरफ से ही चपेट में ले लिया और वह घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इतना ही नहीं बस आसानी से घटना स्थल से फरार हो गई । आसपास के लोग आकर्षित हो गए और सड़क पर उतार आए । सूचना मिलने पर नामकुम थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। वहीं यह बताया गया कि युवक की पहचान खूंटी के गौसा टोली के रहने वाले विनित बारला के रूप में हुई है। वे रांची में अपनी बहन के साथ रह रहा था। घटना की जानकारी मिलने के बाद बहन का रोल रो कर बुरा हाल था। बताया गया कि रांची से हजारीबाग जाने वाली बस ने कुचला है, पुलिस अपने स्तर से बस की खोज बीन कर रही है।

**कैसे घट रही है घटना:** कांटा टोली चौक से लेकर लोवाड़ीह चौक के बीच आए दिन छोटी बड़ी घटनाएं होती रहती है। इसका कारण यह है कि काफी भीड़ भाड़ वाला इलाका है, स्कूल ,बैंक, अस्पताल सब कुछ है वहीं यहां पर ना ब्रेकर है और ना ही साइन बोर्ड कहीं पर लिखा हुआ है, कि गाड़ी धीरे चलाये। इसके अलावा जो बड़ी बसे हैं वह सवारी उठाने उतारने के लिए खादगढ़ा बस स्टैंड से निकलती है। पेट्रोल पंप पर रूकती है, वहां से फिर कॉलोनी , यूनियन बैंक, मौलाना आजाद कॉलोनी और लोवाडीह इस तरह से वे धीरे-धीरे सवारी चढ़ाने और उतारने के लिए जगह जगह रुकती रहती है। आगे बढ़ती है जिस कारण से जो छोटी वाहन , मोटरसाइकिल सवार जो होते हैं वे अनियंत्रित हो जाते हैं और इस तरह की दुर्घटनाएं घट जाती है । बता दें कि कांटा टोली चौक से लेकर लोवाड़ीह चौक के बीच जो पुल है अक्टूबर के महीने में सड़क हादसा हुई थी, जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी । इसके अलावे भी कई गाड़ियां और नियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ जाती है या कहीं पर क्षतिग्रस्त हो जाती है । यह आए दिन का मामला है। लेकिन न तो पुलिस प्रशासन , न ही यातायात पुलिस ,न परिवहन विभाग किसी को इस क्षेत्र में ध्यान नहीं है।

## पूर्व मंत्री और आजसू नेता रामचंद्र सहिस के माता के निधन पर जताया शोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव सचिव रामचंद्र सहिस की माता लक्ष्मी सहिस का शनिवार को निधन हो गया। वे 82 साल की थीं। उनका दाह संस्कार जमशेदपुर में मानगो के पास स्वर्णरेखा घाट पर किया गया। शव यात्रा में पार्टी के सैकड़ों नेता, कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। इससे पहले कई नेताओं ने उनके आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी और शोक प्रकट किया। सहिस की माता के निधन पर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गहरी संवेदना प्रकट की है। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा है कि दुख की इस घड़ी में पार्टी सहिस के साथ खड़ी है। केंद्रीय अध्यक्ष ने सहिस से बात कर उनका ढांढस भी बंधाया है। पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, विधायक लंबोदर महतो, सुनीता चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, महासचिव राजेंद्र मेहता, रौशनलाल चौधरी समेत अन्य कई नेताओं ने भी दुख प्रकट किया है।

## आजसू पार्टी के बुद्धिजीवी मंच के नेता की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के बुद्धिजीवी नेता भूदेव चंद्र महतो उर्फ जेठा उम्र 85 वर्ष की मौत अपने गांव नागेड़ीह आमटिकरा पर अपने आवास पर ही शनिवार को हो गई। उनका अंतिम संस्कार नागेड़ीह के नागे नदी में किया गया! मुखअग्नि उनके छोटे पुत्र कमलचंद महतो ने किया! जानकारी के अनुसार भूदेव महतो (जेठा) लंबे समय से बीमार चल रहे थे! उसके मौत से सिल्ली मुरी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पडी! उसके मौत पर सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने गहरा शोक व्यक्त किया। उनके अंतिम संस्कार में जयपाल सिंह, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, सुभाष चंद्र महतो , तरुण कुमार, शिव शंकर प्रसाद समेत काफी संख्या में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## हिंडाल्को द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूक अभियान चलाया गया

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंडालको मुरी यूनिट के द्वारा शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया ।सड़क सुरक्षा को लेकर प्रभात फेरी निकाली गई। इस प्रभात फेरी में हिंडाल्को कर्मचारी एवं अधिकारियों के अलावे स्कूली बच्चों ने भी हिस्सा लिया।



सभी ने सुरक्षा नियमों का तक्ति हाथ में लेकर घूम रहे थे। साथ ही साथ यातायात नियमों को लेकर नारे लगा रहे थे। जिसमें दो पहिया वाहन के लिए आइ एस मार्क वाले क्रैश हेलमेट का उपयोग करें ।वाहन चलाने के पहले वाहन की स्थिति को जांच करें, गाड़ी चलाते समय फोन का इस्तेमाल न करें, चार पहिया वाहन में सभी लोग सीट बेल्ट का उपयोग करें, निर्धारित गति सीमा का ध्यान रखें ,नशा सेवन कर गाड़ी ना चलाएं आदि शामिल है ।यह प्रभात फेरी हिंडालको कॉलोनी में किया गया है। इसके अलावे गेट के समीप स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक भी किया गया ।जिसमें हेलमेट एवं सिग्नल को विशेष रूप से दर्शाया गया।

## हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में शनिवार को कुंदी और कुल्ही पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का किया गया आयोजन. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी हजारीबाग के प्रोफेसर रामनारायण भगत शामिल हुए. कार्यक्रम



को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू ने विस्तृत रूप से केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दिया . वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर अतिथि रामनारायण भगत ने सभी ग्रामीणों से अपील किया की इस तरीके का कार्यक्रम में शामिल होकर सभी चीजों की जानकारी लेना चाहिए. और योजनाओं का भी लाभ लेना चाहिए. जिसमें मुख्य रूप से केसीसी लोन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना, आयुष्मान कार्ड, बीमा योजना सहित अन्य शामिल है. कार्यक्रम में मुखिया फ्रांसिस्का केरकेट्टा , मुखिया विनय उरांव , भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, प्रभारी बीएसओ हेमंत एक्का, डॉ शिवानंद कांशी, बीपीएम सुजाता सोनी, बीपीआरओ धनेश्वर राम, पंचायत सचिव वाहिद अंसारी, जन सेवक रोशन सुधाकर कुजूर, सनी बाखला, विकास कुमार, पंकज कुमार साहू, अनिल लकड़ा, सहित भारी मात्रा में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## भारथी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में तीन दिवसीय वार्षिक खेल सह राष्ट्रीय यूवा दिवस का आयोजन

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माण्डर स्थित भारथी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में तीन दिवसीय वार्षिक खेल सह राष्ट्रीय यूवा दिवस का आयोजन दिनांक 11.01.2024 से 13.01.2024 तक





किया गया। इस वार्षिक खेल के उद्घाटन एवं समापन समारोह म मुख्य अतिथि के रूप म महाविद्यालय की शैक्षणिक सचिव श्रीमति दिपाली पराशर के द्वारा किया गया। इस खेल में महाविद्यालय के बी.एड. एवं डी.एल.एड. के दोनो सत्रों के विद्यार्थियों ने चार हाउस में बँटकर सभी हाउस मे बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत का परचम लहराया। विवेकानंद, दयानंद, श्रद्धानंद एवं हंसराज हाउस के मास्टर क्रमशः मनोज कुमार गुप्ता व मधुरंजन, कृपाशंकर व श्वेता कुमारी, मुकेश कुमार तिवारी व रिभा कुमारी तथा विवके राज जायसवाल व नंदिता भट्टाचार्य के निर्देशन मे सभी हाउस में इंडोर व आउटडोर खेल के विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा जैसे स्पून रेस, थ्री लेग रेस, 100 मी0 रेस, शॉटपुट, रस्साकस्सी, बैडमिंटन, क्रिकेट, रिले रेस इत्यादि कई खेल का आयोजन किया गया और विजेता घोषित किये गये। विवेकानंद, दयानंद, श्रद्धानंद एवं हंसराज के हाउस कप्तान एवं उपकप्तान क्रमशः विवेक व प्रज्ञा एक्का, उपेन्द्र व लक्ष्मी, नितिश व पूजा उराँव तथा रौशन व प्रीति कुमारी ने अपने-अपने हाउस को बेहतर रणनीति के द्वारा हाउस को आगे बढ़ाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भाजपा पिपरवार मंडल द्वारा मनाया गया स्वामी विवेकानंद की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने महान आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई।इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने श्रद्धेय स्वामी जी के छविचित्र पर श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित कर नमन किया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय के नारे लगाते हुए भावनाएं व्यक्त की और उनके जीवन आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन और संघर्षों को स्मरण करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपनी शिक्षाओं और संदेशों से पूरी दुनिया को जीत लिया।युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके आदर्श विचारों से सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी।स्वामी विवेकानंद केवल देश में ही नहीं पूरे विश्व में अपने ऊंचे विचारों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने युवाओं रित करने का काम किया और इस जन्मदिन को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में बाल मेला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंजरी महिला क्लब की अध्यक्ष श्रीमती निभा झा और स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा मौजूद थे।स्कूल में अतिथियों के आगमन पर बच्चों के द्वारा तिलक लगाकर एवं पारंपरिक नृत्य पेश कर जोरदार स्वागत किया गया।जिसके बाद अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर बाल मेला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि इस प्रकार के मेले का आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्कूल के माध्यम से बच्चों मे व्यापार करने के तरीके की जानकारी प्राप्त करना,बच्चों को व्यापार में लाभ और हानि के नुकसान की जानकारी देना, बच्चों के मिलजुल कर काम करना और आपसी तालमेल को बढ़ावा देना इसका मुख्य उद्देश्य है।इस बाल मेला में स्कूल के बच्चों के द्वारा कुल



24 स्टाल लगाए गए थे।जिसमें मुख्य रूप से चाट,गुपचुप, इडली,गेम्स लिट्टी चोखा,पानी पुरी सहित कई प्रकार के खाने पीने के व्यंजनो का स्टॉल लगाया था। स्टॉल लगाने के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।इस दौरान बच्चों के साथ शामिल हुए अभिभावकों ने सभी स्टालों का भ्रमण कर स्वादिष्ट और लजीज व्यंजन का आनंद उठाया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के बच्चों के अलावे शिक्षकों का अहम योगदान रहा।इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक बच्चे और अभिभावक मौजूद थे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस अवसर पर आयोजित अंतर बीएड कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता में पटेल बीएड कॉलेज विजयी रही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शाश्वत बीएड कॉलेज के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं संक्षिप्त उद्बोधन के पश्चात चार बीएड कॉलेजों के बीच एक दिवसीय अंतर बीएड कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया. जिसमें पटेल बीएड कॉलेज, शाश्वत बीएड कॉलेज, जीरामनी एवं साइन बीएड कॉलेज के 2022-24 एवं 2023 25 के विद्यार्थियों ने भाग लिया. गर्ल्स कबड्डी एवं बॉयज वॉलीबॉल की खेलकूद प्रतियोगिता हुआ. जिसमें गर्ल्स कबड्डी में पटेल बीएड कॉलेज की टीम विजय रही. जबकि शाश्वत बीएड कॉलेज उपविजेता रहा. पटेल बीएड कॉलेज की सचिव श्रीमती संगीता कुमारी एवं प्राचार्या डॉक्टर अनुराधा कुमारी ने सभी टीमों को शुभकामनाए देने के साथ ही पटेल बीएड कॉलेज के गर्ल्स कबड्डी की विजेता टीम को सम्मानित करके भविष्य में भी इसी तरीके से सभी क्षेत्रो मे निरंतर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतू प्रोत्साहित किया।

## पंचायत स्वयं सेवको का बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड कार्यालय परिसर पर कर्रा प्रखंड के पंचायत स्वयं सेवको का बैठक शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष श्रवण पहान की अध्यक्षता में हुआ.

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंचायत स्वयं सेवको का संगठन को मजबूत करने साथ ही नये स्वंय सेवकों को बहाली करने पर विरोध जताया गया.बैठक में पंचायत स्वयं सेवको संघ ने आगामी 16 जनवरी से पूर्ण धरना प्रर्दशन में सभी पंचायत स्वयं सेवक संघ के सदस्य सभी काम छोड़कर धरना प्रदर्शन में भाग लेने का आह्वान किया गया. मौके पर बलराम सिंह, अफताब अंसारी, जोनी में होरो, संतोष कुमार भगत, सुनिता होरो, सबिता होरो, रामा नाग के अलावे दर्जनों पंचायत स्वयं सेवको उपस्थित थे।

## विधायक ने किया बहु ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग प्रखंड मुख्यालय के निकटवर्ती क्षेत्र में शनिवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बहु ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़ कर किया। शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि प्रत्येक पंचायत के गांव मे गर्मी के समय पानी की बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न होती है, पानी को लेकर विशेष कर महिला मे क्या गुजरती है, महिला ही जानती है, पानी के लिए एक दो किलोमीटर तक पैदल जाना पड़ता है। विधायक ने इन पानी की समस्या को दूर करने के लिए कहा कि झारखंड सरकार ने पंचायत पंचायत मे एक बड़ा योजना चलाई है



इस योजना से पूरे पंचायत के ग्रामीणों को गर्मी के समय पानी से नही जुझना पड़ेगा। इस योजना में प्रत्येक 20 या 40 घरों के लिए एक डिप बोरिंग करना है, और मशीन के माध्यम से पम्प द्वारा पानी एक बड़े से टंकी मे जमा करना है और टंकी का पानी को पाइप के माध्यम से चिन्हित घर मे पहुँचाना है इस तरह एक गांव के 120 घरों में चार से छ- डिप बोरिंग करा कर घरों मे पानी भेजना है। इस योजना का लाभ पंचायत के सभी घरों को देना है। विधायक ने कहा इस योजना को पुरा कराने मे ग्रामीण भी अपनी सहभागिता की जरूरत है, जहाँ निजी भूमि की जरूरत पड़े तो आप सभी ग्रामीण भूमि उपलब्ध कराने मे कांट्रेक्टर की मदद करे। साथ ही यह भी ध्यान रखे कि भूमि मे पम्प डेढ़ फिट अंदर बिछा रहा है की नहीं। अगर उसपर लापरवाही कर रहा है, तो उस डेढ फिट अंदर बिछाने के लिए कहे। अगर वे आपकी बात नही मानते है तो उसकी जानकारी कांग्रेस पार्टी पंचायत अध्यक्ष या मुखिया को दें।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

### आवश्यक सूचना

**(चोरी गयी मोटरसाईकिल SPLENDER+ (SELF DRUM-WHEEL BASE CAST), रंग–काला सिलवर)**

गढ़वा थाना कांड सं0–626/2023 दिनांक–30.12.2023 धारा–379 भा0द0वि0 के कांड में चोरी गयी मोटरसाईकिल SPLENDER+ (SELF DRUM-WHEEL BASE CAST) जिसका रजि0 न0– U.P64AQ 1670, इंजन नं0–HA11EVMHE01435 एवं चेचिस नं0– MBLHAw116ME01623 को दिनांक–30.12.2023 को गढ़वा कचहरी से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,

पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 316057 Police(23-24).D

## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

### –: आम सूचना :–

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चौपारण प्रखण्ड अन्तर्गत महाराजगंज बाजार से चुंगी वसूली हेतु बन्दोबस्ती वर्ष 2024–25 के लिए दिनांक 27/01/2024 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, हजारीबाग के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा की जायगी। नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 316019 (District) 23-24 (D)

## Government of Jharkhand
## Rural Works Department
## JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)

3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004

### NOTICE INVITING TENDERS
(National Competitive Bidding Through e-Procurement)

e-Tender No.- **214 /2023-24** Dated: 09.01.2024

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the following works of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna, Road Connectivity Project for Left Wing Extremism Affected Areas (PMGSY- RCPLWEA).

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.

| Sl. No . | District | Block | Tender Package | Road Name/Bridge Name | Length (in Kms.)/ m | Total const. Cost (in Lakhs) | Maint. Cost (in Lakhs) | Total project cost (in lakh ) | E/M (in Lakh) | Time of Completion (in Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 11 | 12 |
| **RCPLWEA (2017-18)** | | | | | | | | | | |
| 1 | Latehar | Garu | JH14LWE1B | Construction of Bridge over Choupat River from Latehar Banari Road via Gotag at Ch. 7100 m . | 186.68 | 629.214 | 5.39 | 634.604 | 12.70 | 06 |
| 2 | Latehar | Garu | JH14LWE1B1 | Construction of Bridge over Dhori Kusum Nallah from Latehar Banari Road via Goatag at Ch. 5075 m | 59.18 | 277.075 | 2.84 | 279.915 | 5.60 | 06 |
| **RCPLWEA (2019-20)** | | | | | | | | | | |
| 3 | Palamu | Chattarpur | JH17RCPL-PAL-01 | O-Khairohar to Silda Kala via Barkhar Rajderwa Bakaspur | 8.13 | 716.03 | 79.86 | 795.890 | 15.92 | 06 |
| 4 | Palamu | Chattarpur | JH17RCPL-PAL-02 | O-Sahpur to Hulasi Ghat | 3.82 | 369.35 | 35.06 | 404.41 | 8.09 | 06 |
| 5 | Palamu | Manatu | JH17RCPL-PAL-05 | O-Manatu Bazar to Murdhoi | 6.65 | 618.72 | 66.40 | 685.12 | 13.71 | 06 |
| 6 | Palamu | Patan | JH17RCPL-PAL-03 | O-Gram Role to Tilaiya Sikani | 5.37 | 475.32 | 51.52 | 526.84 | 10.54 | 06 |
| 7 | Palamu | Patan | JH17RCPL-PAL-04 | O-Gram Kaswakhara to Gram Budhi | 6.47 | 573.07 | 62.50 | 635.57 | 12.72 | 06 |

Details of bid submission is as under:

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | **16.01.2024 at 10.30 AM** | **24.01.2024 upto 5.00 PM** | **25.01.2024 at 5.30 PM** | To be informed later |

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*

**Note :-**
1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD, any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) / made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five working days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at jh-ce@pmgsy.nic.in. Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder by the time of Agreement.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

**Chief Engineer**
**JSRRDA, Ranchi**

PR 316094 (Rural Work Department) 23-24 (D)

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, गुमला।
(निर्वाचन शाखा)

### शुद्धि–पत्र

लोकसभा (आम) निर्वाचन–2024 के निमित कार्यालय कार्य हेतु कंम्पयुटर सिस्टम, प्रिन्टर एवं स्कैनर आदि की आपूर्ति करने हेतु इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक–09/निर्वा0, दिनांक 02.01.2024 एवं विज्ञापन संख्या PR315107 Election (2324) #D द्वारा अल्पकालिन निविदा आमंत्रित की गई थी। निविदा खोलने की तिथि 11.01.2024 तक मात्र 02 ही निविदाताओं द्वारा निविदा जमा किया गया हैं।

अतएव पुनः उक्त निविदा की तिथि को दिनांक 19.01.2024 तक विस्तारित की जाती है। दिनांक19.01.2024 के अपराह्न 01.00 बजे तक मोहरबंद निविदा प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन अर्थात दिनांक 19.01.2024 के अपराह्न 03.30 बजे उप विकास आयुक्त, गुमला के कार्यालय सभाकक्ष (DRDA) गुमला में जिला कय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरणी एवं शर्तें गुमला जिला के अधिकारी वेबसाईट https://gumla.nic.in से डाउनलोड अथवा जिला निर्वाचन शाखा, गुमला से प्राप्त किया जा सकता है।

उप निर्वाचन पदाधिकारी
गुमला।

PR 315990 Election(23-24)D

## कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा।

### अति अल्पकालीन पुनः निविदा आमंत्रण सूचना

अति अल्पकालीन पुनः निविदा संख्या – 09/2023-24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक – 22-01-2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 24-01-2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 24-01-2024 को 3.30 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता एन0 आर0 ई0 पी0 सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यपालक अभियंता एन0 आर0 ई0 पी0 सिमडेगा।
7. कार्य का विवरण :

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपये में) | कार्यादेश की तिथि से कार्य समाप्ति की सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Renovation and up-gradation of simdega hockey infrastructure in S.S. +2 Hight School, Bano. | Bano | 14.51100 | 29100 | 2500 | 03 माह |

कार्यापालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा।

PR 316018 (Simdega) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़

रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला– रामगढ़, झारखण्ड– 829122, ई-मेल– eercdramgarh-jhr@nic.in

### एस०बी०डी० आधारित अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

ई–निविदा प्रसंग संख्या :– RCD/RAMGARH/ 19 /2023-24 दिनांक :–12-01-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | IRQP Work of Patratu to Saunda 'D' Road from KM 0.00 to 11.35 Under Road Divison, Ramgarh for the of Year 202 3-24 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रूपये 6,17,06,862.00 (छः करोड़ सतरह लाख छः हजार आठ सौ बासठ) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03(तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 17/01/2024 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 27/01/2024 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़ |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नंबर | 98351–25637 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नंबर | 0651–2401010 |

- निविदा की अन्य शर्तें वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित निविदाकारों को UCAN से संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
- निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।
- Cost of bidding document (Non-refundable fee) & Bid Security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in.

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0 पथ प्रमण्डल रामगढ़

PR 315985Road(23-24)#D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## गूगल के सहयोग से टैलेंटस्प्रिंट लॉन्च करेगा अपने महिला इंजीनियर कार्यक्रम का 6वां बैच



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेहतरीन डीपटेक प्रोग्राम बनाने वाली ग्लोबल एडटेक कंपनी टैलेंटस्प्रिंट ने गूगल के सहयोग से अपने महिला इंजीनियर कार्यक्रम के छठे बैच के शुभारंभ की घोषणा की है। छठी बैच देश भर की अलग-अलग सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाली प्रथम वर्ष की महिला इंजीनियरिंग छात्राओं के लिए 200 सीटें प्रदान करेगी। कार्यक्रम में 100 फीसदी छात्रवृत्ति शामिल है जो प्रोग्राम फीस को कवर करती है, और साथ ही अतिरिक्त रूप से 100,000 रुपये की नकद छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है। घोषणा पर टिप्पणी करते हुए गूगल के वीपी/जीएम शिव वेंकटरमन ने कहा, हमें टैलेंटस्प्रिंट फॉर विमेन इंजीनियर्स प्रोग्राम का समर्थन करने में खुशी है। यह प्रक्रिया लिंग भेद के अंतर को कम करते हुए यह भी सुनिश्चित करती है कि अनुभवों और दृष्टिकोणों की विविध तकनीक के भविष्य को नया आकार देती है। टैलेंटस्प्रिंट के फाउन्डिंग सीईओ और एमडी डॉ. संतनु पॉल ने कहा, टैलेंटस्प्रिंट में, हम शिक्षा की दुनिया बदलने वाली शक्ति में विश्वास करते हैं और यह कार्यक्रम बाधाओं को तोड़ने के लिए हमारी प्रतिबद्धता की ओर पुष्ट करता है। बैच 6 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 जनवरी, 2024 है। कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाएँ - we.talentsprint.com

## ईजमायट्रिप ने नई सहायक कंपनी के साथ बीमा क्षेत्र में प्रवेश किया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के दूसरे सबसे बड़े ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म में से एक ईज़मायट्रिप ने अपनी नई सहायक कंपनी ईज़मायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड लॉन्च की है। नए उद्यम से उद्योग में ईज़मायट्रिप की स्थिति मजबूत होने और ईज़मायट्रिप के अपने 20 मिलियन उपयोगकर्ता आधार के साथ 7.9 ट्रिलियन रुपये के बाजार को पूरा करने की उम्मीद है।




इस संबंध में ईज़मायट्रिप के सीईओ और सह-संस्थापक, निशांत पिट्टी ने कहा कि हमें ईज़मायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह नई सहायक कंपनी हमारे लिए एक बड़ा कदम है क्योंकि हम अपनी सेवाओं में विविधता ला रहे हैं और बीमा बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों के लिए पूरा ट्रेवल इकोसिस्टम की पेशकश करना है और यह नया समावेश उसी दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। उन्होंने बताया कि ईज़मायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड का इरादा इनोवेशन और कंज्यूमर सेंट्रिक आइडियोलॉजी से बीमा उद्योग में क्रांति लाने का है।

## किआ ने एडैस वाली नई सॉनेट को 7.99 लाख रुपये की कीमत पर किया पेश



**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की अग्रणी प्रीमियम कार निर्माता, किआ ने अपनी सबसे प्रीमियम कॉम्पैक्ट एसयूवी - नई सॉनेट को देश भर में 7.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होने वाली विशेष प्रारंभिक कीमत पर पेश किया है। दिसंबर 2023 में पेश किए गए, किआ के दूसरे सबसे ज्यादा बिकने वाले इनोवेशन के इस नवीनतम संस्करण में 25 सुरक्षा सुविधाएं दी गई हैं, जिसमें 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं वाला उत्कृष्ट एडैस और मजबूत 15 हाई-सेफ्टी इंस्योरेंस शामिल हैं। इस वाहन में 70 से अधिक कनेक्टेड कार सुविधाएं हैं, जैसे कि 'फाइंड माइ कार विद एसवीएम', जो सॉनेट को सबसे आरामदायक ड्राइव बनाने के लिए कार के आसपास का दृश्य प्रदान करता है और हिंग्लिश कमांड देता है। नई सॉनेट 19 अलग-अलग वेरिएंट में अपनी उपलब्धता के साथ विविध प्रकार के ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है, जिसमें 9.79 लाख रुपये से शुरू होने वाले 5 डीज़ल मैनुअल वेरिएंट भी शामिल हैं। 10 ऑटोनॉमस फंक्शंस की विशेषता वाला सेगमेंट का बेस्ट एडैस लेवल 1, डीजल और पेट्रोल दोनों इंजन्स के लिए टॉप ऑफ द लाइन वेरिएंट में उपलब्ध है। पेट्रोल में जीटी लाइन और एक्स-लाइन वेरिएंट की कीमत क्रमशः 14.50 और 14.69 लाख रुपये, और डीज़ल की कीमत 15.50 और 15.69 लाख रुपये है। नए सॉनेट के लॉन्च/कीमत की घोषणा करते हुए, किआ इंडिया के चीफ सेल्स और बिज़नेस स्ट्रेटेजी ऑफिसर, श्री म्युंग-सिक सोन ने कहा कि हम नई सॉनेट को पेश करके कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट को पुनरू प्रीमियम बना रहे हैं।

## अंसार खान के नेतृत्व में जीएम बिजली विभाग को सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में मानगो से एक प्रतिनिधिमंडल बिजली विभाग के जीएम सरवन कुमार को ज्ञापन सौंपा। अंसार खान ने जीएम को बताया मानगो क्षेत्र के कई जगहों पर बिजली के पोल नीचे से दीमक खा चुके हैं। उन्हें चेंज करके नया बिजली पोल लगाया जाए। वहीं कुछ जगह बिजली नीचे झूले हुए हैं उन्हें हटाकर केबुल लगाया जाए। दूसरी और जवाहर नगर रोड नंबर 6 कूट-कूट डूंगरी क्षेत्र में बिजली के नए 25 पोल लगे हुए हैं अभी तक उन बिजली पोलों पर केबुल या बिजली के तार नहीं लगाए गए हैं। जबकि बस्तीवासी दूसरे क्षेत्रों से तारों को खींचकर अपने घरों में कनेक्शन ले रखा है। वहीं जीएम सरवन कुमार ने आश्वासन दिया, मार्च महीने के बाद मानगो क्षेत्र में बड़े काम होंगे जबकि छोटे काम उन्हें तुरंत कर दिया जाएगा। आज प्रतिनिधिमंडल में रिटायर हेड मास्टर इमाम उल हक, आनंद एक्का रंजन, कुजूर, हेंब्रम, राज कश्यप, आरज़ू खान, मोहम्मद यूसुफ मौजूद थे।

## पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की माता लक्ष्मी सहिस का निधन, स्वर्णरेखा घाट में हुआ अंतिम संस्कार

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह बोड़ाम थाना क्षेत्र के मुचीडीह गांव के रहने वाले (वर्तमान वाटिका ग्रीन सिटी मानगो) रामचंद्र सहिस की माता लक्ष्मी सहिस (85) का शनिवार को वाटिका ग्रीन सिटी स्थित आवास में निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीनो से अस्वस्थ चल रहे थे और घर में ही बेडरेस्ट में थे। शनिवार की सुबह 10 बजे अचानक तबीयत बिगड़ गई और घर में ही अंतिम सांस ली। इधर सहिस की माता का निधन की खबर फैलते ही राजनीतिक हल्के व उनके समर्थकों के बीच शोक की लहर दौड़ पड़ी। दोपहर में स्वर्णरेखा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। भाजपा नेता विमल बैठा, मुचीराम बाउरी, आजसू नेता हरेलाल महतो समेत काफी संख्या में लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

# उपायुक्त ने बैठक कर जिले में डीएमएफटी मद अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त रविशंकर शुक्ला समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ मे सम्बन्धित पदाधिकारियों सहित बैठक कर जिले में डीएमएफटी मद अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। योजनावार संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता से कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए प्राक्कलन अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कार्य प्रगति की रिपोर्ट के साथ फोटोग्राफ संलग्न करने को कहा। उद्योग एवं माइंस क्षेत्र में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित गांव व टोला के विकास हेतु ग्राम सभा के प्रोसिडिंग के आधार पर योजनाओं के चयन करने के निर्देश दिए। जो योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं उनका संबंधित क्षेत्र के प्रखंड विकास पदाधिकारी से वेरिफिकेशन कराते हुए फाइनल पेमेंट करने के निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई , जिला खनन पदाधिकारी सन्नी कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रंजीत ठाकुर , कार्यपालक अभियंता माइनर इरिगेशन विजय कुमार सहित संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वीरांगनाओं ने मकर संक्रांति में गरीबों में चुड़ा गुड़ लाइ का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अंतर्राष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन की ओर से मकर संक्रांति के उपलक्ष में लोयोला स्कूल स्थित बेल्डीह कालीबाड़ी मंदिर परिसर में गरीबों के बीच चूड़ा, गुड़ और लाई का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन की अंतरराष्ट्रीय महामंत्री भारती सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारती सिंह के अलावा सीमा सिंह, प्रीति सिंह, मिनी सिंह, प्रतिमा सिंह, अर्चना सिंह, चित्रलेखा सिंह, माला सिंह, आशा सिंह, पम्मी सिंह, प्रीति सिंह आदि महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# लायंस क्लब व सरदार पटेल कॉलेज ने कम्बल वितरण किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लायंस क्लब ऑफ यूनिटी एवं सरदार पटेल कॉलेज ऑफ फार्मेसी/नर्सिंग के द्वारा शुक्रवार को पटमदा में गरीब एवं जरूरतमंदों के बीच कम्बल एवं मकर पर्व के लिए चूडा, मुड़ी एवं लाई का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से लायंस क्लब के सदस्य सजय सिंह, पुरेन्दु सरकार, आरती सिंह, धर्मेंद्र सिंह,शिला जी एवं सरदार पटेल के निर्देशक उपेंद्र प्रसाद उपस्थित थे इस आयोजन के लिए ग्राम मुखिया परमेश्वर सिंह द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।

# बीडीओ अभय द्विवेदी ने किया टांगराईन स्कूल का निरीक्षण, भव्य गेट बनवाने का किया वायदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पोटका के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय द्विवेदी आज ने आज कई स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे टांगराईन स्कूल भी पहुंचे। उनके साथ बीपीओ विशेश्वर नंदी भी उपस्थित थे। बीडीओ अभय द्विवेदी टांगराईन स्कूल में बाल केंद्रित शिक्षण माहौल को देखकर काफी खुश हुए। विद्यालय में पुस्तकालय,माहवारी प्रबंधन कक्ष ,दीवार पत्रिका, साफ सफाई और पोषण वाटिका से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने गैर सरकारी संस्थान द्वारा विद्यालय में तीन कमरे बनाए जाने की भी सराहना की। जमीन दान देने में ग्रामीणों के सहयोग से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी के नवाचार और प्रगतिशील सोच की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यालय में पेवर्स ब्लॉक बिछाने और भव्य गेट बनवाने का भी वायदा किया। इस दौरान शिक्षा सेवी जय हरि सिंह मुंडा और उज्जवल कुमार मंडल भी उपस्थित थे। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को पूरे विद्यालय के विकास कथा के बारे में जानकारी दी।

## बोलेरो पिकअप वैन को ले उड़े अज्ञात चोर, मामला दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक में एक रासायनिक खाद व्यवसायी का दुकान के आगे चारदीवारी से बोलेरो पिकअप वैन को अज्ञात चोरों द्वारा लेकर रफूचक्कर हो गया। वैन चोरी के खिलाफ अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया। चोरी की घटना की सुचना मिलते ही थाना प्रभारी गौरव मिश्रा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व चोरी के घटना का जायजा लिया। उन्होंने अगल बगल के दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात को व्यापारी सदानंद साहु बोलेरो पिकअप वैन संख्या जेएच 0 5 डी एच 0978 को अपने मकान के आगे चारदीवारी के भीतर रख दिया था।

# जुस्को स्कूल साउथ पार्क व जोगा के बैनर तले जोगा इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जोगा इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 शनिवार को जेआरडी टाटा बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि में जेईएम फाउंडेशन के प्रशासक ए.एफ मैडन, सम्मानित अतिथि में जेईएम फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रबंधक जीजू थॉमस और विशेष अतिथि में जोगा के उपाध्यक्ष एवं खेल प्रवर्तक फिरोज खान उपस्थित थे। विद्यालय की प्रधानाचार्या मिली सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत पौधे देकर किया। वहीं जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के हेड कोच बैडमिंटन, विवेक शर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा 18 स्कूलों के सभी प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह और भागीदारी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**टूर्नामेंट के परिणाम इस प्रकार रहेः** जूनियर वर्ग ( गर्ल्स) प्रथम स्थान -मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल की वैभवी श्रीवास्तव, यशस्वी श्रीवास्तव, वर्षा कुमारी। द्वितीय स्थान -सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल की प्रिशा पालीवाल, अरुवी श्रद्धा सिंह, प्रशीता सवर्ण,अदिति शर्मा। तृतीय स्थान - केरला पब्लिक स्कूल, मानगो की सामिया आफरीन, तैफा शमशेर। जूनियर वर्ग (बॉयज) प्रथम स्थान -केरला पब्लिक स्कूल, मानगो के एम.डी.अशरफ अंसारी, शादान अहमद खान, हाशम अहमद ,अनफ़ महफ़ूज़। द्वितीय स्थान - डीएवी बिस्टुपुर के कोशल घोष, सैयद वली हसन, ईशान कुमार, नमन राज। तृतीय स्थान -बारीडीह हाई स्कूल के नवीन महतो, आशित महतो, हर्षित गुप्ता। सीनियर वर्ग ( गर्ल्स) प्रथम स्थान -माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल की ख़दीजा अल्ताफ़ जावेद, इज़्ज़ह निसा, लाईबा यासीन अहमद। द्वितीय स्थान -सेंट्रल पब्लिक स्कूल,आदित्यपुर की रिद्धि सिंह, सृष्टि कुमारी। तृतीय स्थान - जुस्को स्कूल साउथ पार्क की रोली गुप्ता, मोनालिका। सीनियर वर्ग ( बॉयज) प्रथम स्थान -डीएवी बिस्टुपुर के आदित्य भार्गव, आयुष सिन्हा, राजदीप दास, अभिरूप राज। द्वितीय स्थान - तारापुर एग्रीको स्कूल के उत्कर्ष कुमार, हर्ष बाग। तृतीय स्थान - माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल के अमनदीप, शाश्वत शुभम राज, पुष्पेश कुमार।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से टीवीएस सवार सुकु मांझी की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कांड्रा ओवर ब्रिज ढलान के समीप अज्ञात वाहन द्वारा टीवीएस में ठोकर मार दिए जाने से उसपर सवार डुमरा पंचायत के विश्रामपुर निवासी सुकु मांझी गम्भीर रूप से घायल हो गया। एम्बुलेंस नही मिलने से करीब आधे घण्टे तक वह सड़क पर तड़पता रहा। इस दौरान उधर से गुजर रहे जेबीकेएएस भोलू महतो की नजर जब उस पर पड़ी तो उनके द्वारा टेम्पो से उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह सुकु मांझी टीवीएस से कांड्रा स्थित अमलगम स्टील डयूटी जा रहा था।

# बराभूम एंटरटेनमेंट यूट्यूब चैनल लॉन्च

### पहली फिल्म भुड़कुर पेंशन टाकाय मकर परब का हुआ प्रीमियर शो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बराभूम दर्पण न्यूज पोर्टल के प्रकाशक सह पटमदा के पत्रकार कल्याण कुमार गोराई द्वारा शनिवार को पटमदा के डाक बंगला परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित कर यूट्यूब चैनल बराभूम एंटरटेनमेंट का लांचिंग झामुमो के वरिष्ठ नेता आस्तिक महतो एवं युवा नेता महाबीर मुर्मू ने संयुक्त रूप से किया। इसके साथ ही यूट्यूब चैनल पर पहली वीडियो भुड़कुर पेंशन टाकाय मकर परब नामक शॉर्ट फिल्म रिलीज की गई। मौके पर अन्य अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार शशांक शेखर महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, पटमदा के जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, बोड़ाम के पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, जीतुलाल मुर्मू, ग्राम प्रधान वृंदावन दास, गोपाल कुमार, प्रदीप कुमार पैड़ा, मुरारी कुमार, ईशान चंद्र गोप, शिशुपाल सिंह सरदार, मिहिर कुमार महतो, आनंद गोराई, कृष्ण प्रसाद महतो, बीरू कुमार, सुजीत महतो, संजय सिंह, करण कालिंदी, मनोज तांती आदि मौजूद थे। इस संबंध में फिल्म के निर्माता, निर्देशक व लेखक कल्याण कुमार गोराई ने बताया कि इसमें मकर संक्रांति के पूर्व की तैयारी, गरीब किसान परिवार का दर्द, परिवार में बूढ़े बुजुर्गों की स्थिति, वृद्धावस्था पेंशन से किस तरह परिवार में बूढ़े बुजर्गो का मान सम्मान बढ़ रहा है।

# अहसीन इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेलकूद दिवस का हुआ आयोजन

### एरम निगार और बिनय हेम्ब्रम ने जीता सर्वश्रेष्ठ एथलीट 23 का खिताब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अहसीन इंटरनेशनल स्कूल, जमशेदपुर ने शनिवार को अपना वार्षिक खेलकूद दिवस-2023 बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के अतिथि प्रो.एम.नज़्म अंसारी और अहसीन फाउंडेशन के प्रबंध ट्रस्टी आसिफ महमूद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ.अर्चना द्विवेदी, कर्मचारी, शिक्षक, छात्र और अभिभावकों काफी संख्या में मौजूद थे। प्राचार्य ने अतिथियों और गणमान्य लोगो का स्वागत करते हुए स्कूल की खेल गतिविधियों और छात्रों की उपलब्धियों की एक संक्षिप्त रिपोर्ट साझा की। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल जलाकर व गुब्बारे उड़ाकर किया गया। छात्रों ने मार्च पास्ट, ड्रिल और विभिन्न दौड़ जैसे तीन पैरों वाली दौड़, हॉपिंग रेस, फिल स्पिल रेस, मिक्सड रिले रेस आदि में भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ एथलीट 23 का खिताब एरम निगार और बिनय हेम्ब्रम ने जीता।

# सांसद बिद्युत बरण महतो के पहल पर टुसु व मकर पर्व को लेकर नदी घाटों की हुई सफाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सांसद बिद्युत बरण महतो ने आज टुसू पर्व के मद्देनजर सोनारी स्थित दोमुहानी घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट के साफ सफाई कार्य से संबंधित समुचित निर्देश उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को दिया । उल्लेखनीय की सांसद महतो ने एक पत्र लिखकर उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम से कहा था कि टुसु और मकर संक्रांति को ध्यान में रखते हुए जिला के सभी नदी घाटों एवं जलाशयों की समुचित साफ सफाई की जाए ताकि श्रद्धालु पूरे श्रद्धापूर्वक इस पर्व को मना सके। इस संबंध में सांसद महतो ने उपायुक्त से मुलाकात भी की थी। उपायुक्त ने सांसद श्री महतो को सूचित किया था कि उन्होंने सभी नगर निकायों को दिशा निर्देश दिए हैं एवं इसे सुनिश्चित करने को कहा है । आज सांसद महतो ने दौरा के क्रम में पाया कि घाटों का सफाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त सांसद महतो ने स्वर्णरेखा परियोजना के कार्यपालक अभियंता को भी मकर पर्व के अवसर पर नदी में समुचित जल को छोड़ने के लिए कहा था। इस संबंध यह पाया गया कि नदी में जल छोड़ा जा चुका है। आज निरीक्षण के क्रम में उनके साथ मुख्य रूप से भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राजनगर में गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन समय सारणी निर्धारित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** राजनगर प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगूर कोड़ाह की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक हुई. प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रातः 8:30 बजे झंडा उत्तोलन किया जाएगा।वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर में 9:00 बजे, थाना परिसर में 9:75 बजे ,बीआरसी परिसर में 9:25 बजे एवं कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में 9:45 बजे झंडा उत्तोलन का निर्णय लिया गया। साथ ही गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनता एवं प्रशासन के बीच दोस्ताना फुटबाल मैच आयोजन का भी निर्णय हुआ।

## भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल बना अटल सेतु

**समुद्र** पर बना भारत का सबसे लंबा ब्रिज बनकर तैयार हो गया. मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने वाला यह ब्रिज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर अटल सेतु रखा गया है.पीएम मोदी ने मुंबई दौरे के दौरान इस पुल को देश को समर्पित कर दिया. अटल सेतु पुल समुद्र पर बना भारत का सबसे लंबा पुल है. इसकी लम्बाई 21.8 किलोमीटर है.

इसे मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक के नाम से भी जाना जाता है. दक्षिण मुंबई से नवी मुंबई की दूरी तय करने में महज 20 से 25 मिनट समय लगेगा. इसके उद्घाटन के बाद से डेढ़ से दो घंटे की यात्रा समय की बचत होगी. मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक अटल सेतु भारत में अब तक बना सबसे लंबा समुद्री पुल है. अटल सेतु 21.8 किमी लंबा है और इसमें छह लेन हैं, जो द्वीप शहर सेवरी से मुख्य भूमि पर न्हावा-शेवा तक बना है. मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक के निर्माण के लिए तीन कंस्ट्रक्शन कम्पनियों के साथ समझौता किया था. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा गया अटल सेतु मुंबई के सेवरी से शुरू होकर रायगढ़ जिले के उरण में न्हावा शेवा पर समाप्त होता है.इस पूरे प्रोजेक्ट में 18,000 करोड़ रुपये खर्च हुए है. इसका लक्ष्य प्रतिदिन 70,000 वाहनों को सेवा प्रदान करना है.इस पुल के निर्माण में लगभग 177,903 मीट्रिक टन स्टील और 504,253 मीट्रिक टन सीमेंट का उपयोग किया गया है.

इसको दो जगहों से लिंक किया गया है. पहला लिंक ऐरोली-मुलुंड कनेक्टर और दूसरा वाशी कनेक्टर है.यह 6 लेन का अत्याधुनिक ब्रिज है. जिसका विस्तार समुद्र पर 16.50 किलोमीटर और भूमि पर 5.5 किलोमीटर है. यह पुल 21.8 किमी लंबा है और इस ब्रिज का प्रत्येक लेन 3.5 मीटर चौड़ा है.इससे यात्रा काफी हद तक सुव्यवस्थित हो जायेगा और शहर के लोग मुंबई और नवी मुंबई के बीच की दूरी केवल 20 मिनट में तय कर सकेंगे पहले यही दूरी तय करने में 2 घंटे का समय लगता था.मुंबई पुलिस के मुताबिक अटल सेतु पर चार पहिया वाहनों की अधिकतम स्पीड 100 किमी प्रति घंटा होगी. वहीं पुल पर चढ़ते और उतरते समय स्पीड 40 किमी प्रति घंटे तक सीमित रखी गयी है. हालांकि इस पुल पर दोपहिया और तिपहिया वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है.

इसका निर्माण साल 2018 में शुरू किया गया था. इसे 4.5 साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन कोविड-19 के कारण इसके निर्माण में आठ महीने की देरी हुई.अटल सेतु के निर्माण से मुंबई और पुणे एक्सप्रेसवे और गोवा हाईवे के बीच की दूरी भी कम हो गयी है. यह मुंबई को मुंबई-गोवा राजमार्ग, वसई और विरार, नवी मुंबई और रायगढ़ जिलों को जोड़ दिया है. गौरतलब है कि विश्व का सबसे लंबा समुद्री पुल हांगकांग-झुहाई-मकाऊ है जो 2017 में बनकर तैयार हुआ था।

पर्ल रिवर एस्चुरी के लिंगदिंग्यांग जल क्षेत्र में बना 55 किलोमीटर लंबा यह पुल विश्व का सबसे लंबा समुद्री पुल है। इससे हांगकांग से झुहाई की यात्रा का समय 4 घंटे से घटकर महज आधा घंटा रह गया। इस ब्रिज का करीब 6.7 किलोमीटर का हिस्सा समुद्र के नीचे सुरंगनुमा शक्ल में है। इस पुल को बनाने की शुरुआत 2009 में हुई थी। इसे तैयार करने में 60 एफिल टावर के बराबर 420,000 टन स्टील का प्रयोग किया गया है। इसे बनाने में करीब 80 हजार टन पाइप का इस्तेमाल किया गया। यह नदी और समुद्र पर बना दुनिया का छठा सबसे लंबा पुल है। पुल की सबसे खास बात है कि यह रिक्टर पैमाने पर 8 की तीव्रता वाले तूफान को झेल सकता है।

इसकी गहराई 44 मीटर है। इस ब्रिज को तैयार करने में कुल 17.3 अरब डॉलर का खर्च आया है। इस पुल पर कार दौड़ाने का मजा ही कुछ और है। हजारों कारें प्रतिदिन इस पुल पर दौड़ती है। इस दौरान उनके आसपास दूर तक केवल पानी ही पानी नजर आता है।

बता दें कि चीन ही वह देश है जहां दुनिया का सबसे लंबा रेल पूल भी है। शंघाई के पास स्थित दयांग-कुंशन रेल ब्रिज की लंबाई 164 किमी है। चीन में अब इससे भी लंबा पुल बनाया जा रहा है। चीन में बन रहा दुनिया का सबसे लंबा केबल ब्रिज किंगशान यांग्त्जी नदी पर बनाया जा रहा है। इसका निर्माण चीन की रेलवे मेजर ब्रिज इंजीनियरिंग ग्रुप कंपनी द्वारा किया जा रहा है।

उच्चतम न्यायालय की बैंच इस बात पर विचार करेगी कि क्या यह विश्वविद्यालय अल्पसंख्यक संस्थान है या नहीं...

## अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय फिर चर्चा में

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> 1857 की आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों ने अनेक सबक सीखे थे और उसके अनुरूप भारत को लेकर अपनी नीति और रणनीति दोनों को ही बदला। इस लड़ाई में भारत के देसी मुसलमान अंग्रेजों के विपक्ष में खड़े थे। इसलिए अंग्रेजों को ऐसे मुसलमानों की तलाश थी, जो विदेशी मूल के हों और भारत के देसी मुसलमानों को अपने पिछलग्गू बना कर उनका नेतृत्व संभाल सकें।

**अलीगढ़** मुस्लिम विश्वविद्यालय एक बार फिर चर्चा में आ गया है। विश्वविद्यालय की पहचान और इसकी वैधानिक स्थिति को लेकर इस विश्वविद्यालय की चर्चा बार-बार होती ही रहती है। दरअसल यह विश्वविद्यालय अपने जन्म काल से ही चर्चा में है। 1857 की आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों ने अनेक सबक सीखे थे और उसके अनुरूप भारत को लेकर अपनी नीति और रणनीति दोनों को ही बदला। इस लड़ाई में भारत के देसी मुसलमान अंग्रेजों के विपक्ष में खड़े थे। इसलिए अंग्रेजों को ऐसे मुसलमानों की तलाश थी, जो विदेशी मूल के हों और भारत के देसी मुसलमानों को अपने पिछलग्गू बना कर उनका नेतृत्व संभाल सकें। इसके लिए अंग्रेज हुक्मरानों ने अनेक उपाय किए जिनमें से अलीगढ़ में एक शिक्षा संस्थान की स्थापना भी एक था। अरब मूल के सैयद अहमद खान अंग्रेजों की इस योजना के नायक बने और उन्होंने अलीगढ़ में जो स्कूल खोला था, ब्रिटिश सरकार ने कुछ साल बाद उसे अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रूप में अधिनियमित कर दिया। ब्रिटिश सरकार ने सैयद साहिब को भी 'सर' की उपाधि देकर उसका रुतबा बढ़ाया। इतिहास के विद्यार्थी जानते हैं कि भारत के विभाजन में, भारतीयों में हिंदू-मुसलमान का विवाद पैदा करने में इस विश्वविद्यालय का अग्रणी स्थान रहा। यही कारण था कि अंग्रेजों के चले जाने के बाद यह मांग की गई थी कि साम्प्रदायिकता की इस जड़ को समाप्त किया जाए। लेकिन तत्कालीन सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया। बात आई-गई हो गई। उसके बाद भारत का संविधान बना। संविधान के समय कुछ सदस्यों ने यह मांग की कि प्रस्तावना, जो संविधान की आत्मा का परिचायक है, में भारत एक सेक्युलर देश है, भी लिखा जाए। लेकिन संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष इसके विरोध में डट गए। उनका मानना था कि भारतीय स्वभाव से ही सेक्युलर हैं। लेकिन अंग्रेजी में लिखे जा रहे संविधान में सेक्युलर का अर्थ गलत निकाला जाएगा और यह साम्प्रदायिकता को बढ़ावा देगा। बाबा साहिब अंबेडकर ने इसके बजाय भारत में जो समुदाय अपने आपको मजहब के आधार पर अल्पसंख्यक मानते हैं, उनको अधिकार दिया कि वे अपने अलग से शिक्षा संस्थान खोल सकते हैं और वहां अपने मजहब की शिक्षा भी दे सकते हैं। लेकिन आपात स्थिति का लाभ उठाकर उस समय




कांग्रेस ने संविधान की प्रस्तावना में ही सेक्युलर शब्द जोड़ दिया। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जो भारत सरकार का शिक्षा संस्थान है, को लेकर मुसलमानों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया। हल्ला मचाने वालों में देसी मुसलमान कम थे, अरब-तुर्क-मुगल (एटीएम) मूल के मुसलमान यानी अशरफ समाज के मुसलमान ज्यादा थे। उन्होंने दावा किया कि यह शिक्षा संस्थान अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थान है और भारत का मुसलमान अल्पसंख्यकों को अपना शिक्षा संस्थान अपनी मर्जी से चलाने का अधिकार देता है। इसलिए इस विश्वविद्यालय ने अपने यहां अनुसूचित जातियों के छात्रों के लिए सीटें आरक्षित करने से इंकार कर दिया। इसी प्रकार प्राध्यापक भर्ती में भी अनुसूचित जाति के प्रत्याशियों के लिए सीटें आरक्षित करने से इंकार कर दिया। मुसलमानों का कहना था कि यह संस्थान अल्पसंख्यक संस्थान है, इसलिए भारत सरकार विश्वविद्यालय को बाध्य नहीं कर सकती कि वह अनुसूचित जाति के लोगों को अपने यहां आरक्षण दे। कुछ लोगों ने समझाया भी कि नाम में मुसलमान लिख देने मात्र से ही कोई शिक्षा संस्थान अल्पसंख्यक नहीं बन जाता। न ही यह विश्वविद्यालय मुसलमानों द्वारा संचालित है। यह विश्वविद्यालय संसद के अधिनियम से संचालित है। इसका वित्त भार भी देश की आम जनता के पैसे से चलता है। यह केन्द्रीय सरकार का संस्थान है। लेकिन इसका कोई असर दिखाई नहीं दिया, उल्टा विश्वविद्यालय के मुसलमान छात्र इस बात पर अड़े रहे कि विश्वविद्यालय में पाकिस्तान के कायदे आजम मोहम्मद अली जिन्ना का चित्र लगेगा, जो अब भी लगा हुआ है। जाहिर है इससे अनुसूचित जाति के छात्रों और शिक्षकों में रोष पैदा होता। उनके समर्थक भी गुस्से में आते। कोई और रास्ता न देख कर देश के कुछ प्रबुद्ध लोगों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दी कि पहले यही फैसला हो जाए कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अल्पसंख्यक संस्थान है या फिर केन्द्र सरकार के अन्य विश्वविद्यालयों की तरह ही है, और उसमें भी अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण के प्रावधानों को लागू करना अनिवार्य है? मामला उच्च न्यायालय में देर तक चला। अंततः न्यायालय ने निर्णय दिया कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय मुसलमानों का अल्पसंख्यक संस्थान नहीं है। जाहिर है अब इस विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति के लोगों से अन्याय नहीं किया जा सकेगा। लेकिन कांग्रेस ने इससे पहले ही निर्णय कर लिया था कि न्यायालयों के इस प्रकार के फैसलों से कैसे निपटना है। इसकी शुरुआत उसने शाह बानो के केस में ही कर दी थी, जब शाहबानो उच्चतम न्यायालय से अपने शौहर से गुजारा भत्ता पाने का केस जीत चुकी थी। कांग्रेस सरकार ने उस फैसले को निरस्त करने के लिए बाकायदा संसद में कानून पारित कर सैयदों के हाथ मजबूत किए और अशरफ समाज से वाहवाही लूटी। यही काम उसने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के मामले में किया। अब की बार फिर अशरफों ने कांग्रेस सरकार को पकड़ा और मनमोहन सिंह की सरकार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। केवल इतना ही नहीं, सरकार ने यह फैसला भी किया कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की शाखाएं देश के अन्य हिस्सों में भी खोली जाएंगी। बिहार के किशनगंज में तो इसकी तैयारी भी शुरू कर दी। लेकिन देश का अनुसूचित जाति समूह और पसमांदा/अलजाफ/अरजाल समूह भी इस निर्णय से गुस्से में था। अब सरकार ने जन भावनाओं का सम्मान करते हुए इलाहाबाद न्यायालय के फैसले के खिलाफ डाली अपनी अपील वापस लेने की अर्जी उच्चतम न्यायालय में डाल दी। उच्चतम न्यायालय ने सात न्यायाधीशों की बैंच का गठन कर दिया है जो इस बात पर विचार करेगी कि क्या अलीगढ़ का यह विश्वविद्यालय अल्पसंख्यक संस्थान है या नहीं? निर्णय किया होगा, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन अनुसूचित जाति समुदाय का मानना है कि कम से कम किसी ने उनके हितों की ओर ध्यान तो दिया।

दृष्टि कोण

## खाद्य सुरक्षा पर असर को लेकर मौजूद चिंताएं

**कई** अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिकों ने बहुप्रचारित एक नैनो उर्वरक को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। वहीं कहा कि यह किसानों के लिए भी फायदे का सौदा नहीं है। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना द्वारा हाल ही में प्रकाशित शोध के अनुसार, नैनो उर्वरक तकनीक अपनाने से गेहूं की पैदावार में 21.6 प्रतिशत और धान की पैदावार में 13 प्रतिशत कमी दर्ज हुई। इसके अतिरिक्त गेहूं और धान के दानों में क्रमशः 17 और 11 प्रतिशत नाइट्रोजन की कमी भी दर्ज हुई जिससे दानों में प्रोटीन की कमी होना स्वाभाविक है। ज्ञात रहे कि सरकारी संस्था ने 2021 में तरल नैनो यूरिया का विपणन इस दावे के साथ शुरू किया था कि इसकी 4 प्रतिशत नाइट्रोजन से युक्त 500 की बोतल 50 किलो परंपरागत यूरिया (46 प्रतिशत नाइट्रोजन) के एक बैग के बराबर है। इसके विपणन के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा खूब प्रचार के बावजूद नैनो यूरिया अभी तक किसानों और कृषि वैज्ञानिकों का विश्वास नहीं जीत पाया। यह न तो फसल के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ और न ही वैज्ञानिक कसौटी पर खरा उतरा। करीब 140 करोड़ मानव आबादी वाले भारत की खाद्य सुरक्षा पिछले 50 वर्षों से मुख्यतः गेहूं और धान फसल के उत्पादन पर आधारित रही है। जनिमें मात्र 5-10 प्रतिशत की कमी से ही, देश में खाद्य सुरक्षा के खतरे की घंटी चुनौती पैदा हो जाती है और सरकार गेहूं



आयात करने और चावल निर्यात रोकने पर मजबूर हो जाती है। ऐसी परिस्थिति में बिना उचित वैज्ञानिक परीक्षण किये नैनो उर्वरकों पर जल्दबाजी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। ऐसे उर्वरकों को दूसरे उर्वरकों के साथ, कम्पनियों द्वारा बेचना किसानों के हित में नहीं कहा जा सकता है। कृषि वैज्ञानिक इस नैनो उर्वरक का विरोध शुरू से कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान जर्नल 'प्लांट सॉयल' के अंक 10 अगस्त, 2023 में अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों मेक्स फरेंक और सौरेंन हस्टीड ने रहस्योद्‌घाटन किया है कि नैनो यूरिया के दावे तथ्यहीन हैं। इसके विपणन के लिए प्रचार से देश की खाद्य सुरक्षा और किसानों में कृषि विज्ञान अनुसंधान में विश्वास कम होने की संभावना है।

इसी तरह की आशंका देश के प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिकों ने पहले भी व्यक्त की है। जनिके अनुसार तकनीकी तौर पर नैनो यूरिया पारंपरिक दानेदार यूरिया का विकल्प नहीं बन सकता और न ही कृषि विश्वविद्यालयों व संस्थानों ने इसे अपनी फसलों की समग्र सिफारिश में अनुशंसित व शामिल किया है। आर्थिक तौर पर भी नैनो यूरिया किसान हितैषी नहीं है, क्योंकि आधे लीटर नैनो यूरिया का दाम 240 रुपये है जो कि पारंपरिक दानेदार यूरिया के एक बैग यानी 45 किलो के दाम के लगभग बराबर ही है। इन सब तथ्यों के बावजूद, नैनो यूरिया का प्रचार गलत है। इसका वार्षिक लगभग 5 करोड़ बोतल उत्पादन और किसानों को दूसरे उर्वरकों के साथ जबर्दस्ती बेचना हितकारी नहीं है। कृषि रसायन विज्ञान के अनुसार, रासायनिक रूप में एक बैग यानी 45 किलो पारंपरिक यूरिया में 46 प्रतिशत नाइट्रोजन होती है, जिसका मतलब है कि 45 किलोग्राम यूरिया में लगभग 20 किलोग्राम नाइट्रोजन होती है। इसके विपरीत, 500 मिलीलीटर नैनो यूरिया में 4 प्रतिशत नाइट्रोजन की दर से मात्र 20 ग्राम नाइट्रोजन होती है यानी दानेदार यूरिया के मुकाबले हजार गुना से भी कम नाइट्रोजन नैनो यूरिया में होती है। तब जाहिर सी बात है कि नैनो यूरिया की 20 ग्राम नाइट्रोजन दानेदार यूरिया की 20 किलोग्राम नाइट्रोजन की भरपाई कैसे कर सकती है। जहां तक नैनो यूरिया के फसलों के पत्तों पर छिड़काव के कारण ज्यादा प्रभावशाली होने के दावों की बात है तो दानेदार यूरिया भी पूरी तरह से पानी में घुलनशील होने से 2-5 प्रतिशत छिड़काव की सिफारिश पहले ही की हुई है, यानी जो तथाकथित लाभ 240 रुपये दाम वाले आधा लीटर नैनो यूरिया छिड़काव से मिल सकता है, उसे किसान मात्र 12 रुपये दाम के 2 किलो पारम्परिक यूरिया प्रति एकड़ छिड़काव द्वारा पहले से ही ले रहे हैं। कृषि विज्ञान के अनुसार, पौधों को प्रोटीन बनाने के लिए नाइट्रोजन की आवश्यकता होती हैं। भूमि में नाइट्रोजन की कमी से अनाज, तिलहन, आलू आदि फसलों की उन्नत किस्मों के उत्पादन में 50-60 प्रतिशत तक की कमी देखी गई है। अंतर्राष्ट्रीय खाद्य और कृषि संगठन के मानदंडों के अनुसार भी 25 क्विंटल अनाज प्रति एकड़ उत्पादन के लिए 62 किलो नाइट्रोजन चाहिए जो 130 किलो यूरिया प्रति एकड़ डालने से मिलेगी। तीन सितम्बर, 2022 के एक राष्ट्रीय अंग्रेजी दैनिक में छपे लेख में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से मृदा विज्ञान के सेवानिवृत्त प्रो.एनके तोमर ने कहा, भले ही काल्पनिक रूप में, आधा लीटर नैनो उर्वरक 100 प्रतिशत प्रभावी रूप से पौधों को उपलब्ध हो, लेकिन यह केवल 368 ग्राम अनाज पैदा करेगा। इसलिए, नैनो यूरिया पर किये जा रहे सरकारी प्रयास सार्वजनिक धन की बर्बादी है। नैनो यूरिया पर दावे निराधार हैं। इस बारे प्रोफेसर तोमर द्वारा नीति आयोग को लिखे पत्र का सरकार ने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया।

कुछ अलग

## डिजिटल अंतर मिटाने का वक्त, असमानता की खाई को पाटना बड़ी चुनौती

**नए** वर्ष में जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव करीब आते जाएंगे, सियासी गर्मी बढ़ती जाएगी। इस दौरान कई गैर-जरूरी मुद्दे बहस के केंद्र में आ सकते हैं, जिससे बाकी मुद्दों को विमर्श से बाहर कर दिया जाएगा। लेकिन एक ऐसा मुद्दा है, जो देश के भविष्य के साथ जुड़ा है। यह है- मानव पूंजी। भारत एक युवा राष्ट्र है, जहां औसत उम्र मात्र 28 वर्ष है। देश के जनसांख्यिकीय लाभ के बारे में बातें होती हैं, पर यह लाभ मिलेगा ही, इसकी गारंटी नहीं है, क्योंकि युवाओं का एक विशाल बहुमत अब भी अपनी पूरी क्षमता का एहसास नहीं कर पा रहा है। मानव पूंजी की कमी इसका एक प्रमुख कारण है। शिक्षा और विपणन कौशल मानव पूंजी के प्रमुख तत्व हैं। इसके बिना बदलती विश्व व्यवस्था में उभरते हुए नए अवसरों का लाभ नहीं उठाया जा सकता। थोड़े लोग हैं, जो इन नए अवसरों के लिए जरूरी कौशल से लैस हैं और उनका लाभ उठा रहे हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि इस वर्ष हम बाकी लोगों के बारे में विचार करेंगे, जो देश में और देश के बाहर उभरते अवसरों का लाभ उठाने के योग्य नहीं हैं। ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय में रॉयल बैंक रिसर्च प्रोफेसर ऑफ इकनॉमिक्स अमर्त्य लाहिड़ी ने हाल ही में कहा है, 'हर साल भारत की श्रम शक्ति में 80 लाख से एक करोड़ तक नए श्रमिक जुड़ते हैं। एक दशक तक यह गति जारी रहेगी। इन नए श्रमिकों में से अधिकांश हाई स्कूल या बेहतर शैक्षणिक योग्यताओं से लैस होकर आ रहे हैं। इसलिए उनकी अपेक्षाएं आनुपातिक रूप से ज्यादा हैं और भारत की उपलब्धि के अंततः अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के सामान्य राष्ट्रीय आख्यान से और ज्यादा उत्साहित हैं।' पर आकांक्षाएं हमेशा जमीनी वास्तविकता से मेल नहीं खातीं। लाहिड़ी के मुताबिक, 'असली समस्या कौशल की कमी की है। इस समय भारत करीब 22 लाख ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और पीएच.डी. धारक पैदा करता है। दुर्भाग्य से उनमें से अधिकांश प्रशिक्षण पाने के बावजूद रोजगार के लिए अयोग्य हैं। कुशल श्रमिकों का एक समूह तैयार करने के लिए उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के लिए निरंतर निवेश की आवश्यकता होगी, ताकि उन्हें इन उच्च मानव पूंजी के क्षेत्रों में अच्छे वेतन की नौकरी मिल सके।' हाल के वर्षों में युवाओं को हुनरमंद बनाने और उनका कौशल बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। डिजिटल इंडिया पहल के तहत भी कई कार्यक्रम चल रहे हैं। लाखों युवा अब डिजिटल रूप से अधिक समझदार व शिक्षित हैं, पर देश के विभिन्न हिस्सों में अंतर बना हुआ है। जैसे, उत्तरी और दक्षिणी राज्यों और पुरुषों एवं महिलाओं के बीच भारी असमानता है। लाखों भारतीय अब भी स्कूल की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते। मई, 2023 तक देश में साइबर सुरक्षा पेशेवरों के लिए 40,000 रिक्तियां थीं, पर भारतीय भर्ती और मानव संसाधन सेवा कंपनी टीमलीज सर्विसेज की सहायक कंपनी टीमलीज डिजिटल के अनुसार, कौशल की भारी कमी के कारण इनमें से 30 फीसदी रिक्तियां भरी नहीं जा सकीं। पिछले वर्ष मार्च में सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी मल्टीपल इंडिकेटर सर्वे के अनुसार, भारत को सूचना एवं संचार तकनीक (आईसीटी) से संबंधित कुशल पेशवरों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। 11,63,416 लोगों के सैंपल पर आधारित इस डाटा से पता चला कि सभी आयु समूहों में महिलाओं की तुलना में पुरुषों के पास आईसीटी कौशल अधिक है। सर्वे में शामिल 15 से 29 वर्ष के आयु के और केवल 27 फीसदी लोगों ने कहा कि वे दस्तावेज, तस्वीर और वीडियो के साथ ईमेल भेजना जानते हैं।

देश दुनीया से

## सौर विकिरण व चुंबकीय तूफानों की सुलझेगी गुत्थी



> पिछले साल चंद्रमा के सबसे दुर्गम दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर के मूनवॉक के बाद भारत का दूसरा यान आदित्य-एल1 छह जनवरी को सूर्य का साक्षात्कार करने पहुंच गया है। इससे पहले इसरो ने 1 जनवरी को ब्लैक होल और दूसरी खगोलीय वस्तुओं के अध्ययन के लिए एक्स-रे पोलारिमेटर सैटेलाइट (एक्सपोसेट) का सफल प्रक्षेपण किया था। इस तरह के अध्ययन के लिए यह दुनिया का दूसरा मिशन है। इससे पहले नासा ने 2021 में इस तरह का मिशन भेजा था। सूर्य का करीब से अध्ययन करने के लिए आदित्य-एल1 अंतरिक्ष में अपने निर्धारित स्थान, लंग्रेज 1 प्वाइंट पर पहुंच गया है।

**भारत** ने अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में दो बड़ी सफलताओं के साथ नए साल की शानदार शुरुआत की है। पिछले साल चंद्रमा के सबसे दुर्गम दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर के मूनवॉक के बाद भारत का दूसरा यान आदित्य-एल1 छह जनवरी को सूर्य का साक्षात्कार करने पहुंच गया है। इससे पहले इसरो ने 1 जनवरी को ब्लैक होल और दूसरी खगोलीय वस्तुओं के अध्ययन के लिए एक्स-रे पोलारिमेटर सैटेलाइट (एक्सपोसेट) का सफल प्रक्षेपण किया था। इस तरह के अध्ययन के लिए यह दुनिया का दूसरा मिशन है। इससे पहले नासा ने 2021 में इस तरह का मिशन भेजा था। सूर्य का करीब से अध्ययन करने के लिए आदित्य-एल1 अंतरिक्ष में अपने निर्धारित स्थान, लंग्रेज 1 प्वाइंट पर पहुंच गया है। इसरो ने यान को इस प्वाइंट के इर्दगिर्द एक त्रिआयामी कक्षा में स्थापित कर दिया है। लंग्रेज 1 प्वाइंट सूर्य की दिशा में पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर है। त्रिआयामी कक्षा में यान को प्रविष्ट कराना तकनीकी दृष्टि से बहुत ही जटिल कार्य था, जिसे इसरो के वैज्ञानिकों ने सटीकता के साथ पूरा किया। इस सूर्य मिशन से भारत दुनिया के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है जिन्होंने सूर्य के अन्वेषण के लिए अपने यान भेजे हैं। आदित्य-एल1 ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी-सी57) के जरिए श्रीहरिकोटा से 2 सितंबर को रवाना हुआ था। सूर्य की पड़ताल के लिए यह भारत की पहली अंतरिक्ष-आधारित ऑब्जर्वेटरी है। इसमें 7 अलग-अलग पेलोड हैं, जो सभी स्वदेशी साधनों से विकसित किए गए हैं। पांच पेलोड इसरो द्वारा विकसित किए गए हैं जबकि दो अन्य का विकास इसरो के सहयोग से भारतीय शैक्षणिक संस्थानों द्वारा किया गया है। यान के पेलोड में सात वैज्ञानिक उपकरण हैं जो सौर कोरोना (सबसे बाहरी परत), फोटोस्फीयर (सूर्य की सतह या वह भाग जिसे हम पृथ्वी से देखते हैं) और क्रोमोस्फीयर (प्लाज्मा की एक पतली परत जो फोटोस्फीयर और कोरोना के बीच स्थित होती है) का निरीक्षण और अध्ययन करेंगे। एल1 से अभिप्राय सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लग्रेंज प्वाइंट 1 से है। सामान्य समझ के लिए एल1 अंतरिक्ष में एक ऐसा स्थान है जहां सूर्य और पृथ्वी जैसे दो खगोलीय पिंडों के गुरुत्वाकर्षण बल संतुलित रहते हैं। दूसरे शब्दों में दोनों के बल एक-दूसरे को कैंसल कर देते हैं। इस वजह से वहां रखी वस्तु दोनों खगोलीय पिंडों के बीच अपेक्षाकृत स्थिर रहती है। सभी लग्रेंज स्थानों में से, एल1 को सौर अवलोकनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। एल1 के चारों ओर कक्षा में एक उपग्रह होने का मुख्य लाभ यह है कि यह बादलों द्वारा अवरुद्ध किए बिना या ग्रहणों का अनुभव किए बिना लगातार सूर्य को देख सकता है। इस समय वहां यूरोपीय स्पेस एजेंसी की सोलर एंड हेलिओस्फेरिक ऑब्जर्वेटरी (सोहो) इस समय वहां मौजूद है। सूर्य, ग्रहों और उनके चंद्रमाओं के बीच गुरुत्वीय अंतर-क्रियाओं के कारण पूरे सौरमंडल में लग्रेंज प्वाइंट मौजूद हैं। आदित्य एल1 अगले पांच वर्षों तक सूर्य पर होने वाली विभिन्न घटनाओं को मापने में मदद करेगा और सभी प्रकार के डेटा एकत्र करेगा जो अकेले भारत के लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। सूर्य हमारे जीवन को कैसे प्रभावित करता है, इसे समझने के लिए यह डेटा बहुत उपयोगी होगा। आदित्य-एल1 ने अपनी यात्रा के दौरान पर अपने हाई एनर्जी एल1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एचईएल1ओएस) पेलोड से सौर ज्वालाओं की पहली झलक देखी है। 29 अक्तूबर को अपनी पहली अवलोकन अवधि के दौरान एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर ने आदित्य-एल 1 पर सौर ज्वालाओं के आवेगपूर्ण चरण को रिकॉर्ड किया। रिकॉर्ड किया गया डेटा अमेरिका के ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के जियोस्टेशनरी ऑपरेशनल एनवायर्नमेंटल सेटेलाइट द्वारा प्रदान किए गए डेटा के अनुरूप है। दरअसल, स्पेक्ट्रोमीटर का डेटा शोधकर्ताओं को सौर ज्वालाओं के आवेगपूर्ण चरणों के दौरान विस्फोटक ऊर्जा का अध्ययन करने में सक्षम बनाता है। यह स्पेक्ट्रोमीटर इसरो के बेंगलुरु स्थित यू.आर.राव सैटेलाइट सेंटर के स्पेस एस्ट्रोनॉमी ग्रुप द्वारा विकसित किया गया था। आदित्य-एल1 पर लगे सोलर अल्ट्रावायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) ने 6 दिसंबर को सूर्य की पहली पूर्ण-डिस्क छवियों को सफलतापूर्वक कैप्चर किया है। एल1 लग्रेंज प्वाइंट पर यान की तैनाती से आदित्य-एल1 सूर्य को लगातार देख रख सकता है। इस स्थान से अंतरिक्ष यान सौर विकिरण और चुंबकीय तूफानों तक पहुंच सकता है। पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र और वायुमंडल से प्रभावित होने से पहले सौर विकिरण और चुंबकीय तूफानों को समझना बहुत जरूरी है। इसके अतिरिक्त एल1 बिंदु की गुरुत्वाकर्षण स्थिरता उपग्रह की परिचालन दक्षता को बढ़ाती है और बार-बार कक्षीय रखरखाव प्रयासों की आवश्यकता को कम करती है। सूर्य हमारे सौरमंडल के केंद्र में है। वह अन्य सभी खगोलीय पिंडों के व्यवहार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। सूर्य पर शोध से सौरमंडल की गतिशीलता को समझने में सुधार हुआ है।

आप का नजरीया

## हिमाचली लैब में आपदा

**चांद** को धरती पर लाने की मशक्कत में, सूरज के कदम भी रूठ के गुम हो गए। कुछ इसी तरह की नसीहतों में हिमाचल के सरकारी अस्पतालों की कंगाली उभर आई। जिस जोर शोर से अस्पतालों में 142 टेस्ट मुफ्त में कराने की घोषणा हुई, उसी तरह के मातम में इनके बंद होने की खबर है। कारण असाधारण नहीं, लेकिन कहना पड़ेगा कि रेवडियों ने मुफ्तखोरी को तगड़ा सबक सिखा दिया। हिमाचल के अस्पतालों मुफ्तखोरी के कोरिडोर सजा कर जो भी साधुवाद बटोरा, वह अंततः भौंडा व बेमुरब्बत साबित हुआ। एक ही दिन में कुल 650 अस्पतालों की मुफ्त की लैब मैनेजमेंट धराशायी हो गई और दस हजार मरीज मुफ्तखोरी के तकियाकलाम में अपनी बीमारी का औचित्य खोजते रहे। कल फिर जागीं निजी लैब, वरना इस आपातकाल की स्थिति का कोई वारिस भी नहीं मिलता। प्रदेश में क्रसना लैब अपने अठारह सौ कर्मचारियों के बलबूते हिमाचल की सेहत का निरीक्षण कर रही थी, लेकिन आवश्यक भुगतान न होने के चलते शटर बंद हो गए। कितना आसान है किसी कंपनी के लिए अपने फर्ज को अलविदा कहना और कितना हराम है मुफ्त की रेवड़ी को हर समय पचाना। जाहिर है बुधवार को सारा स्वास्थ्य सिस्टम घुटनों पर आ गया, लेकिन सरकार की ओर से न आपात की स्थिति को संबोधित करते मंत्री दिखे और न ही कोई विकल्प सामने आया। यह इसलिए कि मुफ्त की कोई तिजोरी नहीं होती, यह वक्त की चोरी है जो जिंदा नहीं होती। एक दिन टेस्ट व्यवस्था का ठप होना हजारों जिंदगियों से खेलना भी हो सकता है। दूसरे सरकार की व्यवस्था का निजी हाथों में मुलाजिम होना भी स्थायी उपाय नहीं। इससे पहले भी एक अन्य कंपनी का करार जब टूटा था, तो सरकार का सारा तिलिस्म धड़ाम हुआ था। यह सारा तामझाम नेशनल हैल्थ मिशन के तहत हिमाचल के स्वास्थ्य क्षेत्र को सहारा दे रहा था, लेकिन फंडिंग की श्रृंखला जब दिल्ली से टूटी या इंतजाम का वादा छोटा कर दिया, तो टेस्टों के बदले कंपनी को भुगतान करती तश्तरी में वित्तीय मजबूरियां उभर आईं। हम अब एक ऐसे देश में रहते हैं, जहां देश का मूड चुनाव है। वरना अस्सी-पचासी करोड़ नागरिकों को मुफ्त का अनाज देने की संगत में चिकित्सा की मन्नत यूं नजरअंदाज नहीं होती। विडंबना यह कि अब इनसान की आधारभूत जरूरतों के आगे भी सियासी भूत नचाए जा रहे हैं। यह आश्वासन और वादों की कटौती है जो केंद्र के आचरण में भेदभाव के कीड़ों को जन्म दे रही है। जाहिर है वित्तीय असमंजस में फंसे राज्य के लिए केंद्र के पैमानों का रूठ जाना, ऐसा प्रहार है जो अब मरीजों की जिंदगी से भी खेल रहा है। प्रथम दृष्टया लैब सिस्टम का ध्वस्त होना, राज्य सरकार पर तोहमत लगाता है क्योंकि इसी मंडे मीटिंग में जब मुख्यमंत्री प्रदेश के भविष्य से बातें कर रहे थे, तो किसी ने यह क्यों नहीं बताया कि जख्म अस्पतालों में उभर रहे हैं। सरकार के वजूद से चिपके चिकित्सा मंत्री महोदय जनता को बताएं कि उनके दायित्व में 650 अस्पताल क्यों अनाथ हो गए। आश्चर्य यह भी कि हम बड़े-बड़े चिकित्सा संस्थानों की पैरवी में मशगूल हैं, लेकिन सामान्य सी सेवाएं प्रदान करने में अक्षम हैं। हम पर्यटन के आंकड़े में पांच करोड़ सैलानियों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सरकारी होटलों में सूना पड़ा है।

## संक्षिप्त खबरें

### 15 जनवरी से बूथों पर दौड़ेगी ईवीएम विवि पैट मोबाइल डेमोनेशन वाहन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के विभिन्न बूथों पर 15 जनवरी से ईवीएम विवि पैट मोबाइल डेमोनेशन वाहन के माध्यम से प्रदर्शन कर मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। जिसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी। कार्यक्रम का तिथि निम्नवत है। 15 जनवरी को जिर्वाखुर्द पंचायत, जबड़ा पंचायत, 16 जनवरी को कसारी पंचायत, बगरा पंचायत, 17 जनवरी को सेरनदाग पंचायत, सबानो पंचायत, 18 जनवरी को बन्हे पंचायत,बाना सांडी पंचायत, 19 जनवरी को जांगी पंचायत, पगार पंचायत,20 जनवरी को डाड़ी पंचायत, एदला पंचायत,21 को पुंडरा पंचायत, हुरणाली पंचायत, 22 को पिरि और इचाक पंचायत के विभिन्न बूथों पर ईवीएम पैट के माध्यम से प्रचार प्रसार कर मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। यह जानकारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह ने दी है।

# 26 जनवरी को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार कक्ष में 26 जनवरी को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी सन्नी राज के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह ने की। बैठक में जनप्रतिनिधि से लेकर सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। उक्त बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व का समय सारणी को यथावत रखते हुए झंडोतोलन का समय सारणी निर्धारित की गई। जिसमें शहीद स्मारक पर मालार्पण सुबह 8 बज कर 30 मिनट पर,सुभाष चन्द्र बोष के प्रतिमा पर 8ः45, अनुमण्डल कार्यालय में 9:15, प्रखण्ड कार्यालय सह अंचल कार्यालय में 9:25, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9ः35, थाना कार्यालय में 9ः45, हॉस्पिटल 9ः55, शिक्षण प्रशिक्षण प्रांगण में 10ः5 बजे झंडोतोलन करने की समय निर्धारित की गई है। मौके पर प्रमुख रोहन साव, अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुब्बे, उप प्रमुख दामोदर गोप, बिस सूत्री अध्यक्ष वीरेंद्र यादव,जीप सदस्य देवनन्दन साहू, चिकित्सा प्रभारी अशोक करमाली, बीइओ संतोष सिंह, विधायक प्रतिनिधि अक्षवट सिंह, मुखिया नरेश साहू, सुमिता कुमारी, संकुन्तला देवी, सुनीता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि गोपाल प्रसाद मेहता , करम साहू,जागेश्वर कुशवाहा, रामप्रवेश केवट,एसी आवासीय प्राचार्य, पंचायत समिति सदस्य परमेश्वर यादव,ि मथुन कुमार रज्जक,जवाहर यादव, बालेश्वर ठाकुर ,दशरथ ठाकुर के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

# मकर संक्रांति के उपलक्ष में लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला का उद्घाटन होगा आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर में स्थित बलबल में प्रत्येक वर्ष के भांति मकर संक्रांति के उपलक्ष में लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला का उद्घाटन रविवार को होगा। जहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेंगे श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास मेला का उद्घाटन करेंगे। जिसके लिए मेला सज धज कर तैयार हो चुका है।तो वही मेला समिति के द्वारा सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।इस मेल में गर्म जल कुंड में स्नान करने हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे। बताते चलें कि झारखंड बिहार उड़ीसा बंगाल जैसे राज्यों से इस मेले में तरह-तरह के सामग्री बिक्री करने को लेकर पहुंचते हैं।साथ ही साथ अनेकों दुधारू गाय भी इस मेले में बिक्री होती है।जिसे लेकर आसपास का माहौल पूरा उत्साहित है। मेला में दूर दराज से



आने वाले लोगों के लिए भी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। मेले में प्रशासन सिविल ड्रेस में रहेंगे। किसी भी प्रकार की समस्याओं पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। एवं किसी भी प्रकार के हुड़दंगों को बक्सा नहीं जाएगा। मेले में 24घंटा लाइट का इंतजाम रहेगा।एवं पेयजल की व्यवस्था जगह-जगह पर किया गया है।

# बीडीओ के साथ अभद्र व्यवहार एवं धमकी देने वाला गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ शुक्रवार को जन वितरण प्रणाली दुकान की जांच करने के दरमियान अभद्र व्यवहार करने और धमकी देने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई किया है।प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो के द्वारा गिद्धौर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी दर्ज करने के कुछ ही घंटे में आरोपी डीलर के बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया।कि जन वितरण प्रणाली दुकान की संचालिका नागेश्वरी देवी के पुत्र विकास कुमार ने गिद्धौर बीडीओ को बर्बाद कर देने की धमकी दी थी। साथ ही खरीद लेने व तबादला कराने का भी धमकी दिया था। बीडीओ नागेश्वरी देवी के जन वितरण प्रणाली के दुकान की जांच कर रहे थे। बेटे




ने बीडीओ को धमकी दी थी। उसके बाद उन्होंने गिद्धौर थाना कांड संख्या 4/2024 मेंधारा 264/353/504/506भाज़दज़्वीज़ एवं 7आवशयक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।और शनिवार को उसे न्यायिक रियासत में जेल भेज दिया गया है।

# सिमरिया विधायक किसुन कुमार के सौजन्य से सिंघानी में हाई मास्टर लाइट लगाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र सिंघानी गांव में दशकों से बंद पड़े हाई मास्टर लाइट को चालू करवाया गया बंद पड़े मास्टर लाइट को लेकर सिंघानी के ग्रामीण काफी नाराज थे लेकिन दास जी ने 22 जनवरी को राम जन्म भूमि अयोध्या मंदिर उद्धघाटन व प्राण प्रतिष्ठा को संज्ञान में रखते हुवे दास जी ने सिंघानी के बंद पड़े मास्टर लाइट नया लगवाने



को लेकर अच्छा कार्य किए है ऐसे में सिंघानी के ग्रामीण काफी उत्साहित है।इस मौके पर भाजपा नेता शुखसागर राणा, भाजपा नेता वासुदेव दांगी, कामेश्वर दांगी, राजेंद्र ठाकुर, हरिलाल दांगी, बिपिन बिहारी, अरुण लाल, विवेक सिन्हा एसे कई ग्रामीण पुस्थित थे।

## उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी मानिंदर भगत द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अबुआ आवास, स्वास्थ्य, बृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, राशन कार्ड,समुदाय भवन बनवाने समेत अन्य मामले शामिल थे।गौरतलब है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11ः30 बजे से 01ः00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

# वन अधिकारियों ने एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा में व्यापक समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रमुख वन अधिकारियों सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा करने के लिए एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संजय श्रीवास्तव, पीसीसीएफ, झारखंड, सतीश चंद्र राय, आरसीसीएफ, हज़ारीबाग़, और सरोज भाई पटेल, सीएफ, हजारीबाग ने किया। एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा में विकास का आकलन करने के अलावा, अधिकारियों ने मगध और आम्रपाली खदानों का भी निरीक्षण किया, जो एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा के निकट स्थित हैं। इस यात्रा का उद्देश्य खनन परियोजनाओं से जुड़ी परिचालन जटिलताओं और पर्यावरणीय विचारों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करना था। इस दौरे में परियोजना प्रमुख स्वप्नेंदु कुमार पांडा, एचओपी, जिनके साथ रेड कोल माइनिंग, सभी जीएम, एचओएचआर, डीजीएम और डीएफओ शामिल थे।

## लातेहार की खबरें

# युवा दिवस के अवसर पर पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर पूर्व छात्र सम्मेलन बड़े ही उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी सह सचिव सुधांशु दुबे, प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पूर्व छात्र व आर एस एस नगर कार्यवाहक श्रीकर ने कहा कि जैसे ही हमें विद्यालय से पूर्व छात्र सम्मेलन की जानकारी मिली मानो विद्यालय से जुड़ी सभी यादें फिर से ताजा हो गई, पूर्व छात्रा के रूप में मधु कुमारी, शिल्पा



कुमारी, अनुज कुमारी, रुबी कुमारी, नीलम कुमारी, उपासना कुमारी के साथ अन्य पूर्व छात्र उपस्थित रहे तथा अपने समय की विद्यालय जीवन एवं विद्यालय से जुड़े रोचक घटनाओं को सबके सामने साझा किया। पूर्व छात्र व वर्तमान में स्थानीय विद्यालय की आचार्या मधु कुमारी ,अनुजा कुमारी, शिल्पा कुमारी और उपासना कुमारी ने बताया कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ही मेरी बचपन गुजरी है यही से हमने सारे संस्कार और शिक्षा पाई हूं। विद्यालय के आचार्य कपिल प्रमाणिक ने बताया कि आज का दिवस प्रेरणादायक है आज के ही दिन युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद का जन्म हुआ था। पूर्व छात्र व वर्तमान में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सह सचिव सुधांशु दुबे ने कहा कि मैं 2009 में इस विद्यालय में आया विद्यालय से पढ़कर भैया बहन समाज में जाते हैं उनके व्यवहार रहन-सहन से पता चल जाता है कि वे विद्या मंदिर के छात्र रहे होंगे। अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे ने स्वामी जी की बातों को बताते हुए कहा कि ÷बल ही जीवन है और दुर्बलता मृत्यु विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने पूर्व छात्र को संबोधित करते हुए बताया कि आप सभी विद्यालय के धरोहर हैं तथा देश के भविष्य हैं उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## युवा मंडल अध्यक्ष ने किया क्षेत्र भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** लातेहार स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय परिसर 24 जनवरी को होने वाले नव मतदाता सम्मेलन को लेकर बारियातु युवा मंडल अध्यक्ष संदीप केसरी ने प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत? भाटचतरा, जबरा, मकरा ,टोटी, शिबला सहित कई गांव, टोला का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को भाजपा पार्टी के द्वारा नव मतदाता सम्मेलन भाग्य विधाता का आयोजन बनवारी साहू कॉलेज लातेहार में किया जाना है जिसमें नए मतदाता जो पहली बार वोट देने वाले हैं उनसे आग्रह किया गया है की पहली बार अपना मतदान उन्हें करें, जिससे हमारा प्रखंड , राज्य और देश का विकास हो। आगे उन्होंने सभी नए मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में बनवारी साहू कॉलेज लातेहार में पहुंचने का अपील किया है। । मौके पर प्रखंड कोषाध्यक्ष कपिल देव उरांव, रमेश, सुरेंद्र यादव,सहित नए युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुखिया ने किया जनता को जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सेन्हा प्रखंड के उगरा पंचायत भवन में मुखिया बसंती उरांव तथा झालजमीरा पंचायत भवन में मुखिया बंधन उरांव के उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया बंधन उरांव ने ग्रामीण जनता को विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के बारे में लोगों को शपथ दिलाया गया। शपथ में उन्होने कहा की हम शपथ लेते हैं कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे,गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे,देश के समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे,भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वाले को सम्मानित करेंगे साथ ही देश का नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे। वही उगरा मुखिया बसंती उरांव ने कहा की



भारत को विकसित बनाने में सभी का योगदान आवश्यक है। सरकार के साथ साथ जनता भी कदम से कदम मिला कर चलें। सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं चला रहा है उसको धरातल पर पहुंचाने का काम करूंगी। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ,आवास, बिजली,आयुष्मान कार्ड,गैस वितरण राशन वितरण की जानकारी दिया गया। बाल विकास के ओर से आंगनबाड़ी सेविका ने पोषण वाटिका का प्रदर्शनी किया गया। मौके पर मुखिया बंधन उरांव, मुखिया बसंती उरांव, पंचायत सचिव सुजीत उरांव, कृषि पदाधिकारी सूर्या भगत, सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# मुखिया की मनमानी पर आक्रोशित वार्ड सदस्यों ने खोला मोर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड के उकामाड़ पंचायत की मुखिया पूनम देवी के मनमानी रवैय के खिलाफ 11 वार्ड सदस्यों ने हल्ला बोलते मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में आक्रोशित वार्ड सदस्यों के साथ ग्रामीणों ने शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को मांगपत्र सौंपा है। जहां वार्ड सदस्यों के साथ ग्रामीणों के द्वारा मांगपत्र के माध्यम से बताया है कि वार्ड सदस्यों और ग्रामीणों के द्वारा उपयोगी योजनाओं की मांग को दरकिनार करते मनमानी तरीके से गलत और बिना उपयोगी योजनाओं को चयन कर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। बताया गया है कि मृत पड़े माईक्रोलिफ्ट एरिगेशन जहां पर नाली से सिंचाई होने की संभावना नहीं वहां नाली मरम्मती के नाम पर खानापूर्ति करते पैसे का वारा-न्यारा किया जा



रहा है। वहीं मुखिया द्वारा योजना चयन की जानकारी किसी वार्ड सदस्य के बिना जानकारी दिए फर्जी ग्रामसभा कर योजनाओं को संचालित कराया जा रहा है। वहीं आक्रोशित वार्ड सदस्यों के साथ ग्रामीणों ने पंचायत के सभी संचालित योजनाओं के जांच की मांग करते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है साथ कहा गया कि समय रहते योजनाओं की जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो हम सभी लोग संघर्ष करने और जिला अधिकारियों से कार्रवाई की मांग रखने को बाध्य होंगे। मौके पर वार्ड सदस्य दशरथ सिंह,विमला देवी,जसवंती देवी, उदित सिंह,फूनी देवी, रीता देवी, संगीता देवी, पूनम देवी, सतेन्द्र कुमार यादव,जीरामनी देवी, दिलवा देवी, समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## फ्रेंडशिप कल्ब द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाल चलाया हेल्मेट जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को फेंडशिप कल्ब किस्को के अध्यक्ष असलम अंसारी के नेतृत्व में किस्को थाना से किस्को चौक होते हुए बाजार, ब्लॉक एवं अन्य जगह पर पर फेंडशिप कल्ब किस्को के द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाल कर हेल्मेट जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से किस्को थाना के एएसआई अविनाश कुमार उपस्थित थे। जागरूकता अभियान रैली में फेंडशिप कल्ब के द्वारा लोगो को जागरूक करते हुए अहवान किए की वाहन चलाते समय मोटरसाइकिल में हेलमेट पहना प्रशासन के लिए नही बल्कि खुद के लिए परिवार के लिए एवं आने वाले कल के लिए काफी महत्वपूर्ण है। हेलमेट पहनने से दुर्घटना एवं अन्य समस्याओं से मनुष्य को लाभ मिलती हैं। वर्तमान समय में वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग ना करने से आए दिन सड़क में दुर्घटना हो रही है इसके चपेट में अधिकतर




युवाए आ रहे हैं जिससे काफी संख्या में लोग गंभीर रूप से चोटिल हो रहे हैं एवं मृत्यु का भी दर बढ़ता जा रहा है। ऐसी दुर्घटनाओं से सिर्फ ना ही वाहन चालक बल्कि उनके परिवार को भी काफी हानि होती है। सुरक्षित सफर एवं सुरक्षित परिवार के लिए हेलमेट वाहन चलाते समय आवश्यक है इसे हर कोई पहनने का काम करें और दुर्घटना से बच्चे। मौके पर साकिर अंसारी,राहुल साहू, धीरज कुमार डीके,जसीम अंसारी, मौनौवर आलम, सागर, मौसम उरांव, इफ्तेखार अंसारी, मनीष उरान, अजय उरांव, दिगंबर उरांव, एवं फेंडशिप क्लब किस्को के सदस्य मौजूद थे।

# युवा राजद कार्यालय में नए सिरे से प्रखंड अध्यक्ष बनाने को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** युवा राजद के सभी प्रखंड अध्यक्षों को पद निरस्त कर नये सिरे से युवा प्रखंड अध्यक्ष कि चुनाव करने को लेकर दिनांक 13जनवरी दिन शनिवार को लातेहार युवा जिला कार्यालय में बैठक किया गया। युवा जिला अध्यक्ष दिलेश्वर कुमार यादव ने बताया कि झारखण्ड के लोक प्रिय प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव के निर्देशानुसार लातेहार जिला में युवा का सभी प्रखण्ड अध्यक्ष का पद निरस्त कर नया प्रखण्ड अध्यक्ष का चुनाव कर 20 दिनों के अंदर प्रखण्ड अध्यक्षों का सुची प्रदेश कार्यालय में सौंपने का निर्देश दिया गया है। और पूर्व के सभी प्रखण्ड अध्यक्षों को कार्यकाल को आकलन करते हुए जिला कमिटी में पद से सम्मानित किया जाएगा। आगे जिला प्रधान माहासचिव सुर्यदेव कुमार गुप्ता, एवं दिलेश्वर



कुमार यादव के द्वारा बताया गया की राजद लातेहार जिला में पूर्व से मजबुत था।और मजबुत रहेगा मजबुत करने का पुरा प्रयासरत हैं। युवा कमिटी का परिणाम लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में देखने को मिलेगा।और सभी युवा पदाधिकारियों को अपने पद को समझते हुए बुथ स्तर तक कमिटी बनाने का काम करें। बैठक कार्यक्रम में दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर डेंटल कॉलेज में आयोजित हुआ भाषण प्रतियोगिता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग में राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष के छात्र आयूष कुमार ने प्रथम प्रशिक्षु अभिषेक दूबे ने द्वितीय तथा अंतिम वर्ष की छात्रा अंशु प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्णा ने प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान पीएचडी विभाग के प्रमुख डॉ निशाद गावली एवं डॉ सौम्या राज शामिल रहे। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। देश की शक्ति युवाओं के हाथों में है ऐसे में हमें चाहिए कि इस युवा दिवस के अवसर पर हम सब प्रण लें की देश को अग्रिम पंक्ति में लाने के लिए हम लोग हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर व्यापक प्रकाश डालते हुए कहा कि जहां हिंदू धर्म का प्रचार प्रसार किया वहीं अन्य धर्मो का ज्ञान भी प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहे।मौके पर भाषण प्रतियोगिता में मोहम्मद मुशर्रफ खान, आयुष कुमार, तुमाल शेखर, अंशू प्रिया, सिमरन केआर प्रसाद, समीक्षा खंडेलवाल, श्वेता कुमारी, आशीष कुमार, श्रुति स्नेहा, प्रियंका गोराई, महपारा वासा, बिनय केआर ओझा, रौजिया तबस्सुम, करण सात्यकी, अभिषेक दुबे, आनंद कुमार , श्वेता कुमारी, कृतिका कुमारी, आरुषि कुमारी एवं श्रेया श्रीवास्तव सहित कई प्रतिभागी शामिल रहे। मौके पर पीआरओ राजकुमार दस एवं पुष्पा कुमारी शामिल रही। [13/1, 15¬36] Sunil Srivasta1 Pm: एक्सपोजर विजिट के लिए नवोदय खिलाड़ियों का जत्था रवाना हजारीबागग्पर्यटन कला संस्कृति खेल कुद एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री आमन्त्रण फुटबाल प्रतियोगिता के एक्सपोजर विजिट हेतु हज़ारीबाग़ प्रखण्ड स्तर के प्रतिभागी खिलाड़ी मैच देखने हेतु रांची रवाना हुए।

# मधुमक्खियों के समूह ने वृद्ध दंपती पर किया हमला, रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत के कोयली गांव निवासी वृद्ध दंपती 90 वर्षीय तुराब अली और उनकी 70 वर्षीय पत्नी चमनी खातून पर मधुमक्खियों के समूह ने हमला कर दिया। जिससे उक्त दंपति बुरी तरह से घायल हो गए। इस बात की जानकारी जैसे ही भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू को पता चला तो उन्होंने डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी को सूचना देकर एंबुलेंस मंगवाया और उक्त दंपति को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज करने ले गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है की उक्त दंपति जानवर चराने के लिए कोयली के जंगल क्षेत्र की ओर गया था। इसी दौरान मधुमक्खियो के समूह ने तूराब अली पर अटैक कर दिया। उसे बचाने उनकी पत्नी गई तो उसे भी नहीं छोड़ा।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रही युवा दिवस की धूम



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती विद्या मंदिर कुम्हारटोली में स्वामी विवेकानंद की जयंती की अवसर पर प्रभारी प्राचार्य ,डॉ राजीव रंजन एवं आचार्य नरेंद्र कुमार सिन्हा ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए द्य मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद महान शिक्षाविद, सच्चे देशभक्त ,महामानव एवं भारतीय संस्कृति के रक्षक थेद्य लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़े का स्लोगन उन्ही ने दिया था। मौके पर विद्यालय के आचार्य नरेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वामी जी ने संपूर्ण विश्व को मानवता एवं विश्व बंधुत्व का संदेश दिया हैद्य भैया- बहन आप सभी उनके विचारों को आत्मसात कर उनके पद चिन्हों पर चलकर देश सेवा का संकल्प लेकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें द्य कार्यक्रम में आचार्य विपिन बिहारी सिंह ने स्वामी विवेकानंद को भारतीय संस्कृति का रक्षक, राष्ट्रभक्त, महामानव बताया द्य उन्होंने भैया- बहनों को स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं आदर्शों को आत्मसात करने की बात भी कहीं द्य कार्यक्रम में आचार्य राहुल कुमार पासवान, विद्यालय के आचार्य बंधुभगिनी तथा विद्यालय में पढ़ने वाले भैया -बहने उपस्थित थे।

## गुड्डू महतो ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

चरही(हजारीबाग)(**प्रभात मंत्र संवाददाता**) **:** शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर समाजसेवी एवं कौंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष गुड्डू महतो द्वारा कौंसिल क्षेत्रीय कार्यालय चरही के प्रांगण मे बुजुर्ग एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुड्डू महतो द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कौंसिल परिवार के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार, क्षेत्रीय सचिव अजित कुमार, शिवजी टुडू, कौंसिल के मीडिया प्रभारी महालाल हेम्ब्रोम समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बहेरा मांझी टोला में सोहराय महोत्सव का आयोजन किया गया

चरही(**प्रभात मंत्र संवाददाता**) **:** शनिवार को ग्राम पंचायत बहेरा के बहेरा मांझी टोला में सोहराय महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य अतिथि बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के द्वारा स्वर्गीय चरण मांझी और स्वर्गीय श्याम लाल मांझी को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया गया। कार्यक्रम में योजन लालो मांझी, बिरसा टुडू, मंदसौर टुडू, रोशनी देवी, मचरू मांझी ,भोला मांझी , मांझी हराम लालजी मांझी ,गणेश मांझी, पनपत्ति देवी, मालती देवी, ,मुकेश कुमार, विनोद केसरी, पंचायत समिति सदस्य शक्ति देवी, वार्ड सदस्य अनीता देवी ,ललन प्रसाद सहित कई लोग शामिल थे।

## भाजपा का बड़कागांव विधानसभा स्तरीय वनभोज सह मिलन समारोह 17 जनवरी को

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव विधानसभा स्तरीय वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन 17 जनवरी को तलसवार पंचायत अंतर्गत जोभिया पिकनिक स्पॉट पर किया गया है। जिसमें हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, पुर्व बीस सुत्री प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, हजारीबाग जिला अध्यक्ष अशोक यादव, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता समेत कई दिग्गज नेता शामिल होंगे साथ ही साथ इस कार्यक्रम में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र पतरातु, बड़कागांव एवं केरेडारी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने दी है।

## भाजपा कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन सदर विधायक मनीष जायसवाल का हुआ भव्य स्वागत

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कर्णपुरा कॉलेज में भाजपा का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्णपूरा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो के नेतृत्व में कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल का छात्राओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके पूर्व मनीष जायसवाल सांढ़ में अयोध्या से आए पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए एवं राम भक्तों का हौसला बढ़ाया। वही बड़कागांव मुख्य चौक पर पद यात्रा की इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात करते हुए 22 जनवरी को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मंदिरों में हनुमान पाठ, भजन कीर्तन, दीपक जलाने जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। तत्पश्चात उन्होंने कंडाबेर माता स्थान गए जहां पर माता दर्शन कर क्षेत्र की सुखवा स्मृति की कामना माता भगवती से की। वहीं कर्णपूरा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए कहा कि विधानसभा सीटों पर गठबंधन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की जिम्मेवारी है। लेकिन मैं भी मानता हूं की अगर बड़कागांव विधानसभा सीट से भाजपा चुनाव लड़ती है तो परिणाम सुखद होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि मोदी सरकार ने पिछले दो कार्यकाल में देश के विकास और उन्नति के साथ अंतोदय के उत्थान को लेकर जो कार्य किया वह कांग्रेस के 6 दशक के कार्यकाल पर भारी है। 2024 का लोकसभा चुनाव नजदीक है और एक बार फिर नई ऊर्जा के साथ हम सभी को संकल्प लेना चाहिए की तीसरी बार हम मोदी सरकार बनाएं और भाजपा को 400 के पर पहुंचाएं। मौके पर बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, रामगढ़ किसान मोर्चा जिला प्रभारी राजू साव, भाजपा युवा नेत्री पूनम साहू, सुदेश चंद्रवंशी, के.पी. ओझा, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, दुर्गाचरण, जिला मुख्य संघ उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, कीर्तिनाथ महतो, विजय यादव, अशोक साहू, त्रिवेणी महतो, विवेकानंद सिंह, मनीष पांडे ,इंद्र भूषण ,राजेश गुप्ता, जयनारायण प्रसाद, मुकुटधारी महतो, टोनी जैन, कर्मचारी साव, सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर प्रसाद, कुणाल किशोर, हजारीबाग लोकसभा के विस्तारक दिनेश वाल्मिकी, सुमन गिरी , रेणुका कुमारी, अरुण मालाकार ,अजीत चंद्रवंशी, बेचन साहू, रामविलास साव के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## 23वीं जूनियर झारखण्ड स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आगाज

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संत कोलंबा महाविद्यालय के बास्केटबॉल ग्राउंड में 23वीं जूनियर झारखंड स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, झारखंड बास्केटबॉल के सचिव व बास्केटबॉल के अंतरराष्ट्रीय कोच जे0 पी0 सिंह, हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर एहसानुल हक, सचिव सी दास ओलंपियन हरभजन सिंह संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने 23वीं जूनियर झारखंड बास्केटबॉल चैंपियनशिप नाम का बैलून भी आसमान में छोड़ा। उद्घाटन के सुअवसर पर आंगतुक अतिथियों का हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ0 एहसानुल हक ने साल एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत एवं सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री गणेश वंदना के उपरांत स्वागत गान प्रस्तुत किया। इस सुभ अवसर पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मंच पर प्रस्तुत किया गया जिसमें सभी का मन मोहित हो गया। स्वागत भाषण देते हुए डॉक्टर एहसानुल हक ने कहा कि हम तमाम झारखंड प्रदेश के बास्केटबॉल से जुड़े एवं आए कोच अधिकारी खेल प्रतिनिधि एवं खिलाड़ियों का हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से हजारीबाग के पावन धरती पर ऐतिहासिक संत कोलंबा महाविद्यालय के सुंदर व आकर्षक परिसर स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड पर 23वीं जूनियर झारखंड बास्केटबॉल स्टेट चैंपियनशिप के शुभ उद्घाटन अवसर पर स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं एवं निवेदन करता हूं कि झारखंड के विभिन्न जिलों बास्केटबॉल टीम के खिलाड़ी गण पूरी खेल भावना के साथ आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ खेले एवं खेल का आनंद ले। उन्होंने झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव जे0 पी0 सिंह का अभिनंदन करते हुए उनका आभार व्यक्त किया कि उन्होंने हजारीबाग में यह चैंपियनशिप आयोजित करने में अपना सहयोग दिया। उन्होंने ओलंपियन हरभजन सिंह, प्रदीप कुमार एवं आरिफ को 13 जनवरी से 15 जनवरी तक चलने वाले चैंपियनशिप में अपना बहुमूल्य समय देने के लिए शुक्रिया कहा। उन्होंने इस उद्घाटन पर अपने बहुमूल्य समय देकर अपनी उपस्थिति प्रदान करने के लिए हजारीबाग के माननीय एस0 पी0 , संत कोलम्बा कॉलेज के प्राचार्य विमल कुमार सहित सभी विशिष्ट अतिथियों का भी धन्यवाद दिया एवं कहा कि उनकी उपस्थिति ने आयोजन के आगाज को यादगार बनाया है। उन्होंने कहा कि वह पूरी कोशिश करेंगे कि सभी खिलाड़ियों के सुविधा का समुचित ख्याल पूरे आयोजन के दौरान हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन की पूरी टीम भरपूर कोशिश करेगी। चैंपियनशिप के संयोजक सह हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि हम सभी हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण एक इसके संपर्क में बने हुए हैं।

# बनासो में जिप सदस्य शेख तैयब ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत बनासो के अंसारी नगर में विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने एक सौ केवीए नया विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। बनासो के अंसारी नगर में पिछले तीन दिनों से विद्युत ट्रांसफार्मर जलकर खराब हो जाने पर वहां के ग्रामीण काफी परेशानी झेल रहे थे। बच्चों को पढ़ाई में काफी दिक्कतें हो रही थी। जिसकी जानकारी मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब को मिली। उन्होंने इस समस्या पर त्वरित संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग की उच्च पदाधिकारी से संपर्क कर तीन दिन के भीतर एक सौ केवीए नया विद्युत ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।जिसका उद्घाटन शुक्रवार को फीता काटकर किया। नया विद्युत ट्रांसफार्मर का स्विच ऑन होते ही ग्रामीणों में खुशी के लहर दौड़ गई। साथ ही ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य शेख तैयब को माला पहनकर स्वागत किया। उद्घाटन के मौके पर मुखिया प्रतिनिधि निजाम अंसारी, जमीर अंसारी,हाजी साहब समेत सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

# दुर्गा मंदिर में 22 जनवरी की तैयारी को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ रमुआ सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में रामभक्तों ने एक बैठक रखी गई। बैठक में रामभक्तों ने कहा कि करीब पाँच सौ पचास वर्षो से हम सनातननियो को इस क्षण का बेसब्री से इंतजार था,जब रामलला तिरपाल से निकलकर भव्य मन्दिर में विराजेंगे। इस ऐतिहासिक क्षण को जीने के लिए 22 जनवरी 2024 को दुर्गा मंदिर को सजा कर,दिए जलाकर भजन कीर्तन करते हुए रामलला का स्वागत किया जायेगा। उपरोक्त कार्यो को पूरा करने के लिए आज अहम बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से बेड़ाहरियारा मुखिया रामचंद्र यादव, गुरु प्रसाद साव, बिनोद सिंह, रबीन्द्र कुमार बर्णवाल(दीपू भाई), बबलू साव, अजय बर्णवाल, प्रकाश बर्मन, शशि लाहकार, कारू मिश्रा, कारू प्रजापति, अजित कुमार,अनुज कुमार, राजकुमार, संदीप लाहकार, सुमित कुमार, परमेश्वर साव आदि शामिल थे।

# हाथामेंढी में कलश यात्रा निकालकर बांटी गई अयोध्या से आए पूजित अक्षत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग(हजारीबाग):** कटकमदाग प्रखंड के ग्राम हाथामेढी शिव मंदिर से शनिवार को अयोध्या से आए पूजित अक्षत को निमंत्रण स्वरूप वितरण को लेकर श्रीराम भक्तों ने ढोल-बाजे के साथ कलश यात्रा निकली। कलश यात्रा में शामिल भक्तों ने भगवा ध्वज लहराते हुए श्रीराम की धार्मिक गीतों के साथ घर-घर जाकर कलश से अक्षत देकर निमंत्रण दिया। कटकमदाग मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन भक्तों से अपने-अपने घरों में दीपोत्सव मनाने की अपील की। कलश यात्रा में दीपक कुमार पंडित, राजेश प्रजापति, बालेश्वर प्रसाद, दिनेश प्रसाद, मुकेश प्रजापति, राजा कुमार, पवन कुमार, संदीप कुमार, शंभू प्रजापति, ईश्वर महतो, भुनेश्वर प्रजापति, विनोद प्रसाद कुशवाहा, राजेश कुमार, प्रीति कुमारी, सपना देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# पंचमाधव पंचायत में पूजित अक्षत देने का अभियान शुरू, राम भक्तों में दिखा रहा है काफी उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** प्रखंड के पंचमाधव पंचायत के छोटकी केवाल में पूजित अक्षत वितरण का कार्यक्रम शनिवार को प्रत्येक घर में वितरण व निमंत्रण दिया जा रहा है, निमंत्रण पाकर राम भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वही पूजित अक्षत वितरण में पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि अक्षत वितरण को सभी के घर तक जल्द से जल्द पहुंचे,अयोध्या से आए पूजित अक्षत का वितरण गांव के सभी घर में किया जा रहा है। राम मंदिर के चित्र को अपने घर के मंदिर में रखना है, वहीं 22 जनवरी को अपने आसपास के मंदिर में पूजा, हरि कीर्तन, हवन करना है, साथ ही साथ घर को सजाकर रंगोली व भगवा ध्वज लगाकर दीप जलाना है, और पटाखों के साथ दीवाली मनाना है। 22 जनवरी के बाद अयोध्या चलना है, यह हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि हम लोग राम मंदिर को बनते हुए देख रहे हैं राम मंदिर से हर राम भक्त का सपना साकार हुआ। मौके पर पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, पंचायत समिति कामेश्वर राम, समाजसेवी रामाकुमार यादव, नागेश्वर रजक, उपेंद्र सिंह, संजय यादव, उदेशवर रजक, नरेश रजक, डिलो राम, पप्पू सिंह, सुनील रजक, तिलक रजक, रामा रविदास, शंकर, विकास, पिंटू, सुरेन्द्र आदि मौजूद थे।

# फुफंदी में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का हुआ स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को इचाक प्रखंड क्षेत्र की बड़का खुर्द एवम फुफंदी पहुंची। बड़का खुर्द मुखिया सीता देवी, बड़का खुर्द पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार मेहता, बड़का खुर्द मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता, फुफंदी मुखिया नंदकिशोर मेहता, भरत मेहता ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रभारी सह प्रदेश संयोजक जैविक कृषि प्रकोष्ठ भाजपा किसान मोर्चा झारखंड के अनूप भाई ने बतौर मुख्य अतिथि एवम पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा आशीष मेहता विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत किया। जेएससीपीएल के दीदियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्राकृतिक खेती करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया तथा रथ में लगे एल ई डी के माध्यम से विभिन्न प्रकार के योजनाओं के बारे में लोगों को दिखाकर जागरूक किया गया। भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं से संबंधित पेंपलेट एवम कैलेंडर वितरण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों से बात करते हुए अनूप भाई वर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है। सपनों, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है। उन्होंने कहा इस संकल्प यात्रा ने अपने 50 दिन से भी ज्यादा पूरे किए इतने कम समय में इस यात्रा से 11 करोड़ लोगों का जुड़ना अपने आप में अभूतपूर्व है। श्री अनूप ने कहा की समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। कई बार जागरूकता की कमी से या दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं. ऐसे लोगों तक पहुंचना हमारी सरकार अपना दायित्व समझती है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है की ये गाड़ी गांव-गांव जा रही है।

# खिचड़ी महाभोग का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर सक्रांति से पूर्व पंच मंदिर चौक के निकट खिचड़ी महाभोग का वितरण किया गया। खिचड़ी महाभोग जरूरतमंद, असहाय तथा आम जनमानस के बीच किया गया। सभी लोगों ने बड़े ही आनंद से खिचड़ी महा भोग प्रसाद को ग्रहण किया। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों के द्वारा बाबा श्याम के जयकारे के साथ खिचड़ी महाभोग का वितरण किया गया।मौके पर श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों ने कहा कि बाबा श्याम की असीम कृपा से मकर संक्रांति से पूर्व खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम हम सभी के द्वारा दूसरी बार आयोजित किया गया है इससे पूर्व 2023 में किया गया था। बाबा श्याम की असीम कृपा और आशीर्वाद से आने वाले प्रत्येक वर्ष में यह कार्यक्रम और भी भव्य रूप से किया जाएगा।

# रेन्बो स्कूल बरही के बच्चों ने बिरसा बायोलॉजिकल पार्क का किया शैक्षणिक भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही । प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में स्थित रेन्बो स्कूल बरही के विद्यार्थियों ने ओरमांझी स्थित भगवान बिरसा बायोलॉजिकल पार्क का शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्र-छात्राएं इस भ्रमण को लेकर काफी खुश नजर आए। इस भ्रमण के दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षियों को देखा और उनके बारे में जाना। पशु-पक्षियों को देख बच्चें काफी उत्साहित रहें। निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बच्चों को जैविक उद्यान पार्क के जीव जंतुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के क्रम मे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के लिए ऐतिहासिक होता है। इससे बच्चों को जीव जंतुओं एवं प्रकृति के बारे में विस्तृत रूप से जानकारियां मिलती है। इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ प्राकृतिक, दार्शनिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी आवश्यक है। वहीं प्राकृतिक के सभी प्राणी को बचाने का संकल्प भी लिया गया। शैक्षणिक भ्रमण में प्राचार्य पंचम पांडेय, शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, कुमारी स्वेता, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, अंशु कुमारी, पंकज कुमार, शिवानी कुमारी आदि ने सहयोग किया।

# बादम, सोनपुरा, लौकुरा और मुरली पहाड़ में मकर संक्रांति का मेला आज से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मकर संक्रांति को लेकर बड़कागांव प्रखंड में चार गांव में विशिष्ट रूप से मंदिरों में पूजा एवं मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें बादम, लौकुरा, सोनपुरा गांव मंदिर में तीन दिनों तक मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें भक्ति जागरण के अलावा आर्केस्ट्रा का भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। वही नापो पंचायत स्थित मुरली पहाड़ में एकदिवसीय पूजा एवं मेले का आयोजन किया जाएगा इसी रोज आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। बादम निवासी दिलीप महतो ने कहा की मेले मे इस बार मनोरंजन के लिए कई प्रकार के झूले एवं जादूगर आये हुए हैं और 15 जनवरी को महा जागरण का आयोजन दिन में की जाएगी।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर जुटें पूर्ववर्ती छात्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबू गांव कोरा में पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ नवीन चंद्र ,राम बहादुर सिंह ,कोषाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ,अध्यक्ष डॉ बृज कुमारविश्वकर्मा ,सदस्य महेंद्र प्रसाद एवं अभिभावक गंगाधर दुबे तथा अभिभावक प्रतिनिधि पम्मी देवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने कराया। तत्पश्चात विद्यालय की बहनों द्वारा स्वागत गीत गाकर आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया । विषय प्रवेश करते हुए विद्यालय के आचार्य शिव शरण ठाकुर ने कहा कि हम स्वामी विवेकानंद की जयंती पर इसलिए पूर्व छात्रों को बुलाते हैं ताकि वे यह जान सके की हमारे द्वारा जो संस्कार भैया बहनों को दिया गया है, कहीं वह भूल तो नहीं गए।मुख्य अतिथि डॉ नवीन चंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी जी ने गुलामी के समय भी पूरे विश्व में भारत के ज्ञान का डंका बजाया था।विद्यालय के अध्यक्ष डॉ ब्रज कुमार विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमें विवेकानंद जी के बताये हुए रास्ते पर चलना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन राजकुमार सिंह एवं मंच संचालन सुशील सौरभ ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य शिवशरण ठाकुर, रविकांत पाठक, रवींद्र कुमार, मुकेश सिन्हा, सचिन पाण्डेय, राहुल पाण्डेय, पप्पू पाण्डेय, आनन्द प्रजापति, विवेक कुमार, पिन्टू राय, रिंकी कुमारी, अर्चना सिन्हा,निखत परवीन, वीरेंद्र मिश्र एवं अनेक पूर्ववर्ती छात्र उपस्थित थे।

# सांसद प्रतिनिधि टुन्नू गोप ने जयंत सिन्हा को दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा के सांसद सह अध्यक्ष, वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा को वर्ष 2019/ 24 के लिए भारत सरकार के द्वारा सर्वश्रेष्ठ सांसद महारत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि, प्रदेश का समिति सदस्य सह कोडरमा जिला संगठन प्रभारी टुन्नू गोप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि हजारीबाग लोकसभा की जनता की ओर से सांसद जयंत सिन्हा को बधाई देते हुए कहा कि जयंत सिन्हा ने सिर्फ हजारीबाग लोकसभा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान नहीं दिया है बल्कि उन्होंने पूरे भारत सहित विश्व में अपनी योग्यता का परचम लहरा कर देश का नाम रौशन किया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी कार्य उनको सौंपा उस पर वह खड़े उतरकर उसे जमीन पर उतारा है। वित्त एवं पर्यावरण के सुधार में उनकी योग्यता का लोहा आज हर देश के लोग उठा रहे हैं। पर्यावरण की रक्षा के लिए उन्होंने पूरे विश्व में जागरूकता के लिए कार्यक्रम आरंभ किया। जिस पर वे अपनी योग्यता के बल पर सफलता की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र में अपने कार्यकाल में अनेकों जन उपयोगी योजनाओं को धरातल पर उतारा है जिसका लाभ आज क्षेत्र की आम जनता उठा रही है। सांसद जयंत सिन्हा ने जब देश में कोरोना जैसी महामारी फैली हुई थी उसे समय भी उन्होंने मानवता का साथ नहीं छोड़ा। उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता के लिए गांव-गांव तक कच्चा अनाज और शहरी क्षेत्र में भोजन की व्यवस्था लगातार करते रहे। उन्होंने कोरोना काल में अपने अभिवावक को खो चुके परिवारों के बच्चों के बीच आज तक लगातार हर महीने का पूरा राशन बच्चों की पढ़ाई के लिए महंगी टैबलेट एवं अन्य शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराते आ रहे हैं। इससे पता चलता है कि उनमें मानवीय संवेदना कूट-कूट कर भरी हुई है। ईश्वर से कामना है कि हम सबो को पुनः जयंत सिन्हा ही सांसद के रूप में मिले जिससे हजारीबाग का अग्रतार विकास होता रहे। अपनी योग्यता के बल पर इसी तरह वह पुरस्कार प्राप्त कर हम सब का मान सम्मान बढ़ाएं यह पुरस्कार उनकी योग्यता का प्रमाण है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि विनोद कुमार बेगिन संसद के निजी सचिव हिमांशु कुमार, सत्यजीत वर्मा, वेद प्रकाश, सनी सिंह एवं सांसद जयंत सिन्हा जी के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा उपस्थित हुए।

## भाजपा के अन्याय ने हमारे लोकतंत्र व हमारे संविधान को गंभीर चोट पहुंचाई : ज्योति सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जिला कांग्रेस कमेटी रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ के मिलन होटल के सभागार में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति सिंह , प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा एवं प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजीनी प्रदेश प्रवक्ता रियाज अंसारी प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह बेदी पूर्व विधायक ममता देवी रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान जिला प्रवक्ता मुकेश यादव मौजूद थे। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्टीय प्रवक्ता ज्योति सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा 10 वर्षों के गंभीर अन्याय में हमारे लोगों, हमारे लोकतंत्र और हमारे संविधान को गंभीर चोट पहुंचाई है। बेतहासा बेरोजगारी में हमारे युवाओं के सपनों और भविष्य को पूरी तरह से चकनाचूर कर दिया है। कमरतोड़ महंगाई ने हमारे गरीबों और मध्यम वर्ग की मेहनत की कमाई को नष्ट कर दिया है। आय असमानता चरम पर है।

मुट्ठी भर अरबपति व धनकुबेर वर्तमान व्ययस्था पर शासन करते हैं और उसको कठपुतली बनाते है। दलित, आदिवासी पिछडे वर्ग, अल्पसंख्यक और गरीबो के साथ भेदभाव व अत्याचार किया गया है। किसानों के साथ धोखा हुआ है।महिलाओं के खिलाफ अपराध चरम पर है। अपराधियों का महिमामंडन किया गया है। सभी स्वायत्त लोकतान्त्रिक संस्थाओं का गला घोंट कर उन्हें अधीन कर दिया गया है।

## छात्र छात्राओं को राजनीतिक पार्टी का पाठ पढ़ाना उचित नही : अमन अहमद



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनएसयूआई छात्र नेता अमन अहमद ने कॉलेज प्रभारी प्राचार्या डा.बंदना रॉय के खिलाफ बयान दिया । उन्होंने कहा की शिक्षा के मंदिर में कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या डॉ बंदना रॉय द्वारा युवा दिवस पर भाजपा युवा मोर्चा के बैनर पर कॉलेज छात्र छात्राओं के समक्ष ये कहना बहोत ही दुर्भाग्यपूर्ण है की आप सभी लोग भाजपा को वोट दे । प्राचार्य भाजपा के प्रति छात्र छात्राओं को जागरूक कर रही है । अमन अहमद ने कहा की कॉलेज प्राचार्या कॉलेज के छात्र छात्राओं के लिए गुरु/गर्जियन के समान है उनको कॉलेज परिसर में ऐसा अनर्गल बयान नही देना चाहिए किसी भी राजनीतिक पार्टी के बैनर पर जाकर । ये काफी दुर्भाग्यपूर्ण है की कॉलेज प्राचार्या कॉलेज छात्र छात्राओं के समक्ष भाजपा का प्रचार प्रसार कर रही है । विश्विद्यालय प्रशासन ऐसे मानसिकता के शिक्षको को तुरंत बरखास्त करे ।

## जबर्दस्त परफॉर्मेन्स बीएमडब्ल्यू इंडिया ने 2023 में अभी तक की सर्वोच्च वार्षिक बिक्री का जश्न मनाया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अभी तीन ब्रांड्स - बीएमडब्ल्यू मिनी और बीएमडब्ल्यू मोटोराड के लिए अभी तक की सर्वश्रेष्ठ वार्षिक बिक्री (जनवरी-दिसम्बर) दर्ज करके 2023 में अपनी धमाकेदार सफलता जारी रखी है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 14ए172 कारें (बीएमडब्ल्यू और मिनी ) और 8ए768 मोटरसाइकिलों (ठर्ड मोटोराड) की डिलिवरी की। बीएमडब्ल्यू की 13, 303 यूनिट्स और मिनी की 869 यूनिट्स बिकी। साल की बंदी उत्साह के साथ हुई क्यूंकि सभी तीन ब्रांड्स ने चैथी तिमाही के लिए अपनी उच्चतम बिक्री - बीएमडब्ल्यू 4,306 +41:त्र मिनी 287 (+54त्र) बीएमडब्ल्यू मोटोराड 1,990 (+3त्र) दर्ज की। 2023 की चैथी तिमाही बीएमडब्ल्यू और मिनी के लिए अभी तब की सबसे बढ़िया तिमाही भी थी।%



## ओप्पो ने रेनो11 सीरीज़ पेश की

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओप्पो इंडिया ने अपनी रेनो सीरीज़ का लेटेस्ट संस्करण, रेनो11 प्रो 5जी और रेनो11 5जी लॉन्च किया है। इन दोनों डिवाइस में ओप्पो की प्रोप्राइटरी टेक्नोलॉजी, जैसे विस्तृत व सूक्ष्म फ़ोटोग्राफ़्स के लिए हाइपरटोन इमेज इंजन, बैटरी को चार साल से ज़्यादा समय तक चलने की क्षमता देने के लिए बीएचई (बैटरी हेल्थ इंजन), सुरक्षित और तेज चार्जिंग के लिए सुपरवूकज्जरू तथा बैकग्राउंड में बिना लैग और बिना अटके लगभग 30 ऐप्स एक साथ चलाने के लिए डिज़ाइन किया गया ट्रिनिटी इंजन है। रेनो11 प्रो 5जी का मूल्य 39,999 रुपये है, और यह 18 जनवरी 2024 से बिकना शुरू होगा, जबकि रेनो11 5जी दो स्टोरेज वैरिएंट्स में 25 जनवरी 2024 से 29,999 रुपये (128ळ्ठ) और 31,999 रुपये (256ळ्ठ) में उपलब्ध होगा। ये सभी स्मार्टफोन फ्लिपकार्ट, ओप्पो ई-स्टोर और मेनलाइन रिटेल आउटलेट्स पर मिलेंगे।



## हेसला रेलवे भूमिगत मार्ग के अंदर 12 चक्का हुई खराब, लोग रहे परेशान

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसला रेलवे लाइन भूमिगत मार्ग के नीचे शनिवार सुबह 12 चक्का ट्रक जेएच02 एडी 7115 खराब हो गया। जिससे अरगड्डा-नईसराय मुख्य मार्ग पर चलने वाले वाहनों को भी परेशानी हुई। लोगों ने बताया कि रेलवे पटरी मार्ग से गुजरने में वाहनों के चक्के फंसते हैं। जबकि रेल आने पर बैरियर बंद होने के दौरान अक्सर लोग समय की बचत करते हुए हेसला रेलवे भूमिगत मार्ग का ही उपयोग करते हैं। इसके कारण लोगों को सड़क से गुजरने में भी काफी परेशानी हुई। समाचार लिखे जाने तक वाहन बनाने का प्रयास जारी था।

## बिंझार में रामगढ़ पुलिस ने क्राइम चेकिंग अभियान चलाया

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा-नईसराय मुख्य सड़क के बिंझार में शनिवार को रामगढ़ पुलिस पीसीआर दल के द्वारा वाहनों की जांच पड़ताल की गई। इस दौरान चार व दो पहिया वाहनों की डिक्की को पुलिस जवानों ने खंगाला। बताया गया कि क्राइम जांच के उद्देश्य से यह अभियान चल रहा हैं। मौके पर रामगढ़ पुलिस के जमादार समेत जवान शामिल थे।

## दुलमी प्रखंड के सिरु निवासी पुर्व मुखिया हरिवंश महतो के श्राद्धकर्म में कई नेता शामिल हुए

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के सिरु निवासी पुर्व मुखिया हरिवंश महतो के श्राद्धकर्म में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री योगेंद्र महतो पुर्व सांसद रामटहल पुर्व विधायक ममता देवी पुर्व विधायक शंकर चौधरी शामिल हुए। उपस्थित गणमान्य जनों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सहित बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता शामिल हुए। उपस्थित जनों ने कहा कि पुर्व मुखिया हरिवंश महतो के आकस्मिक निधन से उन्हें गहरा दुःख हुआ है, पर नियति के आगे हम सब विवश हैं। बताते है कि हरिवंश महतो सिरु पंचायत मुखिया भी रहे थे। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश मुखिया प्रमेश्वर पटेल हेमंत महतो प्रमेश्वर महतो सुनिल महतो सर्वेश महतो संदीप कुमार करमंचद महतो राहुल महतो दुधेशवर महतो बृजमोहन महतो आदि ।

## 14 जनवरी को लाखोंलता मायल,15 को कुंदरुकला बगलामुखी धाम टुसू मेला का भव्य आयोजन होगा

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के चितरपुर प्रखंड अंतर्गत मायल पंचायत के लाखों लता मेला में मकर संक्रांति के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह लोकसभा के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी शामिल होंगे इस मौके पर झारखंड का लोक संस्कृति का त्यौहार मकर संक्रांति एवं टुसु महोत्सव के अवसर पर मेला के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से संस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन किया जाएगा, जबकि रामगढ़ प्रखंड के कुंदरु कला पंचायत अंतर्गत बंगलामुखी बगलामुखी धाम पर 15 जनवरी को उड़ीसा के लोक नृत्य कलाकार उर्मिला महतो एवं अन्य दर्जनों कलाकारों एक नागपुरी गीतों द्वारा व जाने-माने कलाकारों के टीम द्वारा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा झारखंडी लोक परंपरा और संस्कृति का त्यौहार मकर संक्रांति पर, मांडू विधानसभा रामगढ़ विधानसभा एवं गोमिया विधानसभा के हजारों हजार की संख्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाने हजारों हजार संख्या मे पास पुरुष के क्षेत्रीय ग्रामीण शामिल होंगे दोनों स्थलों पर मेला की तैयारी पूरी कर ली गई है इस मौके पर कुंदरु कल मकर संक्रांति मेला महोत्सव के मुख्य संरक्षक धनेश्वर महतो मुखिया किसुन राम मुंडा मेला समिति के अध्यक्ष मोहराय एवं सचिव मिसीर लाल महतो द्वारा उक्त जानकारी दी गई ।

## भाकपा माले ने 16 जनवरी को महेंद्र सिंह की शहादत दिवस को लेकर तैयारी बैठक किया आयोजित

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा माले द्वारा शनिवार को अरगड्डा एरिया स्तरीय बैठक अरगड्डा में एक बैठक संपन्न हुई। भाकपा-माले रामगढ़ जिला में विकेंद्रीत रुप से महेंद्र सिंह की शहादत दिवस मनाई जाएगी। इसको लेकर सभी प्रखंडों, क्षेत्रों में तैयारी चल रही है, जिसमें आज अरगड्डा की बैठक में विचार-विमर्श किया गया कि चुंबा,बुमरी,हेसला, अरगड्डा, सिरका,टोंगी व मरार पंचायत के गांव-गांव, टोला-मुहल्ला,चौक-चटी, बाजार में ग्राम बैठक, नुक्कड़ सभा के माध्यम से भाजपा हटाओ-देश बचाओ, शहीदों के सपनों का भारत बनाओ के नारों के साथ स्थानीय क्षेत्र के आम जन की समस्याओं को लेकर बातों को रखना,पोस्टरींग करना, दिवाल लेखन करना झंडा बैनर के साथ प्रचार-प्रसार करना हैं। जबकि 16 जनवरी को एक मार्च करते हुए अरगड्डा मोड़ पर हजारों की संख्या में सभा का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, जयनंदन गोप, कुलदीप बेदिया,लालचंद बेदिया, कांति देवी,रामबृक्ष बेदिया, लाका बेदिया, प्रयाग बेदिया,सरयू बेदिया, चन्द्रिका राम, छोटेलाल दास समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बंद पड़ी उरीमारी खान एवं उससे सटे शनिवार बाजार के समीप डिस्पेंसरी को शिफ्ट किया जाए : राजू यादव



**उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में शनिवार को राष्टीय कोलियरी मजदूर यूनियन व विस्थापित संघर्ष मोर्चा के संरक्षक राजू यादव के नेतृत्व में कमिटी के सभी पदाधिकारियों ने बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किया। वहीं राजू यादव व सभी कमिटी के पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक अजय सिंह को बुके देकर नव? वर्ष की शुभकामनाएं दी।वहीं इस मुलाकात के दौरान राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने उरीमारी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न समस्याओ से महाप्रबंधक अजय सिंह को अवगत कराया। जिसमें उरीमारी के डिस्पेंसरी अस्पताल को बंद पड़ी 1,2,3,4 खदान व उससे सटे शनिवार बाजार के समीप शिफ्ट कर दिया जाए, जिससे तीनों परियोजना में कार्यरत कर्मी, क्षेत्र के लोग व विस्थापित ग्रामीणों को इलाज कराने में सहुलियत हो, उरीमारी क्षेत्र में गर्मी के दिनों में पीने का पानी कि विकट समस्या पर विषेश ध्यान आकर्षित कराया गया एवं डिप बोरिंग कर समरसेबुल मशीन से पेय जलापूर्ति कराने की मांग की गई। तो वहीं दुसरी ओर शनिवार बाजार से थाना होते हुए उरीमारी परियोजना कार्यालय तक एवं उरीमारी चेक पोस्ट से नीचे मदरसा कालोनी तक व सी टाइप क्वार्टर से मेंन रोड तक बदहाल सडक को पक्की सड़क बनाने की मांग की गई। वहीं महाप्रबंधक से मुलाकात में मुख्य रूप से विसमो सचिव महादेव बेसरा, मांझी हडाम सीताराम किस्कू,डा जीआर भगत, लालू महतो,कंचन मांझी,कानू मरांडी, बाल्मिकी यादव, गणेश राम, सतीश कुमार, महेन्द्र सिंह, विश्वनाथ मांझी,रवि पावरीया,अजय कुमार मिश्रा आदि लोग उपस्थित थे।

## मांडू प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न पंचायत में सांसद मध योजना से योजनाओं की अनुशंसा की



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न पंचायत में सांसद मध योजना से योजनाओं की अनुशंसा की है जो इस प्रकार है 1, मांडू प्रखंड के नारायणपुर में सामुदायिक भवन का निर्माण प्रकलित राशि 15 लाख 2, मांडू प्रखंड रामगढ़ नगर परिषद वार्ड नंबर चार दिग्वार दुर्गा मंदिर के समीप पेबर ब्लॉक का निर्माण एवं शौचालय का निर्माण प्रकलित राशि 12 लाख 3 , मांडू ओरला तालाब में घाट का निर्माण प्रकलित राशि 10 लाख 4, मांडू बड़गांव अशोक टोला मंदिर से लेकर बसंत साहू के घर तक पीसीसी पथ निर्माण प्रकलित राशि 7 लाख 5, मांडू सेवटा राजकीय मध्य विद्यालय के परिसर में फाइबर ब्लॉक का निर्माण प्रकलित राशि 5 लाख 6, सेवटा शिव मंदिर के परागण में फाइबर ब्लॉक का निर्माण प्राकृतिक राशि 5 लाख 7, मांडू कुजू पश्चिम रिकिशन क्लब में शौचालय का निर्माण प्रकलित राशि 5 लाख 8, पांडू गुज्जू पश्चिम बस्ती मैं शमशान सेड एवं कपड़ा बदलने कमरा का निर्माण प्रकलित राशि 5 लाख 9, मांडू नावाडीह में सामुदायिक भवन का निर्माण प्रकलित राशि 5 लाख 10, कुज्जू पश्चिमी मुरपा बस्ती में दुर्गा मंदिर के समीप फाइबर ब्लॉक का निर्माण प्रकलित राशि 5 लाख 11, मांडू बड़गांव तुलसी महतो के घर से कुशवाहा क्लब तक नाली का निर्माण प्रकलित राशि 3 लाख 12, मांडू नावाडीह स्नान घाट का निर्माण प्रकलित राशि 2 लाख13, मांडू बड़गांव में स्नान घाट का निर्माण प्रकलित राशि 2 लाख 4, मांडू छोटकी डुंडी घटिया बर नाला में स्नान घाट का निर्माण प्रकलित राश 2 लाख 15, छोटकी डुंडी कपर फुटवा नगुलवा में स्नान घाट का निर्माण प्रकलित राशि 2 लाख मांडू कुजू पश्चिम केबी गेट कॉलोनी में कुआं के समीप डीप बोरिंग का निर्माण होना है उक्त आश्य की जानकारी भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के द्वारा दिया गया।

## शांति निकेतन के दशवी कक्षा के छात्र छात्राओं को समारोह पूर्वक विदाई दी गई



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के शांति निकेतन विद्यालय बगरैया में विदाई समारोह का आयोजन शुक्रवार शाम को किया गया। विदाई समारोह में सत्र 2023-2024 के मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाले वर्ग दशम के छात्र-छात्राओं को उपहार देकर विद्यालय से भावभीनी विदाई दी गई। वहीं विदाई समारोह के दौरान विद्यालय के निदेशक नरेश करमाली ने कहा कि विद्यार्थी का मैट्रिक परीक्षा ही जिंदगी का पहला पड़ाव होता है। वहीं इस मौके पर शांति निकेतन विद्यालय के प्राचार्य दिनेश करमाली ने कहा कि अनुशासन ही देश को महान बनता है। वहीं इस मौके पर विधालय के शिक्षक रंजीत करमाली, राजेन्द्र राम, पिंटू कुमार, बिनोद मांझी, सुशील कुमार, अंजली कुमारी, अर्चना कुमारी, सुरज कुमार, पूनम सरोज किंडो, संगीता कुमारी, सेवामुनी टुडू, सोनी कुमारी, पुनम भारती, सुमन हांसदा, राजू बेसरा, विजय बास्के, विकास करमाली, सचिन मुर्मू, वर्षा कुमारी, नेहा मुर्मू, दिनेश मांझी, महेंद्र प्रजापति, खुशबू कुमारी, प्रभात बेसरा, शिल्पा सोरेन, अनु कुमारी राणा, श्रवण कुमार, नरगिस कुमारी, केशव मुंडा, कृति मुर्मू, सुजल कुमार, मनोज गिरी, कुमकुम कुमारी, राहुल हेम्ब्रोम, विकास उरांव, सोनी कुमारी, जय किस्कू, अंजू कुमारी, बबीता सोरेन, रोहित हांसदा, सुमित भोक्ता, ओमप्रकाश बेदिया, साहिल कुमार, अमन सोरेन, मोनो कुमारी, निर्भय बहादुर, चंदन बेसरा,विशाल कुमार सिंह, कुलदीप बेदिया, अनिता सोरेन, पूजा कुमारी, रवि कुमार, अमित सिंह तामरीन खान सहित विधालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## सिटीजन फॉर्म पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह धूमधाम से आयोजित



**गिद्दी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिटीजन फॉर्म पब्लिक स्कूल गिद्दी ए के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जी के जन्म जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी डाड़ी अनु प्रिया , विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी गिद्दी ए सुधीर साव उपस्थित थे। बताया गया कि राष्ट्रीय युवा दिवस बीते 12 जनवरी से 17 जनवरी तक मनाया जाना हैं। इसी के तहत कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम में पहले प्रखंड विकास पदाधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति किया। अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डाड़ी के द्वारा छात्राओं का विशिष्ट मार्गदर्शन किया गया। बच्चों को अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए खुद से सवाल पूछने पर जोर दिया गया।

## डीएवी गिददी में लोहड़ी व मकरसंक्रांति को लेकर बच्चों के बीच पतंगोत्सव कार्यक्रम आयोजित



**गिददी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी गिद्दी ए में लोहड़ी और मकरसंक्रांति के शुभ अवसर पर पतंगोस्त्व का आयोजन किया गया।इस अवसर पर वर्ग एलकेजी से दो तक के विद्यार्थियों के द्वारा पतंग बनाने और सजाने की प्रतियोगिता हुई। वर्ग तीन से सात तक और वर्ग नवम से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए पतंग उड़ाने कि प्रतियोगिता हुई।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनप्रीय चटर्जी ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि मकर संक्रांति का त्योहार प्रकृति का अद्भुत त्योहार है जिसमे प्रकृति द्वारा प्रदत्त नए फसलों के लिए भगवान सूर्य का आभार प्रकट किया जाता है। यह त्योहार भारत में विविधता में एकता का प्रतीक हैं क्योंकि इसे भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में अलग अलग नाम से जानते हैं। उन्होंने सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को लोहड़ी तथा मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दीं।

## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव को लेकर तीसरे दिन निकाली गई प्रभात फेरी



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 17 तारीख को साहब श्री गुरु गोविंद सिंह साहब जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए रामगढ़ शहर में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से प्रभात फेरी आरंभ की गई है।संगत पियो पावल खंडेदार हुए जन्म सोहेला,निर्मल रसना अमीर पियो सदा सुहेले घर ले जियो, गोबिंद मिलन की एह तेरी बरिया, हम ऐसे तू ऐसा माधो हम ऐसे तू ऐसा आदि सब्दो से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया ।प्रभात फेरी मै गुरूद्वारा के मीत प्रधान सरदार अमरजीत सिंह सैनी, रघुबीर सिंह छाबड़ा,जोगेंद्र सिंह जग्गी राजा कालरा, तेजिंदर सिंह सोनी, पपिंदर सिंह खंबे,त्रिलोचन सिंह जस्सल, हरजीत सिंह,इकबाल सिंह, कमल जस्सल,जसमीत कौर सोनी, सूमी जोली, गुरबख्श सैनी,मनमोहन सिंह लांबा, गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी गुरजीत सिंह, बबल छाबड़ा,सतपाल सिंह सलूजा बिट्टू लांबा रामगढ़ के मशहूर शाबाद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा कवल जीत सिंह लांबा नवलजीत कौर मल्होत्रा, लवली लांबा,बलविंदर कौर।


**ADVERTISEMENT FOR THE POST FOR APPOINTMENT OF PRINCIPAL OF NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL**

Ref. No. 03/NVS/2024 Date :12.01.2024

**In Continuation to Advertisement No. 01/2023**
**NETARHAT VIDYALAYA SAMITI, NETARHAT**

**Netarhat Vidyalaya**, a Jharkhand State Government's premier Senior Secondary Residential School located at a beautiful Netarhat plateau, nearly 160 km from Ranchi, has been widely known for imparting quality education and all-round development of the boys for the past 70 years. This school has since been granted autonomy and is being administered by Netarhat Vidyalaya Samiti - a Society registered under the Societies Registration Act, 1860. Netarhat Vidyalaya Samiti the Hon'ble Education Minister of the Jharkhand State, the Chairperson of the Samanya Nikay proposes **to appoint Principal** for this school on contract basis, for five years, tenure.

**A. The detail of Vacancy is as under:**
**Principal- 1 (One)**
**B. Age: as on 1stJanuary 2024: Minimum - 45 years, Maximum - 55 years.**
**C. Eligibility and Pay Scale**

| *Name of Post : Principal* | Academic Qualifications | |
|---|---|---|
| | Mandatory | Desirable |
| Pay Scale- PB-IV, Rs. 37400-67000, Grade pay Rs. 8700/- (Level 13 as per 7th CPC will be given) Special Pay: As per Jharkhand Govt. Rule Rent free furnished accommodation + Staff Vehicle. | 1.Master's Degree with at least 50% marks from a University recognized by the U.G.C. 2.At least 15 years teaching experience in a Senior Secondary / Plus 2 School out of which at least 5 years experience as House Master / Warden Or 5 years experience in school administration as Principal/ Vice-Principal/Head Master of a Senior Secondary / Plus 2 Residential School. | 1.Should have respect for Traditional Indian Culture of Gurukul System. 2.Should have keen interest in Sports, Extracurricular activities for all round personality development of students in a residential environment. |

D. The Executive Committee of Netarhat Vidyalaya Samiti reserves the right to Cancel / Amend the appointment process of advertised post at any time without assigning any reason and no claim will be admissible against this.
E. (a) On the basis of qualifications and experiences, candidates will be short listed and will be called for interview.
(b) The candidates will be selected on the basis of their qualifications, experience etc, and performance in the interview.
(c) The incomplete/ unsigned applications and applications without certified /attested copies of requisite certificates will be rejected.
F. Before being appointed, he is required to appear before the Medical Board duly constituted by the Executive Committee and declared medically fit by the Board.
G. Initially the appointment will be on probation for one year. On satisfactory completion of the probation period, the contract will be extended for another four years.
**H. Application Fee: Rs. 1000/-(One thousand)**
(Application Fee accepted by **Online SBI Collect portal** through Credit Card/Debit Card/Internet Banking/Challan. Information related to which on the Vidyalaya website Available at **www.netarhatvidyalaya.com**.
I. **How to apply-** Candidate Printed self-LTI and signed copy of the online application Clear and readable self-attested copy of all the desired certificates as per printed application by registered post/speed post and immediately sent to the Samiti office Of addresses" **Chairman, Netarhat Vidyalaya Samiti, MDI Building Campus, HEC, Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand** " will ensure to submit the same by 5:00 PM on 17.02.2024. It is mandatory to write in bold letters On the sealed envelope, super scribe "**Advertisement No.01/2023**" and "**Name of the post-Principal**". Applications sent through any other medium will not be accepted. Applications received after the last date will be rejected and the Samiti will not be responsible for this at all. Incomplete / applications received after 24th **February, 2024** will not be entertained. The candidates already in service should apply through proper channel. The forwarding authority of such application shall send the attested copies of Annual Confidential Reports of the applicant(s) for the last 3 years along with the application. A certificate to the effect that no disciplinary proceeding/vigilance cases/judicial proceedings are contemplated/ pending against the candidate should also be given in the forwarding letter. **The online application available on Vidyalaya website www.netarhatvidyalaya.com.**
**J. This advertisement will be governed by the decision of case number WPC/1977/2023 filed in the Honorable High Court of Jharkhand.**
**K. In view of Continuation to advertisement No.01/2023(Ref. No.08/nvs/2023, Dated:03.04.2023), Candidates who have already applied need not apply again.**

sd/-
Chairman
Executive Committee,
Netarhat Vidyalaya Samiti, Ranchi

PR 315962 Human Resource Developement(23-24).D



**कार्यालय उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा**
**(खनन शाखा)**

**खरौंधी थाना पंचायत भवन चन्दनी के पुराना भवन में विभिन्न काण्डों में जप्त बालू का निलामी हेतु आम सूचना।**

ज्ञापांक 37 / एम0 दिनांक 12.01.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिला अन्तर्गत थाना प्रभारी खरौंधी के ज्ञापांक 27 / 2024 दिनांक 06.01.2024 के द्वारा पुराना खरौंधी थाना (पंचायत भवन चन्दनी) के परिसर में अवैध रूप से परिवहन के कम में बालू खनिज कुल मात्रा–1340 घनफीट को विभिन्न वादों में जप्त कर रखा गया है। झारखण्ड लघु खनिज समानुदान नियम–2004 (यथा संशोधित) के नियम 54(A) के तहत् आम नीलामी दिनांक 29.01.2024 को समय 3:00 बजे अपराह्न में उपायुक्त, गढ़वा के निदेशानुसार अपर समाहर्त्ता, गढ़वा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सम्पन्न होगी। भण्डारण का विवरण लोक निलामी की प्रकिया एवं शर्तें निम्नवत है :–

| कम सं0 | भंडारित बालू के स्थल का विवरण | भण्डारित बालू खनिज की मात्रा (घनफीट में) | सुरक्षित जमा राशि (रूपये में) @ Rs. 7.50/ cft | प्रतिभूति राशि (रूपये में) (सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | खरौंधी अंचल अन्तर्गत पुराना थाना परिसर खरौधी थाना। | 1340 | 10050.00 | 1005.00 | |

**नीलामी हेतु शर्तें निम्नवत हैं :–**

1. नीलामी में भाग लेनेवाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था भारत के नागरिक होगें तथा उनके पक्ष में गढ़वा जिलान्तर्गत कोई निजि/ आवास योजना निर्माण/विकास कार्य आवंटित/गढ़वा जिलान्तर्गत खनिज अनुज्ञप्तिधारी हो।
2. नीलामी में भाग लेनेवाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिए नीलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, गढ़वा के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा। अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिया जाएगा। सफल डाकवक्ता को (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति की राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जाएगा।
3. भण्डारित बालू की निलामी राशि का एक मुश्त भुगतान Online खनन शीर्ष में होगा।
4. नीलामी में बोली गई उच्चतम डाक की राशि का 10 प्रतिशत में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति पर उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर नीलामी वाले राशि को बैंक ड्राफ्ट/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा।
5. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से दो दिनों के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा।पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर की डाक वक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जाएगा, एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जाएगा।
6. नीलामी के उपरान्त उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात् ही सफल डाक वक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समानुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत आदेश, समक्ष पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जाएगा।
7. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से एक माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरान्त अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जाएगा।
8. बन्दोबस्ती के पश्चात् बालू का प्रेषण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहुंच पथ वगैरह के कारण या किसी अन्य कारण वश निलामी धारी, निलामी किये गये बालू का प्रेषण नहीं कर पाते हैं, तो इसकी पूरी जिम्मेवारी निलामी धारी की होगी तथा भुगतान की गई राशि के विरूद्ध किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
9. अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समानुदान नियमावली 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
10. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/वैसे संस्था जो झारखण्ड सरकार अन्तर्गत किसी विभाग में निर्माण कार्य (Construction Works) हेतु निबंधित है या मनरेगा/नरेगा अन्तर्गत भेण्डर के रूप में निबंधित एवं सकिया तथा कियाशील है। दिनांक 27.01.2024 को समय 05:00 अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय गढ़वा में निम्नांकित वांछित कागजातों (स्वअभिप्रमाणित) के साथ आवेदन दाखिल कर सकते हैं। उक्त निर्धारित तिथि/समय के पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएगें।
(i) सुरक्षित जमा का 10 प्रतिशत राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में।
(ii) पासपोर्ट साईज फोटो की दो प्रति।

आवेदन के साथ इस आशय का शपथ–पत्र जमा करना होगा कि खनन विभाग से संबंधित/भुगतान बकाया लम्बित नहीं है। खनिज के अवैध भण्डारण/उत्खनन/परिवहन के विरूद्ध में किसी न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है और न ही उक्त से संबंधित किसी न्यायालय में मामला लम्बित नहीं है।

जिला खनन पदाधिकारी, गढ़वा — उपायुक्त, गढ़वा

PR 315970 Mines and Geology(23-24).D

# नवजात की मौत के बाद चैताडीह मातृत्व अस्पताल में परिजनों ने किया हंगामा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह ज़िले के चेताडीह स्थित मातृत्व अस्पताल में एक नवजात की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

वही चिकित्सक और वहां के कर्मियों पर सही तरीके से इलाज नहीं करने का आरोप लगाया। बताया गया की सदर प्रखण्ड के चेंग्राबासा निवासी अभिषेक वर्मा की पत्नी सिमरन कुमारी को पेट में दर्द होने के बाद परिजनों ने सुबह पांच बजे अस्पताल में भर्ती करवाया। लगभग नौ बजे के आसपास नवजात का कुछ भाग प्रसव के दौरान बाहर निकल आया और यह एक बजे तक थोड़ा सा ही निकला रहा। इस बीच जब परिजनों ने कर्मियों से बात की तो अपने हो जायेगा की बात कह कर छोड़ दिया। वहीं सिमरन कुमारी भी दर्द से कहार रही थी। अंत में परिजन बगल जनता हॉस्पिटल ले गए जहां प्रसव हुआ लेकिन नवजात रो नही रहा था। इसके बाद पुनः सदर अस्पताल चेताडीह ले जाया गया। जहां नवजात की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने सही समय पर डीलेवरी नहीं कराने और लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

## ग्लोबल स्कूल आफ इंडिया ने मनाया स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर ग्लोबल स्कूल आफ इंडिया मैं राष्टीय युवा दिवस मनाते हुए बच्चों ने स्वामी विवेकानंद को याद किया और उनके दिए गए मार्गदर्शन को दोबारा से दोहराया। स्वामी विवेकानंद के राष्टीय, अंतरराष्टीय ख्याति और उपलब्धियां को सौरभ कनौजिया, वर्षा कुमारी, मेहविश नाज़ व अन्य छात्र-छात्राओं और भाषण के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। उनकी प्रतिछाया पर पुष्प अर्पित कर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ एस खालिद, चेयरपर्सन डॉ निखत परवीन और प्रधानाचार्य विद्या सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय में फुटबॉल मैच बालिका और बालक वर्ग के लिए आयोजित किया गया। बालिका ग्रुप में टीम ब्रेव ब्लू और टीम येलो फ्लेमिंगो के बीच मुकाबला हुआ जिसमें विजेता रही टीम ब्रेव ब्लू। बालक वर्ग में टीम स्पेस रेबेल और टीम गोल्डन जोकर के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें विजेता टीम रही - ग्रुप स्पेस रिबेल। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ एस खालिद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के द्वारा दिए गए मार्गदर्शन पर अगर युवक चले तो देश का नव निर्माण निश्चित है।

## पार्षद प्रत्याशी सद्दाम हुसैन ने किया कंबल वितरण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने धनबाद अंचल अधिकारी के माध्यम से वार्ड संख्या 18 में 110 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। मुख्य अतिथि के रूप में भूली थाना प्रभारी महेश चंद्र एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर सचिव अबू तारिक उपस्थित हुए। सद्दाम हुसैन ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना काफी सराहनीय है। इस योजना के तहत हर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है ताकि ठंड से उन्हें बचाया जा सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में अलाउद्दीन खान, जुबेर अंसारी, सद्दाम अंसारी, आतिफ अंसारी, मो शहजाद आलम, साकिब अंसारी, मिस्टर खान, आशिक साह आदि लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में नामांकन की प्रक्रिया शुरु



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई, धनबाद में सत्र 2024-25 के लिए तीसरे चरण के नामांकन की प्रक्रिया आज से आरंभ हो गई। इस चरण के नामांकन हेतु कक्षा नर्सरी से कक्षा नवीं तक कुल 95 आवेदन को चिन्हित कर उन्हें बुलाया गया। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने सभी अभिभावक एवं उनके बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि एक अच्छा माहौल और अच्छी शिक्षा देना हमारा कर्तव्य एवं धर्म है। यहाँ योग्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्मार्ट क्लासरूम, नृत्य शाला, खेल मैदान एवं एम्यूजमेंट पार्क आदि की भी अच्छी व्यवस्था है।अभिभावकों को स्कूल के बच्चों द्वारा लगाए गए विज्ञान प्रदर्शनी एवं फ्लावर शो काफी आकर्षित किया तथा उन्हें बच्चों की मौलिकता एवं रचनाशक्ति भी दिखाई दी। इस नामांकन प्रक्रिया का परिणाम आगामी 16/01/2023 को सुबह 10 बजे घोषित किया जाएगा।

## भाजपा कार्यकर्ता के भाई का निधन, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने किया श्रद्धांजलि अर्पित



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के पेशम पंचायत के ग्राम सुईयाडीह निवासी भाजपा कार्यकर्ता नारायण वर्मा के बड़े भाई सुखदेव महतो जो जिला उपायुक्त कार्यलय से सेवानिवृत्त कर्मी थे, जिनका कल शाम को आकस्मिक निधन हो गया था। घटना की जानकारी मिलते हीं बगोदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो उनके पैतृक निवास पर पहुंचकर पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ हीं मृत आत्मा की शान्ति हेतू एक मिनट का मौन धारण किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन,सांसद प्रतिनिधि जिला प्रशासन देवनाथ राणा, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचन्द कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया टुपलाल वर्मा,रंजीत राय, प्रवीन प्रभाकरराज कुमार वर्मा, राजू वर्मा, हरिदेव वर्मा, पंकज, नकुल राय, नीलमणि सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एएसआई झारखण्ड चैप्टर ने किया कंबल वितरण

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के पंदना टांड मे रह रहे आदिम



बिरहोर परिवार के बिच ए एस आई झारखण्ड चैप्टर और सरिया चैम्बर और कॉमर्स के द्वारा आदिम जनजाति परिवार के बिच लगभग 150 कम्बल का कितरण किया इस बाबत डॉ राजेश कुमार ने बताया की आज कम्बल वितरण के दौरान इस लोगो के चेहरे पर मुस्कान देखी गई जो बेहद सुकूनदायक है। ठंड के वजह से लोगो को दिक्कत होती है ।

## प्रधानमंत्री आगमन को लेकर बदला अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद का समय



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वामी विवेकानंद की जयंती दिवस पर युवा महोत्सव के अवसर पर धनबाद के भाजपा सांसद पशुपतिनाथ सिंह, बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समिरन दत्ता, धनबाद विधानसभा के लोकप्रिय विधायक राज सिन्हा एवं आचार्य विद्वान संत मंच में उपस्थित होकर युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। मंच का संचालन राजभाषा अधिकारी एवं बीसीसीएल अधिकारी दिलिप सिंह ने किया। उपरोक्त अवसर पर कोयला भवन के अनेकों अधिकारी गण उपस्थित थे। साथ में सुरेश चन्द्र तिवारी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष एवं हिंदी परिषद के मुख्य सचेतक एवं बीसीसीएल के आफिसर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष भवानी बंदोपाध्याय आदि उपस्थित हुए। कोयला नगर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। ज्ञात रहे अंतरार्ष्टीय हिंदी परिषद की आगामी 27 जनवरी को अंतर्राष्टीय हिंदी परिषद का सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया था। किंतु समाचार पत्रिका के माध्यम से पता चला है कि उपरोक्त तिथि को धनबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा कार्यक्रम है।

## गादी श्रीराम पंचायत में सरकारी योजना में गड़बड़ी

### उपायुक्त को दिया गया लिखित आवेदन, पूरे पाईप में है लीकेज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह जिले मव भाकपा माले की टीम के द्वारा श्रीरामपुर पंचायत के सचिव सनातन साहू और माले नेता सोनू रवानी ने कहा की पूरे इलाको में सरकारी योजना में लूट है या तो जो योजना है उसको आधा अधूरा बनाया गया है। उसी की जांच करने माले की टीम मुस्लिम टोला पहुंची तो देखा कि पूरा गांव में कीचड़ फैला है। इधर लोग परेशान है जल आपूर्ति के लिए जो योजना लगाई गई है उससे पूरा टोला में पानी बहते रहता है। वही लोकल प्रतिनिधि को बार बार बताया जा रहा है । किंतु लेकिन वोट के समय एक्टिव रहते है। इसी को देखते हुए माले के टीम ने उपायुक्त को लिखित आवेदन दिया है। इधर माले के विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने कहा कि पूरे जिले में लुटेरा प्रविति हावी है।योजना में कोई पकड़ने वाला नहीं है जानते है जांच होगा तो घुस देकर जांच ठीक हो जाता है। इसलिए लुटेरे जम कर लूट रहे है। उन्होंने कहा कि जिनको भी अपनी आवाज बुलंद करनी हो माले का हाथ थामे हिम्मत से बोल पाएंगे, दूसरी पार्टियों में आपको ताकत नहीं दी जाती है। मौके पर उपस्थित मो सिराज, अलउद्दीन, अरमान, मुमताज, शौकत अली, सलीम, अयूब, धोनी, छोटू के साथ दर्जनों लयोग उपस्थित थे।

## क्लैट की परीक्षा में सफल तस्कीन अख्तर को जवाहर बाल मंच ने किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** ऊपर कुल्ही, झरिया निवासी तस्कीन अख्तर ने क्लैट इंटरएन्स परीक्षा में सफल हो कर पूरे धनबाद जिले का नाम रौशन किया है। उक्त बातें जवाहर बाल मंच, धनबाद के डिस्ट्रिक्ट चीफ कोऑर्डिनेटर, साहिर खान ने कहीं। ज्ञात हो कि तस्कीन अख्तर क्लैट इंटरएन्स परीक्षा में पूरे झारखंड में दसवां स्थान हासिल कर शिक्षा जगत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर जवाहर बाल मंच, धनबाद की ओर से तस्कीन अख्तर को गुलदस्ता, डायरी-पेन और दीनी तालीम की किताब देकर सम्मानित किया गया। बातचीत के क्रम में



तस्कीन अख्तर ने बताया कि भविष्य में वह जज बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के विशेष आमंत्रित सदस्य मुख्तार खान, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक सचिव शाने रहमत, वरिष्ठ कांग्रेसी शेख अब्दुल्ला, धनबाद जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग उपाध्यक्ष मोहम्मद जुल्फिकार, झरिया नगर महामंत्री मीर फिरोज, वार्ड अध्यक्ष शेख सोहराब आदि शामिल थे।

### गिरिडीह में भाजयुमो ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

## युवाओं से मतदान कर मोदी को मजबूत करने की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** राष्टीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा गिरिडीह जिला इकाई के द्वारा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार राय के अध्यक्षता में क्रमशः विक्रमादित्य कोचिंग सेंटर, मंगलम मॉल, जीडी बगड़िया शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान गिरिडीह एवं कंप्यूटर वर्ल्ड गादी श्रीरामपुर में युवा मतदाता भारत के भाग्य विधाता विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तीनों शिक्षण संस्थानों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया



तथा वाद विवाद प्रतियोगिता में अपना विचार प्रकट किया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री सह प्रभारी आदरणीय अमित साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव सिंह गुड्डु, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री शंभू कुमार शर्मा एवं मिथुन चंद्रवंशी सहित शिक्षण संस्थानों के शिक्षक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अमित साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही देश के भाग्य विधाता हैं। भारत के नवनिर्माण में इनका बहुत बड़ा योगदान है; इसलिए आप सभी लोग अपना मत का प्रयोग अवश्य करें तथा सुयोग्य जनप्रतिनिधि को अपना मत देकर सत्ता एवं शासन की बागडोर दें। विशिष्ट अतिथि संजीव सिंह गुड्डु ने बताया कि युवा मतदाता अपने-अपने स्मार्टफोन में नमो ऐप जरूर डाउनलोड करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के विकास से संबंधित किए जा रहे कार्यो को देखें और अन्य युवाओं को शेयर करें।

## टेलीफोन एक्सचेंज रोड में 16 जनवरी से बहेगी श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की बयार



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भगवन प्रभु श्री राम के शुभ मंदिर के उद्घघाटन के शुभ अवशर पर मार्निंग वॉक योग ग्रुप व् स्थानीय लोगों के सहयोग से आगामी 16 जनवरी से 24 जनवरी तक टेलीफोन एक्सचेंज रोड में बैंक मोड़ पुलिस टीओपी के बगल में योग मैदान में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जायेगा।जिसका उद्घघाटन धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह करेंगे एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह होंगे।कार्यक्रम की शुरुआत 16 जनवरी से तुलसी भागवत नगर शोभा यात्रा से होगी जिसमे 251 महिलाएं सर पर तुलसी का पौधा लेकर नगर भ्रमण करेंगी, तत्पश्चात भागवत कथा का आरम्भ होगा। कथा व्यास सुरेंद्र हरिदास महाराज होंगे।

## महुदा में झारखंड का सबसे बड़ा मुर्गा लड़ाई, बावड़ी मेला संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिला अंतर्गत बाघमारा प्रखंड के महुदा से करीब 6 किलोमीटर दामोदर किनारे भादवाटाड में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखंड का सबसे बड़ा बावड़ी मेला लगा । जबकि यह आयोजन स्वत जनता के द्वारा किया जाता है। इस मेल में मुर्गा लड़ाई को प्रमुख रूप से दर्शाया जाता है ।इस मेल में मान्यता है की आदिकाल से इस मेला लगता आ रहा है और जबकि इस मेल में 13 जनवरी को अपने आप लोगों की भीड़ उमड़ना शुरू हो जाती है जो लगभग 1 से डेढ़ लाख लोग भीड़ जुटती हैं ।पर इस बार भीड़ कई हजारों में जुटी। पुरानी मान्यता के अनुसार पुष् माह के अंतिम समय में लोग गुड , आदि सामग्री के लिए बाजार हाट लगाया करते थे धीरे-धीरे समय बिता गया और यह मेला का रूप लेकर मुर्गा लड़ाई अखाड़ा बन गया। बताया जाता हैं की इस मेल में बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ रांची, एवं झारखंड के प्रत्येक जिले से लोगों का आधी रात्रि से आना शुरू हो जाता है। और यह लगभग शाम के वक्त स्वत खत्म होकर । लोग अपने-अपने घर झूमते चले जाते हैं। और दूसरे दिन मकर संक्रांति को लोग अपने घर में पकवान बनाकर दामोदर नदी के तल में जाकर बैठते हैं और नदी में स्नान कर पूजा पाठ करते हैं व मकर संक्रांति का उत्सव मनाते हैं। इसी समय टुसू का भी विसर्जन होता है जबकि झारखंड में टुसू का एक महत्व है यह झारखंडी संस्कृति है मौके पर महुदा थाना भाटडीह ओपी पुलिस मुस्तेद थी ताकि किसी प्रकार की विधि व्यवस्था उत्पन्न ना हो।

## बिरनी के अनमोल धरोहर प्रतिमनाथ से नजरें फेर रही है सरकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रकृति की गोद में बसे प्रतिमानाथ महादेव मंदिर क्षेत्र पर्यटन की असीमित संभावनाओं को अपने गोद में समेटे वर्षो से उपेक्षा का दंश झेल रहा है। हम बात कर रहे हैं, बिरनी प्रखंड क्षेत्र के बाराडीह पंचायत में स्थित कलकल बहती बराकर नदी के तट पर रमणीक और सौंदर्य वादियों के बीच विराजमान प्रतिमानाथ महादेव जो न सिर्फ धार्मिक आस्था अपितु पर्यटन व पिकनिक स्पॉट के दृष्टिकोण से अत्यंत उपयुक्त स्थल रहा है। आबादी क्षेत्र से दूर जंगलो के बीच बराकर नदी का तट जुलाई से मार्च तक सैलानियों को लुभाने हेतु सज कर तैयार रहने वाली इस मनोरम घाटी में 14 जनवरी को विशेष सक्रांति मेला का आयोजन होता है जहाँ लोहे की धातु से बनी पारंपरिक शस्त्र व कृषि उपयोगी वस्तुओं का क्रय और विक्रय करने के लिए दूर दराज से लोग आते हैं और मेले का आनंद उठाते है, साथ हीं सक्रांति के समय उत्तरवाहिनी बराकर नदी में स्नान कर महादेव की पूजा अर्चना करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार मान्यता है कि यहाँ स्वंभू शिवलिंग विराजमान है अर्थात इस मनोरम स्थल पर धर्म



और कर्म का एक अनूठा संगम है, जो शायद हीं कहीं देखने को मिलता है। हालांकि पर्यटन विभाग झारखंड सरकार के द्वारा 14 फरवरी 2022 को जारी अधिसूचना संख्या 02 सह पठित ज्ञापांक 178 में प्रतिमानाथ महादेव क्षेत्र को स्थानिक पर्यटन क्षेत्र घोषित किया गया है, परंतु अभी तक उपेक्षित कार्य नहीं हो पाया है। वहीं मानवाधिकार कार्यकर्ता राजेंद्र प्रसाद वर्मा ने कहा कि मैंने इस मनोरम स्थल को पर्यटन के रूप में विकसित करने हेतु पर्यटन मंत्री झारखण्ड सरकार को पूर्व में पत्र लिखा चुका हूं, जिसके फलस्वरूप मंत्रालय की और से पर्यटन स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है।

## पेशम मुखिया ने किया नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के पेशम पंचायत में 15 वीं वित्त के तहत बनने वाली एक नाली का शिलान्यास स्थानीय मुखिया रागिनी सिन्हा के द्वारा किया गया। आपको बता दें कि ग्राम पेशम में भोला बैठा घर से सतीश सिन्हा के घर तक नाली निर्माण कार्य होना है, जिसका उदघाटन किया गया । मौके पर पंचायत सचिव इंद्रजीत कुमार, मुखिया प्रतिनिधि गुड्डु सिन्हा, पंचायत स्वयसेवक मुकेश कुमार सिन्हा, प्रदीप रजक, दिलीप सिन्हा ,गौतम तर्वे, डब्लू तर्वे, अनिल पाण्डेय, प्रभु ठाकुर भोला यादव, राजो सिंह, मुकेश रजक, महेन्द प्रसाद, हेम लाता सिन्हा, लाबुक समिति अध्यक्ष प्रमिता सिन्हा , सचिव बिनय सिन्हा मिरा देवी राम रतन प्रसाद, राकेश सिन्हा, युगल मण्डल, बजरंगी राम आशिष तर्वे, मंदीप सिन्हा,रणधीर सिन्हा समेत कई ग्रमीण उपस्थित थे।

## महाप्रबंधक ने अधिकारियों संग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा आज मुख्यालय, हाजीपुर में एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस उच्चस्तरीय बैठक में सुगम रेल परिचालन, संरक्षा, यात्री सुविधा/ सुरक्षा, रेल विकास परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त पूर्व मध्य रेल की उपलब्धियों एवं भविष्य के लिए निर्धारित कार्ययोजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में अपर महाप्रबंधक तरूण प्रकाष, मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्ष, सोनपुर, समस्तीपुर, दानापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण



उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ महाप्रबंधक ने यात्री सुविधा, संरक्षा आदि से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की । इसके साथ ही बैठक में पांचों मंडलों की ओर से पावर प्वाईट प्रजेंटेषन के माध्यम से अपने-अपने मंडलों की उपलब्धियों एवं किये जा रहे कार्यो की जानकारी तथा निर्धारित लक्ष्य से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक ने आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यो की समीक्षा करते हुए इसे निर्धारित समय सीमा में पूरा करने पर बल दिया। उच्चाधिकारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने इनोवेषन के लिए प्रोत्साहित करते हुए पारंपरिक सोच के बदले नई सोच के साथ कार्य करने की सलाह दी ताकि प्रत्येक क्षेत्र में और बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। महाप्रबंधक ने विषेषकर पूर्व मध्य रेल में चल रही परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के साथ-साथ नई योजनाओं के कार्यान्वयन में नई तकनीक के प्रयोग पर बल दिया । संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि रेल परिचालन संरक्षा नियमों के पालन पर ही निर्भर है। संरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि रेल परिचालन की तकनीक अब काफी उन्नत हो गई है, इसलिए आधुनिक संरक्षा उपकरणों का प्रयोग करके रेल परिचालन में मानवीय भूलों की गुंजाईष को समाप्त करना हमारा मुख्य उद्देष्य होना चाहिए। उन्होंने गाड़ियों के समयबद्ध परिचालन पर जोर देते हुए इसमें और सुधार लाने पर बल दिया।

### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का होता है निवास : विधायक भूषण बाड़ा

# संत फ्रांसिस उच्च विद्यालय और आरसी. उत्क्रमित मध्य विद्यालय नानेसेरा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** संत फ्रांसिस उच्च विद्यालय और आरसी.उत्क्रमित मध्य विद्यालय नानेसेरा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उन्होंने मशाल जलाकर एवं झंडोत्तोलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। बच्चों को संबोधित करते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि शिक्षा हमारे मस्तिष्क का विकास करती है तथा हमें स्वस्थ बनाती है। लेकिन शिक्षा के साथ साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। बहुत पुरानी कहावत है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में खेलकूद एवं व्यायाम सबसे महत्वपूर्ण है। खेल से जहां अनुशासन स्थापित करने में सहायता मिलती है। वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों में संयम, दृढ़ता, गंभीरता, एकाग्रता, सहयोग एवं अनुशासन की भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेलकूद में होने वाली हार और जीत भी विद्यार्थियों को जीवन में सफलता- असफलता के समय संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। मौके पर बच्चों के बीच कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शारीरिक विकास के लिए खेलकूद भी अनिवार्य- जोसिमा खाखा वहीं पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि मस्तिष्क के विकास के लिए शिक्षा की आवश्यकता है। वहीं शारीरिक विकास के लिए खेलकूद भी अनिवार्य है। छात्र जीवन में तो खेलों का महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि मस्तिष्क के साथ-साथ शारीरिक शक्ति का होना भी अनिवार्य है। मौके पर प्रमुख सह प्रखंड अध्यक्ष रजत लकड़ा, वरीय उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, उप प्रमुख फोलोरा मिंज, केलिमेंट लकड़ा, प्रधानाध्यापक फादर रोशन टोप्पो, नीला नाग, पूर्व उप मुखिया एग्नासियूस डुंगडुंग, मारियानुश तिर्की, जबरिया लकड़ा सहित छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद थे।

# एमबी डीएवी विद्यालय में विज्ञान, कला व शिल्प प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में विज्ञान प्रदर्शनी सह रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञान का विशिष्ट रूप ही विज्ञान है समृद्ध ज्ञान और मनुष्य की सकारात्मक सोच ने आज के युग को विज्ञान योग बना लिया है। विज्ञान के सदुपयोग से एक ओर जहां मनुष्यों ने कई कठिन समस्याओं का हल निकाल लिया है वहीं दूसरी तरफ इसके दुरुपयोग ने न सिर्फ मानव जाति अपितु अन्य जीवों तथा प्रकृति के लिए भी नित नए संकट उत्पन्न कर रही है। विज्ञान के गुण दोषों की ऐसी ही मिली जुली झलक हमें विज्ञान प्रदर्शनी में देखने को मिलती है। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएवी झारखंड जोन बी के असिस्टेंट रीजनल ऑफिसर माननीय श्री एम के सिन्हा, के आगमन तथा डीएवी गान से हुआ। मुख्य अतिथि के अतिरिक्त नवोदय विद्यालय प्राचार्य ,डीएवी लातेहार प्राचार्य व डीएवी गुमला प्राचार्य भी शामिल हुए। तत्पश्चात माननीय प्राचार्य महोदय ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों,अभिभावकों का अभिनंदन किया। शिक्षक पी के सिन्हा के साथ अनुष्का आर्य व शुभांगिनी कुमारी के द्वारा मंच संचालन किया गया। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक के सहयोग से विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। शिक्षिका आरती कुमारी, पूनम सिंह,पल्लवी कुमारी,खुशबू कुमारी,ज्योति पांडे, रितु कुमारी,रीना रितिका,संगीता मित्तल,सोमित दास,रजनी प्रसाद व श्वेता कुमारी के सहयोग से विद्यार्थियों द्वारा तरह-तरह के नृत्य प्रस्तुत किए गए। नन्हे बच्चों द्वारा स्वच्छता अभियान, सोशल मीडिया का आधिकारिक प्रयोग इत्यादि के प्रति नृत्य के माध्यम से जागरूकता फैलाया गया। जूनियर डीएवी के नन्हे बच्चों को विविध कार्यक्रमों में प्रतिभागी बनने हेतु शील्ड प्रदान किए गए।

# अविराम के सचिव ने मुख्यसचिव से की मुलाकात क्षेत्र के विकास कार्यों पर की चर्चा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम संस्थान के सचिव इंद्रजीत कुमार ने एल ख्यांगते मुख्य सचिव से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास योजनाओं की जानकारी दी। एल ख्यांगते गृह,कल्याण आदि सचिव रह चुके है और अविराम के बागवानी, मत्स्य, एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर आदि कार्यों का निरीक्षण लोहरदगा जिले के बराटपुर, मराडीह, टिको लातेहार जिले के हुसुंभढोढ़ीकोना, बसारटोली, आदि गांवों में कर चुके है और अविराम के कार्यों की सराहना कर चुके है। सचिव इंद्रजीत कुमार ने बताया कि सर ने क्षेत्र के विकास के विषय में, योजनाओं के विषय में गहनता से बात की और अविराम संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्यों और अविराम कॉलेज आदि के विषय में जानकारी ली तथा ऐसे पिछड़े क्षेत्रों में बिना किसी सहयता के शिक्षा के लिए जो प्रयास किए जा रहे है उसे सराहा जिसके लिए इंद्रजीत कुमार को शुभकामनाएं दी।

# उपायुक्त ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में नियुक्ति को लेकर की बैठक

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय,हिरही में रिक्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु आवश्यक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में लिखित परीक्षा ओएमआर शीट पर लिये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, इसमें लिखित परीक्षा के लिए प्रश्न-पत्र तैयार करने व इंटरव्यू परीक्षा के लिए अलग-अलग निर्णायक समितियों का गठन किया गया। परीक्षा की तिथि निर्धारण का निदेश शिक्षा विभाग को दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एलआरडीसी सुजाता कुजूर, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच की बैठक केलाघाघ डैम परिसर सिमडेगा में आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ग्राम सभा मंच संयोजक अनूप लकड़ा द्वारा किया गया एवं स्वागत भाषण जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में अनूप लकड़ा ने कहा कि आज हमें जिला स्तर में ग्राम सभा मंच का गठन की जरूरत सरकार की ढुलमुल रवैया एवं कानून की अवहेलना करने के चलते पड़ रही है।अभी वर्तमान में सरकार द्वारा नए वन कानून लाये हैं- वन संरक्षण अधिनियम कानून 2023 एवं सामुदायिक वन पट्टा के नाम पर लॉलीपोप थमाने का कार्य कर रही है एवं विगत सरकार द्वारा लैंड बैंक बनाकर हमारी दखल कब्जे की सभी किस्म की जमीनों को डाल कर रखा गया है।लेकिन दुर्भाग्य अभी तक लैंड बैंक को रद्द नहीं करना संदेह के घेरे में रखा गया है। इस बैठक में सर्वसम्मति से श्री समर्पण सुरिन अध्यक्ष चुने गए। उपाध्यक्ष प्रफुल्ल बिलुंग, बिरबल बड़ाईक, सुशांत कुल्लू।सचिव-अमृत डांग। उप सचिव-प्रदीप किंडो। कोषाध्यक्ष-सुबरदानी लुगुन। उप कोषाध्यक्ष प्रिशिला डुंगडुंग। प्रेस मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार। सामाजिक सलाहकार-अनूप लकड़ा। कानूनी सलाहकार त्रोफिमुस लुगुन। राजनीति सलाहकार प्रो रोशन शांतिनंदन टेटे। टेक्निकल सलाहकार बेंजामिन लकड़ा। कार्यकारिणी सदस्य- जोशेफ हेरमन केरकेट्टा, एनेम केरकेट्टा, सलीना कुल्लू, राजेश टोप्पो, सिपरियन समद, नेल्सन तोपनो, जुनास तोपनो, शांतिएल बागे, मारियाना तोपनो, ध्यानचंद टोपनो, मरकुस कुजूर, अपलुस एक्का, हेमंत बाड़ा, अनिल तिर्की, मसिधानी खलखो, गंगाराम मांझी, रोष एक्का,बिदुरनाथ मांझी, त्रिलोकी कालो,मंगरु लोहरा,राजू गोंड,अशोक बागे,कलिंदर मांझी, बिक्रम मांझी,सुधीर कंडुलना चुने गए।

# रोहिंग्या के खिलाफ समाहरणालय के समक्ष 20 को महाधरना प्रदर्शन : नवीन कुमार टिंकू

**श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 14 से लेकर 20 तक सभी मंदिरों में चलेगा सफाई अभियान**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कुडू मंडल की पदाधिकारियों की आवश्यक मासिक बैठक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुडू में मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर तथा वंदे मातरम गायन के साथ किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू,ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय चौधरी उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने कहा कि आगामी कार्यक्रम जैसे 20 जनवरी 2024 को रोहिंग्या मुसलमान जो गैरकानूनी तरीके से क्षेत्र में रह रहे हैं उनके विरुद्ध महाधरना प्रदर्शन जिला समाहरणालय में करना है और 22 जनवरी को राम जन्मभूमि में भगवान राम का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभ-अवसर पर क्षेत्र के सभी मंदिरों,मंडपों का साफ-सफाई 14 जनवरी से 20 जनवरी तक करना है आदि विषयों के निमित्त कार्यकर्ताओं की 100त्न भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु दिशा निर्देश दिए। मौके पर जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र में जिस तरह रोहिंग्या मुसलमान अपना पैर पसार रहे हैं आने वाला समय में मूलवासी आदिवासी को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा इसका असर अभी से दिखने लगा है। हमारे लोग रोजी रोजगार से पीड़ित हो रहे हैं लोग पलायन को मजबूर हैं और ऐसे में विपक्ष के लोग वोट बैंक बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें संरक्षण दे रहे हैं यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं मौके पर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि रोहिंग्या मुसलमान देश की सबसे बड़ी समस्या बन गई है और इसका समाधान त्वरित नहीं किया गया तो इसकी बहुत बड़ी कीमत हम भारतीयों को ही चुकाना पड़ेगा,उन्होंने कहा केंद्र की मोदी सरकार ने इस विषय पर संज्ञान लेते हुए एक कानून बनाया एनआरसी लेकिन इस देश का दुर्भाग्य है कि विपक्ष कांग्रेस एवं उसके समर्थक दल इसे विवादों से घेरकर इस कानून को लागू नहीं होने दिया।

# पतंजलि के नेतृत्व में गुरुकुल शांति आश्रम में मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास जिला इकाई द्वारा कल दिनांक 14 जनवरी 2024 को स्थानीय गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में वैदिक मंत्रों के साथ हवन कर मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। जिसमें पतंजलि योग समिति, पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास, युवा भारत, सोशल मीडिया एवं अन्य प्रकल्पों के पदाधिकारी गण योगी योद्धा एवं अन्य अनुसांगिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन के उपरांत गुरुकुल के ब्रह्मचारियों के साथ पतंजलि एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि गण,सामूहिक रूप से दही,चूड़ा एवं तिलकुट का प्रसाद स्वरूप ग्रहण करेंगे।

# सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुरान कथा 15 जनवरी को कलश यात्रा के साथ होगा शुरु

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के शांतिनगर, किस्को मोड़, देवस्थल सूर्य मंदिर,लोहरदगा में भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है, जिसमे व्यास पं0अमर नाथ जी महाराज, वाराणसी के द्वारा किया जायेगा,साथ ही आचार्य पं0बंधीचर मिश्र, लोहरदगा ने लोगो को सूचना देते हुए कहा है की ईश्वर की असीम अनुकज्या एवं पूर्वजों का अपार स्नेह व आशीर्वाद से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा परायण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। उक्त शुभ अवसर पर भगवान तिलाचर श्री कृष्ण की मधुर कथा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधार कर अपने जीवन को कृतार्थ बनायें एवं इस आयोजन में आप सभी जिलेवासी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। जिसमे निम्नवत कार्यक्रम 15 जनवरी 2024 दिन सोमवार समय 09 बजे दिन मंगल कलश यात्रा 15 जनवरी दिन सोमवार से 21 जनवरी 2024 तक दैनिक पुजन व पारायण-प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा अपराहण 02 बजे से 05 बजे तक किया जाना है।ि जसमे भवदीय एवं मुख्य यजमान अशोक कुमार साहू व श्रीमती अनिता देवी एवं समस्त परिवार मथुरा दास लेन लोहरदगा से संपन्न किया जाएगा।

# मृतक पुलिस जवान को दी गइ अंतिम विदाई

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित न्यू पुलिस लाइन में मृत पुलिस जवान को श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दिया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है की मृतक पुलिस जवान राँची जिला के महुआजारी का रहने वाला था जो झारखण्ड पुलिस में धनबाद जिला पुलिस बल में पदस्थापित था। पुलिस मेंस एसोसिएशन के सचिव रूपनरायन महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमरा महली धनबाद पुलिस बल का जवान था जो 24 दिसम्बर को छुट्टी लेकर बेटी के घर आया हुआ था। जिसे तबियत खराब होने पर परिवार द्वारा शुक्रवार को इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ इलाज के दौरान पुलिस जवान सोमरा महली की मृत्यु हो गई। वही मृतक पुलिस जवान को मेजर सुरेश ओझा,सार्जेंट मेजर पपु कुमार द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा पुलिस मेंस असोसिएशन के अध्यक्ष,सचिव और पुलिस जवानों के द्वारा नम आँखों से श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। और अंतिम संस्कार के लिये मृतक पुलिस जवान का शव को पैतृक गाँव राँची जिला अन्तर्गत महुआजारी भेज दिया गया। मौके पर मेजर सुरेश ओझा,सार्जेंट मेजर पपु कुमार,एसोसिएशन के अध्यक्ष जेवियर लुगुन,सचिव रूपनरायन महतो सहित झारखण्ड पुलिस के जवान मौजूद थे।

# मातृशक्ति ने अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं निमंत्रण पत्र का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्री रघुवर जी के अवधपुरी में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इस निमित पतरा टोली बस्ती के महिलाओं के द्वारा वार्ड संख्या 6 में महिलाओं ने घर-घर जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं पत्रक एवं चित्र को वितरण किया गया। तथा दिनांक 22 जनवरी को अपने-अपने निकटतम मंदिर पर सुबह से ही भजन-कीर्तन,पूजा,भंडारा करने का निमंत्रण दिया गया। विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति की अगुवाई में आज अनुराधा देवी,र ामवती देवी, संतोषी देवी, गुंजन देवी, शीला देवी, सुमित्रा देवी, सोनी देवी एवं इंदु देवी उपस्थित थी। इन्होंने कहा की राम का काम आने वाले ही सच्चे मनुष्य होते हैं। अतः हम सभी बड़े ही सौभाग्य है कि भगवान प्रभु श्री राम के आज हम लोग काम आ रहे हैं। हम सभी को इसी तरह भक्ति भाव में लीन होकर 22 जनवरी का कार्यक्रम सफल बनाने का निवेदन किया गया।

# प्रेम सागर फाउंडेशन द्वारा करियर काउंसलिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रेमसागर फाउंडेशन की ओर से कक्षा 9वी 10वीं के लिए करियर काउंसलिंग की कार्यशाला प्रखंड कैरो स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उन विद्यार्थियों के भविष्य के निर्माण हेतु उनके करियर के चुनाव के बारे में वृहद स्तर पर बताया गया जो इस बार मैट्रिक के परीक्षा दे रहें ।विद्यालयों के लगभग 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने करियर काउंसलिंग कार्यशाला से लाभान्वित हुए। कार्यशाला के दौरान बहुत सारे बच्चों ने अपने-अपने भाव प्रकट किया और उन्होंने अपनी इच्छा जाहिर की कि वह भविष्य में क्या बनना चाहते हैं और उन्होंने यह भी बताया कि प्रेमसागर फाउंडेशन के तरफ से करियर काउंसलिंग की जो कार्यशाला आज कैरो क्षेत्र में चलाई जा रही है इससे निश्चित ही सैकड़ो बच्चों का उत्थान होगा तथा बच्चों ने प्रेमसागर फाउंडेशन में होने वाले और भी कार्यक्रमों की सराहना की और भविष्य में उनसे लाभान्वित होने की इच्छा प्रकट की। अंत में विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार ने प्रेमसागर फाउंडेशन से आए करियर काउंसलरों का धन्यवाद ज्ञापन किया और साथ ही प्रेमसागर फाउंडेशन संस्था को भी धन्यवाद किया। और यह भी आग्रह किया कि ऐसे ही कार्यक्रम प्रेमसागर फाउंडेशन की तरफ से भविष्य में हमारे क्षेत्र के और भी विद्यालयों में यह कार्यक्रम चलाया जाए जिससे कैरो के सभी विद्यार्थियों का भविष्य निर्माण हो सके। इस क्रायक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा से आई नियति दीदी जी थी इनके साथ में विक्रम कुमार गोवा से,विशाल कुमार विश्वास उत्तर प्रदेश से आए और भैया बहनों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी उपस्थित थी।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आज शनिवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम सड़क दुर्घटना में मृत व घायल मामलों की समीक्षा की गई। इसमें दिसम्बर माह में कुल 13 सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई जिसमें 11 मृतक हैं। वहीं 07 गंभीर रूप और 02 हल्के रूप से घायल थे। पुलिस विभाग को संबंधित थानों से प्रतिवेदन प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई कराने का निदेश दिया गया। नववर्ष में पिकनिक सीजन को देखते हुए पुलिस विभाग को ओवर स्पीड,ओवर लोडिंग,ड्रंक एंड ड्राइविंग मामलों में जांच अभियान चलाने का निदेश दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक द्वारा दिसम्बर माह 2023 में 177 मामलों में 3,99,800 रुपये दण्ड स्वरूप वसूल किये जाने की जानकारी दी गयी। पुलिस विभाग को हेलमेट पहनने के लिए सघन वाहन जांच चलाये जाने का निदेश पुलिस विभाग को दिया। एनएच,रांची को एनएच 143 और एनएच 143,त्न में झुकी डालियों को कटवाने हेतु वन प्रमण्डल लोहरदगा से समन्वय स्थापित किये जाने के निदेश पर डीएफओ द्वारा बताया गया कि 50 झुकी हुई पेड़ों को काटा जा सकता है। इस बिंदु पर उप विकास आयुक्त द्वारा पेड़ काटे जाने के पश्चात सड़क किनारे के पेड़ों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने हेतु पत्र लिखे जाने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद लोहरदगा को नवडीहा स्कूल के पास सोनार टोली में बने उच्च कलवर्ट को समतलीकरण हेतु निदेश दिया गया। अपर बाजार एवं सोमवार बाजार में सड़क पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई किये जाने व दंड वसूल किये जाने का निदेश दिया। इस क्षेत्र में अतिक्रमण संबंधी नियमित अभियान चलाने का निदेश दिया गया। कचहरी चौक व अन्य चौक-चौराहों पर नियमित अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाने का निदेश दिया गया। सिविल सर्जन लोहरदगा को गुड सैमरिटन में व्यक्ति को चिन्हित करते हुए व्यक्ति को दिए जाने वाले लाभ से लाभान्वित किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही ऐसे नामित व्यक्ति को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा दिसम्बर माह 2023 में छोटी-बड़ी गाड़ियों के सघन जांच से दण्ड स्वरूप वसूल किये गए राशि की जानकारी दी गयी। साथ ही 31 ऑनलाइन लाइसेंस सस्पेंड किये गए। उत्पाद विभाग द्वारा दिसम्बर माह तक कुल 193 मामलों में किये गए कार्रवाई की जानकारी दी गयी जिसमें कुल 3 लाख 83 हजार रुपये दण्ड स्वरूप वसूल किया गया है। उप विकास आयुक्त द्वारा सड़क पर हँड़िया-दारू का व्यवसाय करने वाली महिलाओं को जेएसएलपीएस के फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान से जोड़े जाने का निर्देश उत्पाद अधीक्षक को दिया गया।कार्यपालक अभियंता आर ई ओ को पूर्व में दिए गए सभी निर्देशों का अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं का आई-राइड पोर्टल में थाना व अस्पताल स्तर से इंट्री सुनिश्चित कराये जाने का निदेश द्धक्रष्ठ मैनेजर को दिया गया।

### पतंगबाजी प्रतियोगिता में नितेश उरांव बने विजेता

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में समरसता खिचड़ी व पतंग उत्सव आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में समरसता खिचड़ी और पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया? पतंग उत्सव प्रतियोगिता में नितेश उरांव ने प्रथम स्थान,अंकित उरांव ने द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान प्रियांशु उरांव ने प्राप्त किया। पतंग उत्सव प्रतियोगिता में मोहित कुजूर, अंकित तिग्गा, अंशु साहू की सहभागिता रही। कार्यक्रम में समरसता खिचड़ी के अंतर्गत सामूहिक रुप से खिचड़ी का आनंद लिया गया। अतिथि परिचय कराते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में विलुप्त हो रही पतंगबाजी के खेल को बढ़ावा देने के लिए इसकी प्रतियोगिता आयोजित की गई जबकि सभी प्रकार के भेदभाव मिटाकर आपस में एक होकर भारत को मजबूत बनाने के उद्देश्य से समरसता खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। मुख्य अतिथि कृष्ण प्रसाद जी ने भैया बहनों को मकर संक्रांति पर्व के बारे में बतलाया, उन्होंने कहा कि यह त्योहार गुड़ की मिठास, समरसता,दान का महत्व, तिल के तिलकुट का त्योहार है7 शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा कि यह त्योहार नए साल का पहला त्योहार है सभी धूमधाम से मनाते हैं। पुरस्कार वितरण अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि यह त्योहार हिंदुओं का बहुत ही पवित्र त्योहार है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, देवानंद महतो, डॉक्टर कुमुद कुमार, पुष्कर महतो, राघव राणा,धनेश्वर महतो, चंद्रशेखर प्रसाद,शिवशंकर प्रसाद, प्रो.परमानंद अग्रवाल, अजय कुमार मित्तल, धनेश कुमार महतो, मीरा देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ऋद्धि मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन स्नेहा शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओ,भैया- बहनों और कर्मी ने अहम भूमिका निभाई। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा की त्रैमासिक पत्रिका मनोहर अभिव्यक्ति के द्वितीय वर्ष के तृतीय अंक का विमोचन किया गया।

चलते चलते एक नजर

## उजाडने से पहले बसाने का काम करे निगम : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इस कड़ाके की ठंड में जगह-जगह पर गरीबों को एंक्रोचमेंट के नाम पर उजाड़े जाने को दुखद बताया। प्रथम महापौर ने कहा कि एंक्रोचमेंट को मैं भी गलत मानती हूं। लेकिन गरीबों को उजाड़ने से पहले प्रशासन को बसाने की पहल भी करनी चाहिए वरना कितना परिवार को भूखे सोना पड़ेगा। प्रथम महापौर ने बताया कि मैंने अपने कार्यकाल में वेंडर जोन के लिए 3.5 करोड़ की राशि मंगवाई है। जो अभी भी निगम में पड़ा है। जिससे स्टेट बस डिपो के बगल में खाली पड़ी भूमि, पूरनचंद सेतु से पहले टैक्सी स्टैंड, बड़ा तालाब के बगल में 60 डिसमिल भूमि जिसका वेंडर जोन बनाने हेतु नक्शा भी निगम में तैयार है। उपरोक्त सभी भूमि वेंडर जोन हेतु चिन्हित कर छोड़ी हूं। सिर्फ टेंडर करना है। निगम वेंडर जोन बनाने की त्वरित कार्रवाई करे और फुटपाथ वेंडर को बसाने का काम करे।

## सांसद के प्रयास से पाटन व छतरपुर में होगा कई सड़कों का निर्माण



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा पत्रांक 222/रांची दिनांक 02/11/2023 को पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पाटन एवं छतरपुर प्रखण्ड के अंतर्गत कुछ सड़कों के निर्माण की अनुशंसा केन्द्रीय अवसंरचना निधि अंतर्गत सचिव पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड के माध्यम से भारत सरकार से की गयी थी। अनुशंसा किए गए ये हैं- 1. पाटन प्रखण्ड के डूरही से बासाबार (बड़ईटोला) होते हुए चुड़ादोहीर तक पथ 07 कि0मी0। 2.छतरपुर प्रखण्ड के कुरकुट्टा मोड़ से कव्वल होते हुए बाधमारा तक पथ 07 किमी। 3.पाटन प्रखण्ड के पीडब्लूडी मुख्य से बरसौता-कांके-पाण्डेयपुरा-लोइंगा तक पथ 20 किमी। 4.पाटन प्रखण्ड के तिसीबार से बुड़ी-बुका-चेतमा-सरईडीह तक पथ (दो प्रखण्डों पाटन एवं नवडीहा बाजार को जोड़ने वाली सड़क) 25 किमी। 5.छतरपुर प्रखण्ड के पीडब्लूडी मुख्य पथ कुटियामोड़ से पाटन तक पथ (छतरपुर को पाटन को जोड़ने वाली पथ) 18 किमी। सांसद के उक्त पत्र के आलोक में दिनांक 8 जनवरी 2024 को उपरोक्त सड़कों का डीपीआर बनाने के लिए निविदा निकाल दी गयी है। शेष सड़कों के निर्माण की स्वीकृति भी शीघ्र प्राप्त होने वाली है। आशा है इन सड़कों के निर्माण के पश्चात पाटन-छतरपुर के लोगों के आवागमन में सुविधा होगी।

### संत मरियम विद्यालय में हुआ कैरियर गाइडेंस व काउंसलिग कार्यक्रम का आयोजन

# समय व निर्णय के बेहतर तालमेल से मिलती है सफलता : अविनाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** संत मरियम आवासीय विद्यालय के परिसर में विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के उपस्थित में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए शनिवार को करियर गाइडेंस व काउंसलिग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान करियर काउंसलर ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया। जहां मार्गदर्शक के रूप में मौजूद पलामू में अलग-अलग विषयों का श्रेष्ठ शिक्षक आर. एन. सिंह, मो.अजीम सर, यू.एस. चौबे, प्रवीण दुबे मौजुद थे।

मौके पर उपस्थित विद्यालय के चेयरमैन श्री देव ने बताया कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते उनके लिए निरंतर प्रयास करने पड़ते हैं। हमें यह तो पता है कि हमें क्या बनना है, लेकिन कैसे बनना यह मालूम नहीं है। आपकी लाइफ में महत्वपूर्ण क्या है, यह भी जानना बहुत जरूरी है। साथ ही बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि हम जब किसी समारोह में जाते हैं तो अपने आप को सजा-संवारकर जाते हैं। इसी प्रकार जब आप बोर्ड परीक्षा देते हैं तो आपको पढ़ाई हुई चीजें भी आपके दिमाग में विशेष प्रकार से सुसज्जित होनी चाहिए। साथ ही इन्होंने बताया कि आप सौभाग्यशाली हैं कि आपकी काउंसलिग होती है और आप उसकी सहायता से अपना सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र चुनाव कर सकते हैं, हमारे समय में ऐसा नहीं था। बता दु कि करियर चुनाव से पहले कुछ फैक्टर का जानना अति आवश्यक है, जिनमें कारण, वेतन, इज्जत, जॉब सिक्योरिटी, प्लेजर टाइम, हेल्थ ईशू, आत्मविश्वास व परिस्थिति आदि शामिल हैं।




**करियर काउंसलिंग मे छात्रों को मिला मार्गदर्शन:** कार्यक्रम में उपस्थित भौतिक विज्ञान के श्रेष्ठ शिक्षक आर. एन. सिंह ने छात्र छात्राओं को प्रेरणादायक सूत्र दिए, जिससे उनमें कुशलता और सीखने के प्रति रुचि उत्पन्न हो सके। वहीं, ग्रामीण अंचलों में शिक्षा को किस प्रकार और अधिक बेहतर बनाया जाए इसके प्रति जागरूक किया गया।

रसायन विज्ञान के शिक्षक मोहम्मद नाजिम ने बताया कि कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना ही सफल छात्र के गुण होते है। बिना लक्ष्य के किसी भी कार्य में सफलता नहीं मिलती है। इसी मौके पर उपस्थित यू.एस.चौबे ने बताया कि पढ़ाई को जितना हम कठिन समझते हैं वह वास्तविक में उतना कठिन नहीं होता है। यदि किसी भी विषय को अपने वातावरण से जोड़कर पढ़ेंगे तो खेल के जैसा लगने लगेगा। साथ ही मौके पर उपस्थित प्रवीण दुबे ने बताया कि बच्चे जब भी अपना करियर डिसाइड करते हैं तो वह अपने अंदर छुपी प्रतिभा को देखकर करियर डिसाइड नहीं करते बल्कि किसी और के कहने पर वह अपना निर्णय लेते हैं जिनका हजाना उन्हें बाद में भुगतना पड़ता है। कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन व काउंसलिग में बताए गए बिंदुओं को अपनाकर जीवन सफल बनाने के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम सफल बनाने में छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव कार्यक्रम का मेजबानी कर रहे हैं अमृत कौर , रोशन कुमार, श्याम कुमार के साथ - साथ समस्त कर्मचारीयों का योगदान रहा।

## लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी के मीडिया विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** भाजपा के प्रदेश कार्यालय में शनिवार को प्रदेश मीडिया कार्यशाला चार सत्रों में संपन्न हुआ। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मीडिया का रोल महत्वपूर्ण है। मीडिया विभाग अपने अस्त्र-शस्त्र के साथ तैयार रहे। मीडिया के साथियों को तथ्यपरक बातों से हेमंत सरकार के नाकामियों को उजागर करना है। उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस गलत तथ्य देकर लोगों को गुमराह करती रही है। इसे उजागर करना मीडिया विभाग का कार्य है। कांग्रेस के जमाने में मिट्टी तेल और कोयला के लिए लोग तरसते थे लेकिन मोदी सरकार ने घर-घर गैस देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मोदी



सरकार के सफल कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाना है। राज्य सरकार की नाकामियों पर सबको नजर रखना चाहिए। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार ने युवाओं, महिलाओं समेत प्रदेश की जानता को धोखा दिया है। भ्रष्टाचार में लिप्त हेमंत सरकार भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए कैबिनेट से फैसले ले रही है। केंद्रीय एजेंसियों को कैबिनेट से निर्णय लेकर रोकने का प्रयास कर रही है। ऐसी निकम्मी सरकार को पर्दाफाश करने के लिए मीडिया के साथियों को कमर कस लेना है।

**पार्टी के विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए मीडिया कार्यकर्ता कार्य करें : कर्मवीर सिंह:** मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी के वैचारिक योगदान के साथ आगे बढ़ना है। भाजपा जो कहती है वह करती है। पार्टी लाइन को ध्यान में रखकर अपनी बात रखनी है। तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अपनी बातें रखनी चाहिए। तार्किक बातों से प्रभाव छोड़ा जा सकता है। 2024 चुनाव में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। घर-घर तक मोदी जी के नेतृत्व में हुए कार्यों और मोदी की गारंटी पहुंचाना है। साथ ही हेमंत सरकार की विफलता भी सबके बीच रखना है।

## एबीवीपी द्वारा मेराल विद्यालय में रक्त समूह जांच शिविर आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेराल इकाई के द्वारा स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर जमा दो विद्यालय मेराल के प्रांगण मे रक्त समूह जांच शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित शिविर में मुख्य रूप से अभाविप झारखंड के प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी, जिला संयोजक गढ़वा विकास चंद्रवंशी उपस्थित थे। मौके पर शिविर को संबोधित करते हुए सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि अभाविप कार्यकर्ताओं द्वारा जिले के सभी महाविद्यालय एवं जमा दो विद्यालयों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसका उदेश्य सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों का रक्त समूह निःशुल्क जांच हो सके और जरूरतमंद लोगो को सहयोग कर सके इसके लिए प्रयासरत हैं।



उन्होंने कहा कि अभाविप कार्यकर्ताओं के माध्यम से हमेशा छात्र-छात्राओं के हित मे कार्य करती है। इन्ही कार्यो से अभाविप को विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन होने का गौरव हासिल किया है। जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने बताया कि अभाविप स्वामी विवेकानन्द जी को अपना आदर्श पुरुष मानकर उनके बताए गए सिद्धांत पर चलकर पूरे विश्व मे एक आंदोलन स्वरूप पहचान बनाई है। इसका श्रेय सभी विद्यार्थी को जाता है। स्वामी विवेकानन्द के बताए मार्ग पर आज के युवा को चलना चाहिए। कार्यक्रम में शामिल 200 छात्र-छात्राओं का रक्त जांच किया गया। इस मौके पर अभाविप कार्यकर्ताओं के साथ विद्यालय के प्राचार्य ललता पटेल, शिक्षक एवं मेडिकल टीम में प्रदीप कुमार, चंदन कुमार रवि आदि उपस्थित थे।

### 10 आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का केंद्रीय मंत्री ने किया लोकार्पण

## तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 20-20 आंतरिक बेड के वार्डों का भी हुआ लोकार्पण

**एजेंसी**

**लखीमपुर खीरी :** स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर खीरी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बनाए गए 10 आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण सीएचसी गोला पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी द्वारा किया गया। इस दौरान सीएचसी गोला, बांकेगंज और बिजुआ पर अतिरिक्त 20-20 बेड के वार्डो का भी लोकार्पण किया गया। जिनकी लागत करीब एक करोड़ 25 लाख रुपए है। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। सीएचसी गोला में आयोजित कार्यक्रम में सभी आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण किया गया। इस दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टैनी ने कहा कि सरकार ने गांव-गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का जो वादा किया था, वह भाजपा की डबल इंजन




की सरकार ने निभाया है। जिले में मेडिकल कॉलेज सहित ग्रामीण अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया गया है। इसी क्रम में 10 आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण हुआ है, जबकि गोला, बांकेगंज और बिजुआ में 20-20 बेड के अतिरिक्त वार्ड की व्यवस्था भी कर दी गई है और इसका शुभारंभ भी हो गया है। आम जनमानस तक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार का जो वादा था, वह आज हकीकत में बदल चुका है। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि गोला, बांकेगंज और बिजुआ में 20-20 बेड की अतिरिक्त वार्डों की व्यवस्था के साथ ही सीएचसी गोला के अंतर्गत कोटवारा और अहमदनगर में आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर का लोकार्पण हुआ है, सीएचसी बिजुआ के अंतर्गत बिजुआ पश्चिम, सहसपुर, छरासी और ताजपुर गांव में आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर की शुरुआत हो गई है।

### आयुर्वेदा फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का देशव्यापी राम

# मुसलमानों ने कहा : जय सियाराम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राष्ट्रवादी मुस्लिम संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने गुजरात की एक इंडिपेंडेंट रिसर्च एंड सर्वे कंपनी, आयुर्वेदा फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट÷ के माध्यम से देश के मुसलमानों के बीच अब तक का सबसे बड़ा सर्वे कराया। राष्ट्रव्यापी सर्वे को राम जन सर्वे का नाम दिया गया। सर्वे का मकसद था यह जानना कि श्री राम/ जय सिया राम/मर्यादा पुरुषोत्तम को लेकर मुस्लिमों की क्या राय है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के प्रति देश का मुसलमान क्या राय रखता है? जिस तरह मुसलमानों और इस्लाम की छवि को लेकर बात की जाती है, वह कितनी सही एवं न्यायोचित हैं? सर्वे में ये बात निकल कर आई कि राम जन-जन में और कण-कण में हैं। नरेंद्र मोदी भारत के सफलतम प्रधानमंत्री हैं। जिनकी बात भारत ही नहीं पूरी दुनिया सुनती और मानती है। सर्वे के दौरान अनगिनत मुसलमानों ने खुले दिल से कहा जय श्री राम। सर्वे में एक और बात निकल के आई कि वैसे



तथाकथित उलेमा, मौलाना और विपक्षी नेता जो इस्लाम के नाम पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने का प्रयास कर रहे हैं उनका पूर्णतः बहिष्कार होना चाहिए। सर्वे के विषय में विस्तृत जानकारी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने दी।

**सर्वे अध्यन दल:** आयुर्वेदा फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट के सर्वे का अध्ययन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजाल, शाहिद अख्तर, डॉक्टर माजिद तालीकोटी, महिला विंग की प्रमुख शालिनी अली, युवा एवं बौद्धिक प्रकोष्ठ के प्रमुख खुर्शीद रजाका, दिल्ली प्रांत के संयोजक हाजी मोहम्मद साबरीन, सह संयोजक प्रोफेसर इमरान चौधरी, गो सेवा, सेवा और पर्यावरण प्रकोष्ठ के संयोजक फैज खान, भारत फर्स्ट के संयोजक शिराज कुरैशी, इंदुस्तान फर्स्ट हिंदुस्तानी बेस्ट के संयोजक बिलाल उर रहमान एवं अन्य वरिष्ठों की टीम ने किया।

**सर्वे की जरूरत क्यों:** सर्वे की क्यों जरूरत इसलिए हुई क्योंकि भारत आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां एक लकीर खींचती हुई साफ दिखती है। और वो है हिंदू मुस्लिम में मेल, मिलाप, मिल्लत, मोहब्बत, एकता, अखंडता, एकरसता, समता, समानता और सौहार्द सदा बनाने वाली ताकत जो राम को आस्था का प्रतीक मानते हुए जन सेवा में लगी है।

## ज्ञान निकेतन बेलचंपा को हरा शान्ति निवास का बालिका वर्ग में खिताब पर कब्जा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के फाईनल में शांति निवास हाई स्कूल ने गत की विजेता टीम ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचंपा को छह विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास की अनन्या को पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह ने प्रदान किया। इस मौके पर गिरिनाथ सिंह ने कहा कि बेटियां कही से भी बेटे से कम नहीं है। शांति निवास स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर ज्ञान निकेतन को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम निर्धारित ओवर में सिमरन के 22 रन की बदौलत सात विकेट खोकर 65 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम ने दो ओवर शेष रहते अनन्या के नाबाद 27 रन की बदौलत चार विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह ने कहा कि आयोजकों ने बेटी को क्रिकेट खेलने के लिए जो प्लेटफार्म प्रदान किया है इसी की बदौलत आज बेटियां अपने खेल का प्रदर्शन कर रही हैं। इस प्रतियोगिता से निकलकर खिलाड़ी अपने गांव व देश का नाम रोशन करे। यदि अभिभावकों ने अपनी लडड़ी को क्रिकेट खेलने से रोका होता तो आज वे प्रदर्शन नहीं कर पाती। अब बेटियां अब अपना भविष्य बनाने के साथ आत्मनिर्भर बन सकती हैं। इस मौके पर अध्यक्ष मदन केशरी, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, अजीत सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी, अभय कुमार, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, मनीष उपाध्याय, रणजीत तिवारी, मनीष, अनिल कुमार, धीरज, मनोज तिवारी, प्रवीन मिश्रा, प्रिंस दुबे, संजू सिंह आदि शामिल थे।


